सच, सिर्फ सच

# वॉयस ऑफ लखनऊ

गुरुवार, 04 जून, 2026 | लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 150, पेज 12, 3.50 रुपये | www.facebook.com/volepaper | voiceoflucknow@gmail.com | www.voiceoflucknow.com



## सेंसेक्स में 304 अंकों की गिरावट

स्थानीय शेयर बाजार में गिरावट आयी और सेंसेक्स 303.67 अंक यानी 0.41 प्रतिशत टूटकर 74,346.17 अंक पर बंद हुआ। } 10

## एनईसी के पूर्ण सत्र की अध्यक्षता करेंगे अमित शाह

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह शिलांग में पूर्वोत्तर परिषद (एनईसी) के 73वें पूर्ण सत्र की अध्यक्षता करेंगे, जिसमें पर्यटन, कृषि, बागवानी और निवेश प्रोत्साहन सहित कई मुद्दों पर चर्चा होगी। } 10

# अंतिम चरण में भारत-अमेरिका व्यापार समझौता

## दोनों देशों में लगभग 99 प्रतिशत मुद्दों पर बनी सहमति

एजेंसी



मुम्बई। भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर ने बुधवार को कहा कि भारत-अमेरिका अंतरिम व्यापार समझौता लगभग 99 प्रतिशत पूरा हो चुका है और दोनों देश शेष एक प्रतिशत लंबित मुद्दों को सुलझाने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस बहुप्रतीक्षित समझौते पर अगले कुछ सप्ताह में हस्ताक्षर हो सकते हैं।

मुंबई में सिटी 2026 इंडिया कॉन्फ्रेंस में गोर ने कहा कि अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधिमंडल इस समय समझौते पर बातचीत के लिए भारत में है। एक अधिकारी के अनुसार, प्रस्तावित अंतरिम व्यापार समझौते के विवरण को अंतिम रूप देने के लिए भारत और अमेरिका के शीर्ष वार्ताकारों ने मंगलवार को तीन दिवसीय वार्ता शुरू की। समझौते का प्रारूप फरवरी में तैयार कर लिया गया था। अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व उसके मुख्य वार्ताकार ब्रेंडन लिंच कर रहे हैं, जबकि भारत की ओर से वाणिज्य विभाग में अतिरिक्त सचिव दर्पण जैन मुख्य वार्ताकार हैं। गोर ने कहा अंतरिम व्यापार समझौते का अधिकांश हिस्सा तय हो चुका ...शेष पृष्ठ 10 पर

# दुस्साहस करने वालों को पाताल से खोजकर निकालेंगे : योगी

## गरीबों का हक छीनने, व्यापारियों को धमकाने व बेटी की इज्जत से खिलवाड़ करने वालों को छोड़ेगी नहीं सरकार

जिला संवाददाता

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि विकास और उद्यम के लिए सुरक्षा सर्वाधिक जरूरी है। सुरक्षा के बिना न सुशासन आ सकता है और न ही समृद्धि। 2017 के बाद से सरकार अपराध और अपराधियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति के साथ आगे बढ़ी है। इस नीति से कोई समझौता नहीं किया जा सकता। जीरो टॉलरेंस की नीति न मानने वाले जिस बोली-भाषा में समझेंगे, उसी में समझा दिया जाएगा, लेकिन किसी को नौजवानों के रोजगार पर डकैती नहीं डालने दी जाएगी।

सीएम योगी बुधवार को गीडा (गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण) के सेक्टर-13 में 42.50 करोड़ रुपये की लागत से बने पूर्वी उत्तर प्रदेश के पहले और प्रदेश के दूसरे फ्लैटेड फैक्ट्री कॉम्प्लेक्स का लोकार्पण तथा गीडा में सेवायोजित कामगारों के लिए ईडब्ल्यूएस-



एलआईजी आवासीय परिसर का उद्घाटन करने के बाद जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने गीडा के विभिन्न सेक्टर्स के लिए करीब 208 करोड़ रुपये के 71 विकास कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने ईडब्ल्यूएस व एलआईजी भवन के आवंटियों को प्रमाण पत्र वितरित किए। औद्योगिक भूमि के आवंटियों को भी मुख्यमंत्री के हाथों आवंटन पत्र प्राप्त हुए। सीएम ने नाइलिट से प्रशिक्षण प्राप्त युवाओं को भी प्रमाण पत्र प्रदान किए। अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2017 के बाद से यूपी ने सुरक्षा का एक मॉडल उपलब्ध कराया है। इससे औद्योगिक विकास हुआ और लाखों नौजवानों को रोजगार मिला। अकेले गीडा में पिछले कुछ वर्षों में 50 हजार युवाओं को रोजगार मिला है। सुरक्षा का माहौल बने बिना यह संभव नहीं था। सरकार ने तय किया है कि विकास की प्रक्रिया सतत जारी रहेगी, सुरक्षा सबको मिलेगी और जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव सबको मिलेगा। पर, किसी ने गरीबों का हक छीनने की कोशिश की, व्यापारियों को धमकाने की कुत्सित प्रयास किया या बेटियों की इज्जत से खिलवाड़ करने का दुस्साहस किया तो सरकार छोड़ेगी नहीं। ऐसे लोगों को पाताल से भी खोजकर निकाल लाएंगे। यूपी में जीरो टॉलरेंस के भाव से यही कार्य किया जा रहा है। सीएम योगी ने ...शेष पृष्ठ 10 पर

# दिल्ली के होटल में आग, 21 की मौत

## ❍ 6 विदेशी नागरिकों की मौत ❍ 40 लोगों को इमारत से सुरक्षित निकाला बाहर

एजेंसी

नयी दिल्ली। दक्षिण दिल्ली के मालवीय नगर इलाके की एक तंग गली में स्थित एक होटल में बुधवार को भीषण आग लग गई, जिसमें कम से कम 21 लोगों की मौत हो गई। इनमें वे विदेशी नागरिक भी शामिल हैं, जिनके बीमार रिश्तेदारों का पास के अस्पतालों में इलाज चल रहा था। दिल्ली पुलिस ने मालवीय नगर स्थित उस होटल के मालिक लवकेश बजाज को गिरफ्तार कर लिया है।

मालवीय नगर के हौज रानी स्थित फ्लोरिश स्टे बी एंड बी में सुबह करीब 8:30 बजे आग लगी और देखते ही देखते फैल गई, जिससे लोग स्तब्ध रह गए। कई स्थानीय लोगों सहित बचावकर्मी पांच मंजिला संकरी इमारत में फंसे लोगों को बाहर निकालने के लिए मौके पर पहुंचे। लगभग 40 लोगों को इमारत से निकाला गया है। कई घायलों की हालत गंभीर होने के कारण मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली सरकार की बेड एंड ब्रेकफास्ट नीति के तहत होटल को केवल छह कमरों की अनुमति थी, लेकिन वह 25 कमरे का उपयोग कर ...शेष पृष्ठ 10 पर



### गैर इरादतन हत्या के आरोप में प्राथमिकी दर्ज

नयी दिल्ली। दिल्ली के मालवीय नगर में एक होटल में बुधवार को आग लगने के कारण 21 लोगों की मौत के संबंध में पुलिस ने गैर इरादतन हत्या के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। मालवीय नगर स्थित पांच मंजिला होटल फ्लोरिश स्टे बी एंड बी में बुधवार सुबह भीषण आग गई। मृतकों में कई विदेशी नागरिक भी हैं जो मुख्य रूप से मध्य एशिया और अफ्रीकी देशों के थे। पुलिस सूत्रों के अनुसार, फरार होटल मालिक के घर पर एक टीम भेजी गई। उन्होंने बताया ...शेष पृष्ठ 10 पर

### गोद में बच्चा लेकर महिला तीसरी मंजिल से कूदी

नयी दिल्ली। दक्षिण दिल्ली के मालवीय नगर में एक होटल की पांच मंजिला इमारत में लगी भीषण आग से जान बचाने के लिए अलग-अलग मंजिल से कई लोगों ने सड़क पर स्थानीय लोगों द्वारा बिछाये गये गद्दे पर छलांग लगा दी, जिनमें वह महिला भी शामिल थी, जिसकी गोद में एक बच्चा था।

मालवीय नगर के भीड़भाड़ वाले हौज रानी इलाके में स्थित होटल फ्लोरिश स्टे बी एंड बी में बुधवार सुबह आग लग गई, जिसमें कम से कम 21 लोगों की मौत हो गई और कई घायल हो गए। दिल्ली अग्निशमन सेवा, पुलिस और आपदा राहत इकाइयों की टीमें बचाव अभियान में लगी हुई थीं। इस दौरान कम से कम 10 पुलिसकर्मी घायल हो गए। घायल पुलिसकर्मियों को इलाज के लिए दिल्ली के एम्स अस्पताल ले जाया गया। घना काला धुआं निकलने और आग के तेजी से इमारत में फैलने के बीच घबराए हुए लोग खिड़कियों के शीशे तोड़ते, खुले स्थानों से बाहर झांकते और मदद के लिए गुहार लगाते नजर आए। सीढ़ियां और आंतरिक गलियारे धुएं से भर जाने के कारण, कई मेहमानों के पास इमारत से नीचे कूदने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आग से बचने के प्रयास में कम से कम छह लोगों ने इमारत की विभिन्न मंजिलों से छलांग लगा दी। इनमें एक ...शेष पृष्ठ 10 पर

# कैबिनेट निर्णय : सरकारी अधिवक्ताओं की फीस व भत्ते में 50 प्रतिशत तक वृद्धि

## 18 शहरों में 1725 एसी इलेक्ट्रिक बसें चलेंगी, जेवर एयरपोर्ट भी होगा कनेक्ट

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में बुधवार शाम आयोजित कैबिनेट बैठक ने खाद्य एवं रसद विभाग की मक्का क्रय नीति के साथ ही कारागार विभाग, सिंचाई विभाग, आबकारी विभाग, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति, कृषि व स्टांप एवं रजिस्ट्रेशन विभाग के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। सरकारी अधिवक्ताओं के भत्ते में बढ़ोतरी के प्रस्ताव को स्वीकृति दी गई। मक्का का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2400 प्रति कुंतल तय किया गया। मक्का की सरकारी खरीद की अवधि 5 जून से 31 जुलाई तक रहेगी और कई जिलों में मक्का खरीद की व्यवस्था लागू होगी। प्रदेश के 18 शहरों में ग्रॉस कॉस्ट कॉन्ट्रैक्ट (जीसीसी) मॉडल पर 1725 वातानुकूलित इलेक्ट्रिक बसों के संचालन के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गई। इस महत्वाकांक्षी योजना का उद्देश्य नगरीय परिवहन व्यवस्था को आधुनिक, सुरक्षित, पर्यावरण अनुकूल और यात्री सुविधाओं के अनुरूप बनाना है। कैबिनेट बैठक में विकास प्राधिकरण क्षेत्रों में जिला पंचायतों की ओर से स्वीकृत किए गए मानचित्रों के विनियमतीकरण तथा विकास क्षेत्र, विस्तारित विकास क्षेत्र एवं विनियमित क्षेत्रों में, जहां अभी महायोजना तैयार नहीं है, वहां मानचित्र स्वीकृति के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) निर्धारित किए जाने के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की है। मुख्यमंत्री शहरी विस्तारीकरण/नए शहर प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत आगरा, बरेली व प्रयागराज में नए शहरों के समग्र एवं सुनियोजित विकास के लिए धनराशि स्वीकृत करने और व्यय संबंधी प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गई। कैबिनेट में बंदियों की मृत्यु पर मुआवजे की नई नीति का हरी झंडी दी। जेल में बंदी की मृत्यु एवं मुआवजा भुगतान नीति को मंजूरी दी गई है। मोहनलालगंज में रजिस्ट्री दफ्तर के लिए जमीन मंजूर की गई और पांच जिलों में नई जेलों ...शेष पृष्ठ 10 पर



### पांच नये जिला कारागारों के निर्माण पर लगी मुहर

लखनऊ। कैबिनेट बैठक में प्रदेश के पांच जनपदों- मुरादाबाद, कानपुर नगर, औरैया, ललितपुर और भदोही में नवीन जिला कारागारों के निर्माण की परियोजनाओं को मंजूरी प्रदान की गई। इन परियोजनाओं पर 1460 करोड़ रुपये से अधिक की लागत आएगी। सरकार का उद्देश्य कारागारों में भीड़भाड़ कम करना, बंदियों के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना तथा कारागार प्रशासन को अधिक आधुनिक और व्यवस्थित बनाना है। निर्णय के अनुसार मुरादाबाद में 2000 बंदी क्षमता का नया जिला कारागार 386.91 करोड़ रुपये की लागत से, कानपुर नगर में 2030 बंदी क्षमता का कारागार 384.05 करोड़ रुपये की लागत से तथा औरैया में 1056 बंदी क्षमता का कारागार 264.96 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित किया जाएगा। इसी प्रकार ललितपुर में 552 ...शेष पृष्ठ 10 पर

### संक्षेप

#### रेलवे परिसर में बनी मजार व मस्जिद पर चला बुलडोजर

वाराणसी। वाराणसी में जिला प्रशासन ने काशी रेलवे स्टेशन परिसर के अंदर स्थित एक मजार और एक मस्जिद की इमारत को ध्वस्त करा दिया। आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को बताया कि यह कार्रवाई जमीन के मालिकाना हक को लेकर चल रहे एक विवाद में अदालत के आदेश के बाद मंगलवार की रात को की गई। अधिकारियों का दावा था कि यह जमीन रेलवे की है। मुस्लिम पक्ष के सदस्यों ने आरोप लगाया कि यह मस्जिद कई सौ साल पुरानी थी और अजगैब शहीद के नाम से जानी जाने वाली यह मजार भी इस जगह पर लंबे समय से मौजूद थी।

# आधुनिक और व्यवस्थित नगर विकसित राष्ट्र की आधारशिला

## सीएम धामी ने शहरी चुनौतियों पर की चर्चा



प्रमुख संवाददाता

ऋषिकेश (उत्तराखंड)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि भारत के शहर आज केवल आबादी के केंद्र नहीं, बल्कि आर्थिक विकास, सामाजिक परिवर्तन और सांस्कृतिक समृद्धि के प्रमुख वाहक बन चुके हैं। उन्होंने कहा कि स्वच्छता, सुगम यातायात, मजबूत आधारभूत ढांचा और नागरिक सुविधाओं से युक्त शहर ही विकसित भारत की परिकल्पना को साकार कर सकते हैं। अखिल भारतीय महापौर परिषद ...शेष पृष्ठ 10 पर

# ममता की तृणमूल कांग्रेस के हुए दो फाड़

## 58 बागी विधायकों ने रिताब्रता बनर्जी को चुना विधायक दल का नेता

एजेंसी

कोलकाता। तृणमूल कांग्रेस से निष्कासित नेता रिताब्रता बनर्जी ने बुधवार को कहा कि पश्चिम बंगाल विधानसभा के अध्यक्ष ने विधायक दल के रूप में मान्यता देने संबंधी तृणमूल कांग्रेस के बागी गुट की मांग को स्वीकार कर लिया है।

उन्होंने पार्टी प्रमुख ममता बनर्जी से इसके मुख्य सलाहकार के रूप में कार्य करने का अनुरोध किया है। यह घटनाक्रम, 58 बागी विधायकों द्वारा तृणमूल से निष्कासित नेता रिताब्रता बनर्जी को विधायक दल के नेता के रूप में समर्थन देने और विधानसभा अध्यक्ष रतींद्र बोस को अपने इस निर्णय से अवगत कराये जाने के बाद हुआ है।



विधानसभा अध्यक्ष से मुलाकात के बाद, रिताब्रता बनर्जी ने प्रेसवार्ता में कहा कि उनके खेमे ने तृणमूल कांग्रेस के चुनाव चिह्न पर निर्वाचित 58 विधायकों के हस्ताक्षर सौंपे हैं और अध्यक्ष ने हमारे दावे को स्वीकार कर लिया है। उन्होंने दावा किया कि पार्टी के विधायकों का स्पष्ट बहुमत अब उनके साथ है। उन्होंने कहा कि असंतुष्ट गुट सदन में वैध विपक्ष का प्रतिनिधित्व करता है। रिताब्रता बनर्जी ने कहा कि तृणमूल विधायक दल में 58 विधायकों की टीम है, जिन्होंने पार्टी के चुनाव चिह्न पर जीत ...शेष पृष्ठ 10 पर

# शिवकुमार ने ली कर्नाटक के मुख्यमंत्री पद की शपथ

एजेंसी

बेंगलुरु। कांग्रेस नेता डी. के. शिवकुमार ने पार्टी के प्रमुख नेताओं की मौजूदगी में बुधवार को कर्नाटक के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली।

राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने 64 वर्षीय शिवकुमार को लोक भवन के ग्लास हाउस में पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण के दौरान शिवकुमार हाथ में संविधान की प्रति लिए हुए थे। शपथ ग्रहण समारोह में पार्टी के वरिष्ठ नेता जी.परमेश्वर और 12 अन्य नेताओं ने मंत्री पद की शपथ ली। उन्होंने संविधान निर्माता बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर के नाम पर शपथ ली। परमेश्वर इस सरकार में



उप मुख्यमंत्री होंगे। उपमुख्यमंत्री परमेश्वर के अलावा जिन 12 नेताओं ने मंत्रीपद की शपथ ली उनमें केएच मुनियप्पा, के जे जॉर्ज, एमबी पाटिल, रामलिंगा रेड्डी, सतीश जारकीहोली, कृष्णा बायरेगौड़ा, प्रियंक खरगे, यू टी खादर, ईश्वर ...शेष पृष्ठ 10 पर



### आज का मौसम

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 36.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 26.04 डिसे. |

### भीतर पढ़ें

❍ टीजीटी परीक्षा में पकड़े गये 11 फर्जी परीक्षार्थी (पृष्ठ-02)
❍ यूपी का सूचना विभाग बना मिसाल (पृष्ठ-02)
❍ रुपया 31 पैसे कमजोर होकर 95.67 प्रति डॉलर (पृष्ठ-10)
❍ सोना बेचने की खबरें गलत, भंडार 880.52 टन (पृष्ठ-10)

विशेष खबर | केंद्रीय मंत्रिमंडल ने चार नयी सड़क परियोजनाओं को दी मंजूरी

# विमान ईंधन के दाम स्थिर बनाये रखने को 10 हजार करोड़ स्वीकृत

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को विमान ईंधन (एटीएफ) की कीमत स्थिर बनाये रखने के लिए 10,000 करोड़ रुपये के कोष की मंजूरी दी। इसका उद्देश्य पश्चिम एशिया संकट के कारण ईंधन की बढ़ती कीमतों से एयरलाइन कंपनियों को राहत देते हुए हवाई संपर्क को बनाये रखना और किराये में उतार-चढ़ाव पर अंकुश लगाना है।

आधिकारिक बयान के अनुसार, इस योजना के तहत सरकारी पेट्रोलियम विपणन कंपनियों (ओएमसी) को 10,000 करोड़ रुपये तक का ब्याज-मुक्त कर्ज दिया जाएगा। इससे वे घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए अनुसूचित भारतीय एयरलाइंस को स्थिर कीमत पर एटीएफ की आपूर्ति कर सकेंगी। वहीं एक अन्य निर्णय में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मध्य प्रदेश में 4,415.60 करोड़ रुपये की लागत वाली दो सड़क परियोजनाओं को बुधवार को मंजूरी दे दी। इन




परियोजनाओं के तहत राष्ट्रीय राजमार्ग-347बी के हिवरखेड़ी-रोशनी-आशापुर-रूढ़ी खंड को चौड़ा और उन्नत कर दो-लेन राजमार्ग में बदला जाएगा। इसके अलावा, देशगांव-जुलवानिया खंड को मौजूदा दो-लेन से चार-लेन सड़क में परिवर्तित किया जाएगा। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने तेलंगाना में 190.76 किलोमीटर लंबाई वाली दो प्रमुख राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं को बुधवार को मंजूरी दे दी। इनकी कुल लागत 7,597.16 करोड़ रुपये है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता वाली आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने एनएच-63 के आर्मूरजगतियालमंचेरियल खंड को हाइब्रिड एन्यूटी मॉडल (एचएएम) पर और एनएच-563 के जगतियालकरीमनगर खंड को बीओटी मॉडल पर चार-लेन में चौड़ा करने को मंजूरी दी। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बिहार में खगड़ियापूर्णिया खंड (एनएच-31 और एनएच-231) को चार-लेन राजमार्ग में उन्नत करने को बुधवार को मंजूरी दे दी। यह परियोजना बीओटी (टोल) मॉडल पर 3,936.05 करोड़ रुपये की लागत से विकसित की जाएगी। आधिकारिक बयान के अनुसार, इस उन्नयन से खगड़िया, भागलपुर, कटिहार और पूर्णिया ...शेष पृष्ठ 10 पर

# गाजीपुर : विनीत राय हत्याकांड का मुख्य आरोपी पुलिस मुठभेड़ में ढेर

विशेष संवाददाता

❍ एक लाख का ईनामी था मारा गया बदमाश

गाजीपुर। होटल कारोबारी के बेटे विनीत राय की हत्या में शामिल एक लाख का इनामी बदमाश कमलेश को पुलिस ने मुठभेड़ में मार गिराया। हत्याकांड में शामिल अन्य बदमाशों की तलाश में पुलिस जुट गई है। अष्टभुजी कॉलोनी निवासी होटल कारोबारी आलोक राय के पुत्र विनीत राय की बीते शुक्रवार देर रात होटल के गेट पर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मामले में 'कटरा गैंग' के सरगना शंकर पांडेय, आलोक दुबे, सोनू यादव, कमलेश चौधरी तथा तीन-चार अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। हत्यारोपियों पर डीआईजी रेंज वैभव कृष्ण ने 50-50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की चार टीमें लगाई गई थीं। एसटीएफ भी उनकी तलाश में जुटी थी। बाद में एडीजी जोन पीयूष मोर्डिया ने बदमाश कमलेश पर घोषित इनाम को बढ़ाकर एक लाख कर दिया था। सूत्रों के अनुसार, बुधवार देर शाम पुलिस को 50 हजार रुपये के इनामी कमलेश चौधरी ...शेष पृष्ठ 10 पर

# शहरों में 31 मार्च तक जिला पंचायतों से पास नक्शे होंगे वैध

## महायोजना विहीन क्षेत्रों में मानचित्र स्वीकृति के लिए बनेगी एसओपी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** योगी कैबिनेट ने विकास प्राधिकरण क्षेत्रों में जिला पंचायतों की ओर से स्वीकृत किए गए मानचित्रों के विनियमितीकरण तथा विकास क्षेत्र, विस्तारित विकास क्षेत्र एवं विनियमित क्षेत्रों में, जहां अभी महायोजना तैयार नहीं है, वहां मानचित्र स्वीकृति के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) निर्धारित किए जाने के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गई।

इस निर्णय से लंबे समय से लंबित एक महत्वपूर्ण प्रशासनिक और विकासात्मक समस्या का समाधान होगा। विकास प्राधिकरण क्षेत्रों में जिला पंचायतों द्वारा पूर्व में स्वीकृत किए गए मानचित्रों की वैधता को लेकर जो प्रश्न उठ रहे थे, उन्हें विनियमितीकरण के माध्यम से दूर किया जा सकेगा। इससे आम नागरिकों, भू-स्वामियों और निर्माणकर्ताओं को बड़ी राहत मिलेगी। कैबिनेट के निर्णय के अनुसार जिन विकास क्षेत्रों, विस्तारित विकास क्षेत्रों अथवा विनियमित क्षेत्रों की महायोजना अभी तैयार नहीं हुई है, वहां मानचित्र स्वीकृति के लिए एक स्पष्ट और मानकीकृत प्रक्रिया निर्धारित की जाएगी। इससे ऐसे क्षेत्रों में भी निर्माण कार्यों को नियमानुसार स्वीकृति मिल सकेगी और अनिश्चितता की स्थिति समाप्त होगी। प्रदेश सरकार ने स्पष्ट किया है कि इस मानक संचालन प्रक्रिया को लागू करने से राज्य सरकार पर किसी प्रकार का अतिरिक्त वित्तीय भार नहीं आएगा। वहीं इसके माध्यम से शहरी क्षेत्रों में सुनियोजित एवं सुव्यवस्थित विकास को



### आगरा, बरेली व प्रयागराज में नये शहरों के विकास को मंजूरी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में कैबिनेट बैठक में मुख्यमंत्री शहरी विस्तारीकरण/नए शहर प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत आगरा, बरेली व प्रयागराज में नए शहरों के समग्र एवं सुनियोजित विकास के लिए धनराशि स्वीकृत करने और व्यय संबंधी प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गई। इस निर्णय से प्रदेश में आधुनिक, सुव्यवस्थित और भविष्य की जरूरतों के अनुरूप नगरीय विकास को नई गति मिलेगी। प्रदेश सरकार की ओर से तेजी से बढ़ती शहरी आबादी को बेहतर आवासीय सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा शहरों के नियोजित विस्तार के उद्देश्य से मुख्यमंत्री शहरी विस्तारीकरण/नए शहर प्रोत्साहन योजना लागू की गई है। योजना के संचालन के लिए 6 अप्रैल 2023 को विस्तृत दिशा-निर्देश भी जारी किए गए थे। योजना के तहत नए शहरों के विकास के लिए भूमि अर्जन पर होने वाले व्यय का 50 प्रतिशत तक राज्य सरकार की ओर से सीड कैपिटल के रूप में अधिकतम 20 वर्षों के लिए उपलब्ध कराने का प्रावधान किया गया है। इससे विकास प्राधिकरणों और संबंधित एजेंसियों को बड़े पैमाने पर नगरीय अवसंरचना विकसित करने में सुविधा मिलेगी। वित्तीय वर्ष 2026-27 में इस योजना के लिए 3500 करोड़ रुपये का बजटीय प्रावधान किया गया है। इसी के अंतर्गत आगरा, बरेली व प्रयागराज में प्रस्तावित नए शहरों के विकास हेतु संबंधित अभिकरणों को कुल 355.06 करोड़ रुपये तक की सीड कैपिटल अनुमन्य की गई है। इसके सापेक्ष प्रथम किस्त के रूप में 225 करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान करते हुए धनराशि अवमुक्त करने का निर्णय लिया गया है।

### बंदियों की अप्राकृतिक मृत्यु पर मुआवजा नीति को मंजूरी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में उत्तर प्रदेश के कारागारों में निरुद्ध बंदियों की अप्राकृतिक मृत्यु के मामलों में मृतक बंदियों के आश्रितों अथवा निकटस्थ परिजनों को मुआवजा भुगतान के लिए उत्तर प्रदेश बंदी मृत्यु एवं मुआवजा भुगतान नीति बनाए जाने के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गई। नई नीति का उद्देश्य बंदियों के मानवाधिकारों की रक्षा, कारागार प्रशासन में पारदर्शिता तथा पीड़ित परिवारों को समयबद्ध राहत सुनिश्चित करना है। वर्तमान में बंदियों की अप्राकृतिक मृत्यु के मामलों में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, नई दिल्ली की संस्तुतियों के आधार पर मुआवजा भुगतान की व्यवस्था प्रचलित है। हालांकि इस प्रक्रिया में विभिन्न स्तरों पर अनुमोदन और औपचारिकताओं के कारण मृतक बंदियों के आश्रितों को मुआवजा मिलने में अपेक्षाकृत अधिक समय लग जाता था। इसी समस्या के समाधान के लिए योगी सरकार ने एक स्पष्ट और संस्थागत नीति बनाने का निर्णय लिया है। नई नीति के तहत कारागारों में निरुद्ध बंदियों की अप्राकृतिक मृत्यु होने पर उनके आश्रितों अथवा निकटस्थ परिजनों को निर्धारित मुआवजा राशि का भुगतान अधिक त्वरित और सुव्यवस्थित ढंग से किया जा सकेगा। इसके लिए विस्तृत दिशा-निर्देश भी जारी किए जाएंगे, जिससे सभी मामलों में एक समान और पारदर्शी प्रक्रिया का पालन सुनिश्चित हो सके।

## ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था लक्ष्य को नयी गति देगा यूपीआईटीएस का चौथा संस्करण

उत्तर प्रदेश को ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम के रूप में यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो (यूपीआईटीएस) 2026 का आयोजन किया जा रहा है। पिछले तीन संस्करणों की सफलता के बाद यह आयोजन अब उत्तर प्रदेश के उत्पादों, सेवाओं, तकनीक और नवाचारों को वैश्विक बाजार से जोड़ने वाला एक प्रमुख मंच बन चुका है। इसके माध्यम से प्रदेश के उद्योग, एमएसएमई, स्टार्टअप और निर्यात क्षेत्र को नए अवसर मिलने की उम्मीद है।

■ यूपीआईटीएस-2026 में 2400 से अधिक प्रदर्शकों के भाग लेने का अनुमान है, जबकि 85 देशों से 550 से अधिक अंतरराष्ट्रीय खरीदारों के आने की संभावना है। इसके अलावा 1.50 लाख से अधिक घरेलू बी-टू-बी खरीदार और लगभग 4.50 लाख आम नागरिकों की उपस्थिति का अनुमान लगाया गया है। यह आयोजन प्रदेश के उत्पादों को वैश्विक बाजार तक पहुंचाने के साथ-साथ निवेश और व्यापारिक साझेदारियों को भी नई ऊंचाई देगा। ट्रेड शो के दौरान 4000 से अधिक समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर होने की संभावना है, जिनका अनुमानित मूल्य 3200 करोड़ रुपये से अधिक हो सकता है। इसके अतिरिक्त 13,500 करोड़ रुपये से अधिक के संभावित व्यापारिक लीड और पूछताछ उत्पन्न होने का अनुमान है। इससे प्रदेश के एमएसएमई, ओडीओपी इकाइयों, निर्यातकों और उद्यमियों को व्यापक लाभ मिलने की उम्मीद है। करीब 1.10 लाख वर्गमीटर प्रदर्शनी क्षेत्र में आयोजित होने वाला यह मेगा आयोजन योगी सरकार की औद्योगिक, निर्यात और निवेश प्रोत्साहन नीतियों का प्रदर्शन भी करेगा। विभागीय अधिकारियों के अनुसार यह आयोजन प्रदेश को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय निवेशकों के लिए और अधिक आकर्षक बनाने के साथ-साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था के विजन को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

### यूपी ने डिमांड विद्युत आपूर्ति में कई बड़े राज्यों को पीछे छोड़ा

प्रदेश में भीषण गर्मी के बीच प्रदेशवासियों को निर्बाध और पर्याप्त बिजली उपलब्ध कराने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता का असर अब राष्ट्रीय स्तर पर भी दिखाई देने लगा है। डिमांड के अनुरूप बिजली आपूर्ति के मामले में उत्तर प्रदेश ने तमिलनाडु, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश सहित कई राज्यों को पीछे छोड़ दिया है और लगातार डिमांड बिजली आपूर्ति कर रहा है। फिलहाल प्रदेश में बढ़ती बिजली मांग के बावजूद उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (यूपीपीसीएल) उपभोक्ताओं को पर्याप्त बिजली उपलब्ध करा रहा है। प्रदेश में 2-3 जून की रात को 12:21 बजे 28,770 मेगावाट डिमांड बिजली आपूर्ति की गई। इसी तरह रात 1 बजे 28,321 मेगावाट, 3 बजे 26,830 मेगावाट डिमांड बिजली आपूर्ति की गई है। 3 जून की सुबह 6 बजे 23,459 मेगावाट, सुबह 9 बजे 22,452 मेगावाट, 10 बजे 24,074 मेगावाट, 11 बजे 24,897 मेगावाट और दोपहर 12 बजे 25,076 मेगावाट बिजली आपूर्ति की गई है। आंकड़ों के अनुसार 2 जून को उत्तर प्रदेश में 27,976 मेगावाट डिमांड बिजली आपूर्ति की गई थी। यह आंकड़ा कई बड़े राज्यों की तुलना में कहीं अधिक था। इसी दिन तमिलनाडु में 19,198 मेगावाट, कर्नाटक में 13,848 मेगावाट और आंध्र प्रदेश में 13,018 मेगावाट डिमांड बिजली आपूर्ति दर्ज की गई थी। वहीं केवल एक दिन ही नहीं बल्कि लगातार कई दिनों से उत्तर प्रदेश बिजली आपूर्ति के मामले में बेहतर प्रदर्शन कर रहा है। 1 जून को भी प्रदेश में 27,260 मेगावाट और 31 मई को 24,610 मेगावाट की डिमांड के अनुरूप बिजली उपलब्ध कराई गई थी। बढ़ती गर्मी और एयर कंडीशनर, कूलर व अन्य विद्युत उपकरणों के बढ़ते उपयोग के बावजूद प्रदेश की बिजली व्यवस्था स्थिर बनी हुई है। इससे आम उपभोक्ताओं, किसानों, व्यापारियों और औद्योगिक इकाइयों को बड़ी राहत मिल रही है। हालांकि हाल ही में प्रदेश के कई हिस्सों में आए आंधी-तूफान और बारिश के कारण कुछ स्थानों पर विद्युत व्यवस्था प्रभावित हुई थी। इसके बावजूद बिजली विभाग ने तेजी से काम करते हुए अधिकांश क्षेत्रों में आपूर्ति बहाल कर दी है। जबकि मऊ, गाजीपुर और सोनभद्र के कुछ इलाकों में अभी भी प्रभावित स्थलों पर मरम्मत और रखरखाव का कार्य जारी है। विभागीय टीमें लगातार फील्ड में मौजूद रहकर बिजली व्यवस्था को पूरी तरह सामान्य बनाने में जुटी हुई हैं। अपर मुख्य सचिव ऊर्जा और उप्र. पावर कारपोरेशन लिमिटेड के अध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार गोयल ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जहां भी बिजली आपूर्ति प्रभावित हो, उसकी सूचना तत्काल मीडिया और उपभोक्ताओं तक पहुंचाई जाए।

### मक्का खरीद नीति को मंजूरी, 25 जिलों में होगी एमएसपी पर खरीद

कैबिनेट बैठक में खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 (रबी फसल) के लिए मूल्य समर्थन योजना के अंतर्गत मक्का खरीद नीति को मंजूरी प्रदान की गई। सरकार ने मक्का का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 2400 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया है। कैबिनेट के निर्णय के अनुसार प्रदेश में मक्का खरीद 15 जून 2026 से 31 जुलाई 2026 तक की जाएगी। इसके लिए फिरोजाबाद, आगरा, मैनपुरी, अलीगढ़, कासगंज, हाथरस, एटा, बदायूं, शाहजहांपुर, रामपुर, संभल, बुलंदशहर, हापुड़, कानपुर नगर, औरैया, इटावा, कन्नौज, फरुर्खाबाद, हरदोई, उन्नाव, बहराइच, बलिया, गोंडा, फतेहपुर और मिजार्पुर कुल 25 जनपदों में 150 क्रय केंद्र स्थापित किए जाएंगे। खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के लिए प्रदेश में 25 हजार मीट्रिक टन मक्का खरीद का कार्यकारी लक्ष्य निर्धारित किया गया है। किसानों से खरीद कंप्यूटरीकृत सत्यापित खतौनी, आधार कार्ड एवं फोटोयुक्त पहचान पत्र के आधार पर की जाएगी। इसके साथ ही भूमि और बोए गए रकबे का सत्यापन भूलेख पोर्टल से ऑनलाइन कराया जाएगा। योगी सरकार ने किसानों को त्वरित भुगतान सुनिश्चित करने के लिए व्यवस्था की है कि क्रय एजेंसियों द्वारा खरीदे गए मक्का का मूल्य पीएफएमएस पोर्टल के माध्यम से किसानों के आधार लिंक एवं एनपीसीआई मैप्ड बैंक खातों में यथासंभव 48 घंटे के भीतर हस्तांतरित किया जाएगा।

### मोहनलालगंज में बनेगा नया उप निबंधक कार्यालय

योगी कैबिनेट ने जनपद लखनऊ के मोहनलालगंज में नए उप निबंधक कार्यालय के निर्माण हेतु भूमि हस्तांतरण के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। इस निर्णय से क्षेत्रीय नागरिकों को भूमि, भवन, विवाह, किरायानामा, गिफ्ट डीड तथा अन्य दस्तावेजों के पंजीकरण संबंधी सेवाएं अधिक सुविधाजनक और व्यवस्थित ढंग से उपलब्ध हो सकेंगी। कैबिनेट के निर्णय के अनुसार ग्राम मऊ, परगना एवं तहसील मोहनलालगंज स्थित कुल 953 वर्गमीटर भूमि राजस्व विभाग से स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन विभाग को हस्तांतरित की जाएगी। इस भूमि पर आधुनिक सुविधाओं से युक्त उप निबंधक कार्यालय भवन का निर्माण किया जाएगा, जिसमें सब-रजिस्ट्रार कक्ष, रजिस्ट्रेशन कक्ष, अभिलेखागार, प्रतीक्षालय, पेयजल एवं महिला-पुरुष शौचालय जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। प्रदेश सरकार के अनुसार स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन विभाग राज्य का प्रमुख राजस्व अर्जित करने वाला विभाग है और प्रतिवर्ष लगभग 50 लाख विलेखों का पंजीकरण करता है। बढ़ती जनसंख्या और पंजीकरण कार्यों की संख्या को देखते हुए नए कार्यालय की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। कैबिनेट ने यह भी निर्णय लिया कि राजस्व विभाग द्वारा स्टाम्प एवं पंजीकरण विभाग को उक्त भूमि हस्तांतरण से संबंधित पट्टा विलेख पर स्टाम्प शुल्क तथा पंजीकरण शुल्क से पूर्ण छूट प्रदान की जाएगी। इससे विभागीय प्रक्रिया सरल होगी और भवन निर्माण का मार्ग प्रशस्त होगा।

### परिवहन विभाग में एकमुश्त समाधान योजना

परिवहन विभाग की प्रस्तावित एकमुश्त समाधान (ओटीएस) योजना में पहली बार न सिर्फ पेनाल्टी को पूरी तरह माफ करने बल्कि मूल कर में भी करीब 35 प्रतिशत तक की छूट दी है। इस योजना से 8.48 लाख से अधिक बकायेदार वाहन मालिकों को बड़ा फायदा मिलेगा और सरकार के लिए वर्षों से अटकी राजस्व वसूली का रास्ता भी साफ हो गया। प्रदेश में 30 जनवरी 2026 से 7.5 टन तक के हल्के व्यावसायिक वाहनों पर एक बारीय कर (वन टाइम टैक्स) व्यवस्था लागू की गई है। परिवहन विभाग के आंकड़ों के अनुसार, 30 जनवरी 2026 तक इस श्रेणी में पंजीकृत वाहनों की संख्या लगभग 29.15 लाख है। इनमें से करीब 8.50 लाख वाहनों पर मूल कर और पेनाल्टी मिलाकर 1,853 करोड़ रुपये का बकाया है। बकाया राशि में 1,073 करोड़ रुपये मूल कर तथा 780 करोड़ रुपये पेनाल्टी के रूप में शामिल हैं। इतनी बड़ी संख्या में लंबित बकाये को देखते हुए परिवहन विभाग ने विशेष ओटीएस योजना का प्रस्ताव तैयार किया। प्रस्तावित योजना के तहत पेनाल्टी को शत-प्रतिशत माफ करने के साथ ही पहली बार मूल कर में भी करीब 35 प्रतिशत तक की छूट देने पर विचार हो सकता है। अब तक विभाग की ओर से लागू की गई ओटीएस योजनाओं में केवल पेनाल्टी में ही राहत दी जाती रही है। विभाग का मानना है कि मूल कर में आंशिक छूट मिलने से बड़ी संख्या में वाहन स्वामी स्वेच्छा से बकाया जमा करेंगे, जिससे राजस्व संग्रह में वृद्धि होगी। परिवहन विभाग ने ऊर्जा विभाग के बीते वर्ष 13 नवंबर को जारी बिजली बिल राहत योजना का जिक्र करते हुए कहा कि उसमें भी विलंब से भुगतान, सरचार्ज, दंड एवं ब्याज में 100 प्रतिशत छूट के साथ ही बिजली बकाये के मूलधन पर भी 25 प्रतिशत की छूट दी गई थी।

### यूपी सेमीकंडक्टर नीति-2024 में संशोधन को मंजूरी

योगी कैबिनेट ने उत्तर प्रदेश सेमीकंडक्टर नीति-2024 में संशोधन के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की। राज्य सरकार का मानना है कि बदलते औद्योगिक परिदृश्य, निवेशकों की आवश्यकताओं, अन्य राज्यों से प्रतिस्पर्धा तथा भारत सरकार के इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन के साथ बेहतर सामंजस्य स्थापित करने के लिए नीति में संशोधन आवश्यक था। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश सेमीकंडक्टर नीति-2024 को 19 जनवरी 2024 को अधिसूचित किया गया था। यह नीति अधिसूचना की तिथि से 5 वर्षों तक प्रभावी रहेगी। संशोधन के माध्यम से नीति को और अधिक निवेशक अनुकूल बनाया गया है, जिससे प्रदेश में सेमीकंडक्टर एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण क्षेत्र में बड़े निवेश आकर्षित किए जा सकेंगे। इन संशोधनों से राज्य सरकार पर किसी प्रकार का अतिरिक्त वित्तीय भार नहीं आएगा। नीति के तहत निवेशकों को परियोजना के वाणिज्यिक उत्पादन शुरू होने की तिथि से कम से कम 3 वर्षों तक उत्पादन संचालन बनाए रखने की प्रतिबद्धता भी देनी होगी।

## टीजीटी परीक्षा में पकड़े गये 11 फर्जी परीक्षार्थी

विशेष संवाददाता (vol)

- एआई तकनीक से हुई कड़ी निगरानी, पहले दिन 2.21 लाख से अधिक अभ्यर्थी हुए शामिल
- 36 जिलों के परीक्षा केन्द्रों पर 8 विषयों की परीक्षा सम्पन्न

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग द्वारा प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (टीजीटी) के 3539 पदों के लिए आयोजित लिखित परीक्षा का प्रथम दिन बुधवार को प्रदेश के 36 जिलों में शांतिपूर्ण, पारदर्शी एवं नकलविहीन वातावरण में सम्पन्न हुआ। परीक्षा के लिए कुल 8,68,531 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। परीक्षा 03 एवं 04 जून को प्रतिदिन दो पालियों में आयोजित की जा रही है।

आयोग के अध्यक्ष डॉ. प्रशांत कुमार ने बताया कि बुधवार को प्रथम पाली में सामाजिक विज्ञान, शारीरिक शिक्षा, विज्ञान एवं उर्दू विषय तथा द्वितीय पाली में हिन्दी, गणित, कृषि एवं संगीत गायन विषय की परीक्षा आयोजित की गई।

प्रथम पाली की परीक्षा प्रदेश के 514 परीक्षा केंद्रों तथा द्वितीय पाली की परीक्षा 508 परीक्षा केंद्रों पर सम्पन्न हुई। उन्होंने बताया कि



परीक्षा की शुचिता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए आयोग मुख्यालय में स्थापित एआई इंटीग्रेटेड कंट्रोल कमांड रूम से सभी परीक्षा केन्द्रों की सतत निगरानी की गई। आयोग के सदस्यगण, सचिव, परीक्षा नियंत्रक एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में एआई कैमरों के माध्यम से परीक्षार्थियों की गतिविधियों पर लगातार नजर रखी गई।

डॉ. प्रशांत कुमार ने बताया कि प्रथम पाली में संदिग्ध अभ्यर्थियों की जांच के दौरान लखनऊ, बरेली एवं चित्रकूट में दो-दो तथा जौनपुर एवं मिजार्पुर में एक-एक फर्जी परीक्षार्थी पकड़े गए। वहीं द्वितीय पाली में लखनऊ में दो तथा हाथरस में एक फर्जी परीक्षार्थी दूसरे अभ्यर्थी के स्थान पर परीक्षा देते हुए पकड़ा गया। कुल 11 फर्जी परीक्षार्थियों में से 9 को स्थानीय पुलिस द्वारा तत्काल गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि 2 परीक्षा केन्द्रों से फरार हो गए। सभी मामलों में विधिक कार्रवाई की जा रही है।

आयोग अध्यक्ष ने बताया कि परीक्षा के सफल संचालन में जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन का सक्रिय सहयोग प्राप्त हुआ। बुधवार को आयोजित परीक्षा में कुल 2,21,489 अभ्यर्थी उपस्थित रहे। इनमें महिला अभ्यर्थियों की भागीदारी 45.41 प्रतिशत तथा पुरुष अभ्यर्थियों की भागीदारी 52.42 प्रतिशत रही।

## यूपी का सूचना विभाग बना मिसाल, बिहार ने दिखायी मॉडल अपनाने में रुचि

### निदेशक सूचना से मिली बिहार की टीम, यूपी के प्रचार-प्रसार तंत्र की सराहना

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की ओर से जनकल्याणकारी योजनाओं नीतियों एवं शासन की प्राथमिकताओं के प्रभावी प्रचार-प्रसार के लिए विकसित की गई सुदृढ़ सूचना एवं जनसंपर्क व्यवस्था से प्रभावित होकर बिहार सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के अधिकारियों की एक उच्चस्तरीय टीम ने लखनऊ स्थित उत्तर प्रदेश सूचना एवं जनसंपर्क विभाग निदेशालय का भ्रमण किया। इस दौरान बिहार सरकार की टीम ने निदेशक सूचना विशाल सिंह से शिष्टाचार भेंट कर विभाग की कार्यप्रणाली नवाचारों तथा जनसंचार की व्यवस्थाओं पर विस्तृत चर्चा की।

बिहार से आए अधिकारियों की टीम ने उत्तर प्रदेश में संचालित प्रचार-प्रसार की प्रभावी व्यवस्था, मीडिया प्रबंधन एवं जनसंपर्क अभियानों की



सराहना करते हुए कहा कि उप्र में प्रचार प्रसार के क्षेत्र में बेहतर कार्य हुआ है जो कि बेहतर अनुभव हुआ है। टीम ने कहा कि यहां विकसित की गई कई व्यवस्थाएं बिहार में भी उपयोगी सिद्ध हो सकती हैं। टीम ने इन व्यवस्थाओं का अध्ययन कर उन्हें अपने राज्य में लागू करने की संभावनाओं पर विशेष रुचि व्यक्त की। भ्रमण के दौरान टीम ने निदेशालय के सभी प्रमुख सेक्शनों एवं प्रभागों का विस्तृत दौरा किया तथा उनकी कार्यप्रणाली की जानकारी प्राप्त की। अधिकारियों ने समाचार एवं मीडिया कवरेज प्रभाग, पत्रकार कल्याण एवं नीतिगत प्रभाग, क्षेत्रीय एवं ग्रामीण पहुंच प्रभाग, रचनात्मक एवं प्रदर्शनी प्रभाग, आउटडोर एवं सांस्कृतिक प्रचार प्रभाग तथा स्थापना, वित्त प्रभाग के कार्यों का अवलोकन किया। संबंधित अधिकारियों की ओर से प्रत्येक प्रभाग की भूमिकाए दायित्वों तथा कार्य निष्पादन की प्रक्रिया से टीम को अवगत कराया गया। अधिकारियों ने बताया कि उत्तर प्रदेश सूचना एवं जनसंपर्क विभाग प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास परियोजनाओं एवं महत्वपूर्ण निर्णयों को आमजन तक पहुंचाने के लिए प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक, डिजिटल एवं सोशल मीडिया सहित विभिन्न संचार माध्यमों का प्रभावी उपयोग कर रहा है। बिहार की टीम ने प्रसारण की व्यवस्थाओं का विशेष रूप से अध्ययन किया। टीम ने पत्रकार कल्याण से संबंधित योजनाओं, मान्यता व्यवस्था, पत्रकार हितों के संरक्षण के लिए संचालित व्यवस्थाओं तथा मीडिया प्रतिनिधियों के साथ विभाग के समन्वय तंत्र की भी जानकारी प्राप्त की। इसके अतिरिक्त क्षेत्रीय एवं ग्रामीण प्रचार गतिविधियों के माध्यम से प्रदेश के दूरस्थ क्षेत्रों तक सरकारी योजनाओं की जानकारी पहुंचाने की रणनीति का भी अवलोकन किया गया। जनजागरूकता अभियानों की कार्यप्रणाली ने बिहार के अधिकारियों का विशेष ध्यान आकर्षित किया। साथ ही आउटडोर एवं सांस्कृतिक प्रचार समूह की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रमों, लोककलाओं एवं जनसंचार के पारंपरिक माध्यमों के जरिए संचालित जनजागरूकता अभियानों की जानकारी भी साझा की गई। भ्रमण के दौरान बिहार सूचना विभाग की टीम ने उप्र. सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के किए गए प्रयासों की सराहना की।

अधिकारियों ने कहा कि उत्तर प्रदेश सूचना एवं जनसंपर्क विभाग ने सूचना प्रबंधन और जनसंपर्क के क्षेत्र में कई ऐसी प्रभावी व्यवस्थाएं विकसित की हैं, जिनका अध्ययन अन्य राज्यों के लिए भी उपयोगी एवं प्रेरणादायी सिद्ध हो सकता है। इस अवसर पर दोनों राज्यों के अधिकारियों के बीच सूचना प्रसार, मीडिया प्रबंधन, डिजिटल संचार, जनसंपर्क अभियानों तथा सुशासन से जुड़े विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श भी हुआ।

## रालोद की विजय संकल्प महारैली आज

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। रालोद द्वारा 4 जून को मुरादाबाद में विजय संकल्प महारैली का आयोजन किया जा रहा है। इस रैली को रालोद अध्यक्ष एवं केंद्रीय कौशल विकास मंत्री चौधरी जयंत सिंह संबोधित करेंगे। संगठन के राष्ट्रीय महासचिव अनिल दुबे ने बताया कि ठाकुरद्वारा मुरादाबाद के सनातन धर्म हिन्दू इंटर कॉलेज मैदान में अपराह्न 2 बजे से आयोजित यह रैली मुरादाबाद के राजनैतिक इतिहास की सबसे बड़ी रैली होगी।



उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय लोकदल ने 2027 में पुनः एनडीए को सत्ता में लाने के लिए अपने कार्यक्रम शुरू कर दिये हैं इसी श्रृंखला में रालोद अध्यक्ष चौधरी जयन्त सिंह पिछले दिनों मुजफ्फरनगर, शामली, अमरोहा, मेरठ, सहारनपुर से अपनी विजय संकल्प रैली की शुरूआत कर चुके हैं। कल उनका पड़ाव ठाकुरद्वारा मुरादाबाद में होगा। इस रैली को सफल बनाने के लिए पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता किसानों, मजदूरों से गांव गांव जाकर सम्पर्क कर रहे हैं और विजय संकल्प रैली में आने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि ठाकुरद्वारा की धरती से चौधरी जयन्त सिंह किसानों, नौजवानों तथा मजदूरों की आवाज को बुलंद करेंगे। उन्होंने कहा कि रालोद किसानों के सम्मान, युवाओं के रोजगार तथा मजदूर के अधिकार तथा समाज के अन्तिम व्यक्ति को विकास के रास्ते पर ले जाने के लिए दृढ़ संकल्पित है और इसके लिए अपना अभियान लगातार जारी रखेगा। उन्होंने बताया कि इस विजय संकल्प रैली की सफलता के लिए मुरादाबाद के सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता ऐतिहासिक बनाने के लिए संकल्प के साथ जुटे हुए हैं।

## प्रबंधन विभाग को आईआईआरएफ-2026 में राष्ट्रीय स्तर पर 42वीं रैंक, राज्य विश्वविद्यालयों में प्रथम स्थान

विशेष संवाददाता (vol)

- उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने दी बधाई
- कुलपति ने कहा कि विभाग को और अधिक अंतरराष्ट्रीय सहयोग, डिजिटल शिक्षण साधनों और उद्योग-उन्मुख पाठ्यक्रमों से किया जायेगा सशक्त

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज (आईएमएस) ने भारतीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क (आईआईआरएफ) 2026 में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए देश के शीर्ष प्रबंधन संस्थानों में 42वां स्थान प्राप्त किया है। वहीं उत्तर प्रदेश के राज्य विश्वविद्यालयों के प्रबंधन संस्थानों में विभाग को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है।

प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने इस उपलब्धि पर लखनऊ विश्वविद्यालय परिवार, कुलपति, शिक्षकों, शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर गुणात्मक सुधार हो रहा है। नई शिक्षा नीति के प्रभावी क्रियान्वयन, शोध एवं नवाचार को बढ़ावा देने तथा उद्योगोन्मुखी शिक्षा पर विशेष बल का ही परिणाम है कि प्रदेश के विश्वविद्यालय राष्ट्रीय स्तर पर अपनी विशिष्ट



पहचान स्थापित कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि लखनऊ विश्वविद्यालय की यह उपलब्धि पूरे प्रदेश के लिए गौरव का विषय है। इससे अन्य उच्च शिक्षण संस्थानों को भी उत्कृष्टता की दिशा में कार्य करने की प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि विश्वविद्यालय भविष्य में भी शिक्षा, शोध और नवाचार के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित करेगा। लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रबंधन विभाग ने इन सभी मानकों पर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। विशेष रूप से पब्लिक परसेप्शन में 99.77 तथा डिमांड रेशियो एवं स्टूडेंट प्रोफाइल में 98.22 अंक प्राप्त कर विभाग ने अपनी मजबूत शैक्षणिक साख का परिचय दिया है।

लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. जेपी सैनी ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि आईआईआरएफ 2026 में प्रबंधन विभाग की राष्ट्रीय रैंकिंग हमारे संकाय, छात्रों और पूर्व छात्रों के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। यह उपलब्धि हमें और अधिक नवाचार, अनुसंधान और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की दिशा में प्रेरित करती है। लखनऊ विश्वविद्यालय प्रबंधन शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता का प्रतीक बना रहेगा।

विश्वविद्यालय प्रशासन ने घोषणा की है कि आने वाले वर्षों में विभाग को और अधिक अंतरराष्ट्रीय सहयोग, डिजिटल शिक्षण साधनों और उद्योग-उन्मुख पाठ्यक्रमों से सशक्त किया जाएगा। इससे छात्रों को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने में मदद मिलेगी।

## भाजपा विकास विरोधी है : अखिलेश यादव

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बुधवार को बयान जारी कर कहा है कि भाजपा विकास विरोधी है। भाजपा ने उत्तर प्रदेश को बदनामी के सिवा और कुछ नहीं दिया है। भाजपा सरकार के भ्रष्टाचार के कारण देश और दुनिया में यूपी की छवि खराब हो रही है। इस सरकार के हर कार्य और हर विभाग में भ्रष्टाचार और लूट है। सड़कों का बुरा हाल है।

भाजपा सरकार ने नौ साल के कार्यकाल में गढ्ढा मुक्ति के नाम पर हजारों करोड़ का बजट लिया लेकिन गड्ढे नहीं भरे गए। बजट का बंदरबांट हो गया। आगरा में दुनियाभर के पर्यटक सैकड़ों साल पहले बनी शानदार इमारतों और निमार्णों को देखकर जब आश्चर्य से दांतों तले उंगली दबा रहे होते हैं तो उसी समय उनके सपने जैसी अवस्था तुरंत झटका खाती है क्योंकि उनकी गाड़ी भाजपा सरकार में हाल में बनी किसी सड़क के गड्ढे में धंसकर सारा स्वप्न तोड़ देती है। इससे सब जगह ये संदेश जाता है कि उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार बेहद भ्रष्ट है। भाजपा सरकार विश्व पर्यटन के लिए विख्यात आगरा तक का ख्याल नहीं रखती। आगरा में समस्त विश्व से पर्यटक आते हैं। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकर की भ्रष्ट नीतियों के कारण सड़कों में गड्ढे, गंदगी के साथ आर्थिक मंदी फैली है। आगरा का पर्यटन, होटल, गाइड, टैक्सी, टूर ऑपरेटर्स इंडस्ट्री से लेकर दालमोठ, पेठे, हस्तशिल्प, संगमरमर की कलाकृतियों व जूते तक का हर कारोबार ठप्प सा हो गया है। इन पर्यटकों में ही दुनिया के जानेमाने राजनेता, पूंजीपति, उद्योगपति व निवेशक भी होते हैं, जो इस बदइंतजामी और बदहाली को देखकर उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए एक पैसा भी नहीं लगाना चाहते हैं।

दूसरी तरफ उत्तर प्रदेश के मुखिया के मुख से निकले दुर्वचन बताते हैं कि उत्तर प्रदेश में भेदभाव का स्तर, हर सीमा लांघ चुका है। भाजपाइयों के इस पक्षपातपूर्ण रवैये से डरकर भी इन्वेस्टर्स उत्तर प्रदेश में अपना पैसा नहीं फंसाना चाहते हैं। सोशल के साथ ही लेबर अनरेस्ट और बिजली, पानी, सड़क, यातायात की ध्वस्त व्यवस्था की तस्वीरें भी पूरी दुनिया में प्रदेश को बदनाम कर रही हैं।

संक्षेप

## आरक्षी भर्ती परीक्षा की तैयारियों का डीएम-एसपी ने लिया जायजा



सिद्धार्थनगर। आगामी आरक्षी भर्ती परीक्षा-2025 को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी.एन. और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन ने बुधवार को परीक्षा केंद्र एवं जिला कोषागार का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने जय किसान इंटर कॉलेज तथा जिला कोषागार पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान परीक्षा को पूरी निष्पक्षता, सुरक्षा और पारदर्शिता के साथ संपन्न कराने पर विशेष जोर दिया गया।

## वांछित धराये, गये जेल

**प्रतापगढ़।** अपराध नियंत्रण अभियान के तहत उदयपुर तथा लीलापुर पुलिस ने वांछितो को दबोचकर जेल भेज दिया। लीलापुर पुलिस ने गैरइरादतन हत्या के मुकदमें में वांछित आरोपी को बुधवार की सुबह दबोचकर जेल भेज दिया। थाने के दरोगा शहशाह खान फोर्स के साथ गश्त पर निकले थे। थाना क्षेत्र के बहलोलपुर निवासी छोटू फकीर पुत्र शहबान खान को पुलिस ने वांछित आरोपी के तौर पर उसके घर के पास से हिरासत मे ले लिया। पूछताछ के बाद पुलिस ने दोपहर बाद आरोपी को जेल भेज दिया। वहीं अभियान के तहत उदयपुर पुलिस ने भी धमकी व तोडफोड के मुकदमे मे दो वांछितो को धर दबोचा। थाने के दरोगा संजय यादव फोर्स के साथ गश्त पर निकले थे। पुलिस टीम को थाना क्षेत्र के भंवरी राहाटीकर निवासी सीताराम पुत्र राम आनन्द व हरकेश बहादुर पुत्र राम आसरे को मुकदमें में वांछित होने के कारण हिरासत मे ले लिया। पुलिस ने दोपहर बाद दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया।

## अज्ञात चालक के खिलाफ लापरवाही का केस

प्रतापगढ़। लालगंज पुलिस ने अज्ञात कार की टक्कर से दुर्घटना में युवक के घायल होने को लेकर चालक के खिलाफ लापरवाही का केस दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के नेताजीपुरम घुइसरनाथ रोड निवासी दीपक सोनी पुत्र राजेन्द्र सोनी ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती दो जून को शाम चार बजे उसका भाई हिमांशु सोनी पाण्डेय का पुरवा निवासी अपने मित्र गोविन्द सरोज पुत्र श्रीपाल सरोज के साथ बाइक से बाबा घुइसरनाथ धाम दर्शन कर वापस घर लौट रहा था। जलालपुर मोड़ के निकट एक पेट्रोल पम्प के पास लालगंज की ओर से आ रही तेजगति की कार ने बाइक को टक्कर मार दिया। दुर्घटना में उसका भाई हिमांशु गंभीर रूप से चुटहिल हो गया। चुटहिल को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ लापरवाही व तेज रफ्तार से वाहन चलाने का केस दर्ज किया है।

## युवती के अपहरण को लेकर आरोपी के खिलाफ मुकदमा

प्रतापगढ़। युवती के अपहरण को लेकर लालगंज पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के बसन्तगंज जेवई निवासी गजाधर सोनी पुत्र श्रीराम ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती छब्बीस मई को दिन में लगभग दो बजे उसकी इक्कीस वर्षीया पुत्री घर से बाहर निकली थी। तहरीर के मुताबिक गांव का आरोपी आनन्द केसरवानी उर्फ फूटी पुत्र मनोज उसकी पुत्री को बहला फुसला कर कहीं भगा ले गया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी आनन्द केसरवानी के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज किया है। कोतवाली के निरीक्षक अपराध सुनील कुमार का कहना है कि केस दर्ज किया गया है, आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## 14 आरोपी दोषमुक्त

वाराणसी। वर्ष 2005 में ज्ञानवापी क्षेत्र में हुए गहरे विवाद के मामले में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेताओं समेत कुल 14 आरोपियों को वाराणसी की एमपी-एमएलए कोर्ट ने बुधवार को दोषमुक्त कर दिया। मामले में दोषमुक्त हुए गुलशन कपूर ने बताया कि दो सितंबर 2005 को समाजवादी पार्टी की सरकार के दौरान जुमे की नमाज के समय मौलाना बातिन की सुरक्षा जांच को लेकर शुरू हुई मामूली कहासुनी धीरे-धीरे बवाल में बदल गई थी।

# नीलामी रुकी, मुकदमा हुआ अब जमीन भी वापस

### भोगनीपुर की 761.41 एकड़ भूमि पुन: ग्राम सभा के नाम दर्ज करने के आदेश

कानपुर देहात। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप उत्तर प्रदेश में सरकारी संपत्तियों की सुरक्षा और अनियमितताओं के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति के तहत भोगनीपुर भूमि प्रकरण में बड़ा आदेश हुआ है। जिलाधिकारी कानपुर देहात कपिल सिंह की जांच रिपोर्ट और सिफारिश पर मंडलायुक्त कानपुर के. विजयेन्द्र पांडियन ने वर्ष 2011 में थर्मल पावर प्रोजेक्ट के लिए अधिग्रहीत लगभग 761.41 एकड़ भूमि को पुनः ग्राम सभा के नाम दर्ज करने के आदेश जारी किए हैं। भोगनीपुर क्षेत्र में 'हिमावत पावर लिमिटेड' और 'मैसर्स लैंको अनपरा पावर लिमिटेड' को थर्मल पावर प्लांट लगाने के लिए वर्ष 2011 में जमीन आवंटित की गई थी। कंपनियों ने समझौते की शर्तों का उल्लंघन किया और बिना सरकार की अनुमति के इस सरकारी भूमि को बैंकों में बंधक रख दिया। इन कंपनियों ने तत्कालीन अपर जिलाधिकारी ओ.के. सिंह और कुछ बैंक कर्मियों की मिलीभगत से 400 करोड़ रुपये से अधिक का ऋण ले लिया लिया। कंपनियों ने न तो प्रोजेक्ट पूरा किया और न ही बैंकों का कर्ज चुकाया, जिसके बाद बैंकों ने इस कीमती भूमि को नीलाम करने की कोशिश शुरू कर दी थी। जिलाधिकारी कपिल सिंह ने इस पूरे मामले का संज्ञान लेते हुए जांच कराई। पता चला कि कंपनियों ने अफसरों के साथ मिलकर राजस्व को भारी क्षति पहुंचाई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर जिला प्रशासन ने तत्काल एक्शन लेते हुए बैंकों द्वारा की जा रही नीलामी पर रोक लगवाई और इसे सरकारी रिकॉर्ड में सुरक्षित कराया। इसके बाद भोगनीपुर की तहसीलदार प्रिया सिंह की तहरीर पर थाना मूसानगर में दोनों कंपनियों, संबंधित बैंकों और पूर्व एडीएम के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया। कानपुर देहात के जिलाधिकारी कपिल सिंह ने बताया कि जांच रिपोर्ट के आधार पर मंडलायुक्त कानपुर द्वारा भूमि आवंटन निरस्त करते हुए पुनर्ग्रहीत भूमि को पुनः ग्राम सभा के नाम दर्ज करने के आदेश जारी किए गए हैं। वहीं, कमिश्नर के. विजयेन्द्र पांडियन की ओर से स्पष्ट किया गया है कि जिलाधिकारी की जांच रिपोर्ट से यह पूरी तरह साफ है कि जमीन लेने वाली कंपनियों ने पट्टा विलेख की अनिवार्य शर्तों का खुला उल्लंघन किया है।

## दस वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी पर 10-10 हजार का इनाम घोषित

प्रतापगढ़। जिले में अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे थाना पट्टी मे दर्ज एक मामले मे वांछित फरार चल रहे दस अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ दीपक भूकर ने दस-दस हजार रुपये का पुरस्कार घोषित किया है।

पुलिस सूत्रों ने बुधवार को बताया कि वांछित अभियुक्त 30 मई से लगातार फरार चल रहे हैं। अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिये पट्टी पुलिस द्वारा सुरागरसी-पतारसी, संभावित स्थानों पर दबिश तथा अन्य आवश्यक प्रयास किए जा रहे हैं, मगर अब तक सफलता नहीं मिली है।

# निजी अस्पताल में प्रसव के दौरान नवजात की मौत

### आशा बहू समेत चार पर मुकदमा



सिद्धार्थनगर। जिले के लोटन बाजार स्थित एक निजी अस्पताल में प्रसव के दौरान नवजात की मौत के मामले में पुलिस ने आशा बहू, चिकित्सक, जीएनएम और अस्पताल प्रबंधक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। घटना सीएचसी लोटन के निकट संचालित सद्भावना हॉस्पिटल एंड फ्रैक्चर क्लीनिक की बताई जा रही है।

परिजनों का आरोप है कि रेफर किए जाने के बाद आशा बहू प्रसूता को जिला अस्पताल ले जाने के बजाय निजी अस्पताल पहुंचा दी, जहां प्रसव के दौरान लापरवाही बरती गई। आरोप है कि जबरन डिलीवरी कराने के प्रयास में गर्भस्थ शिशु की मौत हो गई तथा परिजनों से यह जानकारी भी कुछ समय तक छिपाई गई। हंगामे की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और तहरीर के आधार पर आशा बहू पुष्पा, डॉ. नजरुल हसन, जीएनएम पूजा जायसवाल और अस्पताल प्रबंधक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। वहीं, सीएचसी लोटन के अधीक्षक डॉ. अमित चौधरी ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की टीम जांच करेगी, जिसके बाद मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा। यह पिछले 15 दिनों में जिले में नवजात मौत का दूसरा मामला है, जिससे निजी अस्पतालों की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

## गायत्री परिवार के प्राकृतिक उपचार शिविर में शरीर शुद्धि के महत्व पर हुई परिचर्चा



प्रतापगढ़। नगर स्थित सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कालेज के सभागार में बुधवार को अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा छः दिवसीय प्राकृतिक उपचार शिविर का शुभारंभ हुआ। गायत्री चेतना केन्द्र के तत्वाधान में प्रारम्भ हुए शिविर का शुभारंभ निदेशक आचार्य रामअवधेश मिश्र व वरिष्ठ अधिवक्ता ज्ञानप्रकाश शुक्ल एवं हरिद्वार गायत्री परिवार के दिपांकर सिंह आत्रेय एवं आंवलखेड़ा से पधारे नन्दू भइया ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलन कर किया। कार्यक्रम के संयोजक डॉ0 वीरेश सिंह ने शिविर के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस जरिए लोगों को शरीर की विषाक्तता को दूर किये जाने के उपाय उपयोगी होंगे। सह संयोजिका प्रीती सिंह ने शिविर में शरीर शुद्धि योग तथा प्राकृतिक उपचार की उपादेयता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता आचार्य रामअवधेश मिश्र एवं संचालन शिक्षाविद रमेशचन्द्र प्रसाद यादव ने किया। शिविर में शरीर तथा मन व आत्म शुद्धि को लेकर प्रशिक्षार्थियों को विभिन्न योग के गुर बताए गए। इस मौके पर राजीवनाथ पाण्डेय, अशोक मिश्र, मुनेश कुमार, जयवंती, इन्द्रा आदि रहे।

## इंडो-नेपाल सीमा पर पुलिस और एसएसबी की संयुक्त गश्त, सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा



श्रावस्ती। इंडो-नेपाल सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने के लिए श्रावस्ती पुलिस और सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) द्वारा सीमावर्ती क्षेत्रों में लगातार संयुक्त गश्त की जा रही है। पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी के निर्देशन में थाना सिरसिया पुलिस और एसएसबी की संयुक्त टीम ने सुईया बॉर्डर क्षेत्र में पैट्रोलिंग की। इस दौरान सीमा से आने-जाने वाले लोगों और वाहनों की जांच की गई तथा संदिग्ध गतिविधियों पर विशेष नजर रखी गई। संयुक्त टीम ने सीमा क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम उठाए। पुलिस अधिकारियों के अनुसार इस अभियान का उद्देश्य सीमावर्ती क्षेत्रों में अवैध गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण, सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करना तथा आम लोगों में सुरक्षा का भरोसा बढ़ाना है। श्रावस्ती पुलिस ने लोगों से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु या गतिविधि की जानकारी तुरंत नजदीकी पुलिस थाने या डायल 112 पर दें, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

## डीएम की पहल से भूमि सीमांकन के लंबित मामलों के निस्तारण में तेजी



श्रावस्ती। जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग की पहल पर जिले में भूमि सीमांकन और पत्थर नसब (सीमा चिन्ह लगाने) से जुड़े वर्षों पुराने लंबित मामलों के निस्तारण के लिए विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान बड़ी संख्या में मामलों का समाधान कर लोगों को राहत पहुंचाई गई। जिलाधिकारी को लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि राजस्व न्यायालयों और अधिकारियों के आदेश के बावजूद कई मामलों में पत्थर नसब की कार्रवाई लंबे समय से पूरी नहीं हो पा रही है। इससे लोगों को अपनी जमीन से जुड़े अधिकारों के उपयोग में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी ने जिले की सभी तहसीलों में पिछले तीन वर्षों से लंबित मामलों की समीक्षा कराई। इसके बाद एक माह का विशेष अभियान चलाकर राजस्व विभाग की टीमों को मौके पर भेजा गया। टीमों ने सीमांकन और पत्थर नसब की कार्रवाई कराते हुए बड़ी संख्या में मामलों का निस्तारण कराया। अभियान के तहत तहसील जमुनहा में 128 में से 94, भिनगा में 86 में से 43 तथा इकौना में 172 में से 51 मामलों में पत्थर नसब की कार्रवाई पूरी की जा चुकी है। जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारियों और राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि शेष बचे मामलों का भी प्राथमिकता के आधार पर जल्द निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि वर्षा ऋतु शुरू होने से पहले सभी लंबित मामलों में पत्थर नसब की कार्रवाई पूरी कराने का लक्ष्य रखा गया है। जिलाधिकारी ने कहा कि राजस्व न्यायालयों के आदेशों का समयबद्ध पालन प्रशासन की प्राथमिकता है और जनता की समस्याओं के समाधान के लिए ऐसे विशेष अभियान आगे भी जारी रहेंगे।

## निर्माणाधीन मत्स्य मंडी गेट ढहने से मजदूर की मौत, पांच घायल



सिद्धार्थनगर। ढेबरुआ थाना क्षेत्र के मधवापुर में निर्माणाधीन मत्स्य मंडी के गेट की छत ढलाई के दौरान बुधवार दोपहर बड़ा हादसा हो गया। निर्माणाधीन स्लैब अचानक भरभराकर गिर गई, जिससे वहां काम कर रहे मजदूर मलबे में दब गए।

हादसे में मड़नी निवासी 25 वर्षीय मुस्ताक पुत्र किताबुल की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पांच मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में बुधीराम, राजेंद्र, आलम, रूपेश तथा नेपाल निवासी रामदयाल शामिल हैं। सभी घायलों को तत्काल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बढ़नी भेजा गया, जहां उनका उपचार चल रहा है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने जेसीबी की मदद से मलबे में दबे मजदूरों को बाहर निकाला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है तथा हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।

## 40 बीघा जमीन के लिए ली सगे बेटे की जान

मेरठ। एक सुनसान सड़क पर खड़ी स्कॉर्पियो में खून से लथपथ पड़ा एक युवा शव केवल हत्या की कहानी नहीं कह रहा था, बल्कि उस दर्दनाक सच को भी उजागर कर रहा था जिसमें जमीन के एक टुकड़े ने रिश्तों का खून कर दिया। हापुड़ के दोयमी गांव निवासी 25 वर्षीय तुषार त्यागी की हत्या किसी दुश्मन ने नहीं बल्कि उसके अपने पिता सुंदर त्यागी ने कराई। पुलिस जांच में सामने आया कि 40 बीघा पैतृक जमीन को लेकर पिता-पुत्र के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था। तुषार उस जमीन को बेचकर कारोबार शुरू करना चाहता था जबकि उसका पिता इसका कड़ा विरोध कर रहा था। सोमवार रात तुषार को एक परिचित बहाने से बुलाया गया। बताया गया कि किसी को भूख लगी है और वह खाना लेकर पहुंच जाए। अपनेपन के इस संदेश पर भरोसा कर तुषार घर से निकल पड़ा लेकिन उसे क्या पता था कि यह सफर उसकी जिंदगी का आखिरी सफर साबित होगा।

## जनता दर्शन में एसएसपी ने सुनीं फरियादियों की समस्याएं, त्वरित निस्तारण के निर्देश



सिद्धार्थनगर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन ने बुधवार को पुलिस कार्यालय में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में फरियादियों की शिकायतें सुनीं और संबंधित अधिकारियों को उनके शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान कुल 14 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें 5 भूमि विवाद, 2 मारपीट तथा 7 अन्य मामलों से संबंधित शिकायतें शामिल थीं। एसएसपी ने सभी मामलों की गंभीरता से सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# नाराज वकीलों ने कामकाज का किया बहिष्कार

### जेसीबी मशीन से घर गिराए जाने के आरोपी को कोर्ट ने भेजा जेल

**प्रतापगढ़।** असलहे के साथ धावा बोलकर जेसीबी मशीन से पीड़िता का मकान ढहाये जाने को लेकर पुलिस ने आरोपी पर तगड़ा शिकंजा कसा है। वहीं कोर्ट ने भी पुलिस द्वारा दबोचे गये आरोपी की जमानत निरस्त कर उसे जेल भेज दिया है।

हालांकि आरोपी के अधिवक्ता होने के कारण साथी वकीलों ने नाराजगी जताते हुए बुधवार को तहसील में न्यायिक कामकाज के बहिष्कार का प्रस्ताव पारित किया। इसके कारण तहसील में बुधवार को न्यायिक कामकाज बाधित दिखा। लालगंज कोतवाली के पूरे भुवन मोठिन निवासी शीतला प्रसाद की पत्नी राजकुमारी की तहरीर पर पुलिस ने बीती इक्कीस मई को दबंगो द्वारा उसके मकान को जेसीबी मशीन से गिराए जाने के प्रयास के साथ मारपीट और जानलेवा हमले को लेकर गांव के रामकृष्ण दुबे उर्फ पण्डित दुबे समेत पांच नामजद तथा साठ अज्ञात के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया। पुलिस ने दर्ज मुकदमें में विवेचना के दौरान आरोपियों के खिलाफ सम्पत्ति के भारी नुकसान को लेकर धाराओं में बढोत्तरी भी कर दी। लालगंज के दरोगा ध्रुव सिंह ने फोर्स के साथ गश्त के दौरान मंगलवार की देर शाम घटना में शामिल आरोपी रामकृष्ण दुबे उर्फ पण्डित दुबे पुत्र रामनिहोर को मोठिन ब्रम्हचारी का पुरवा तिराहे के पास से हिरासत में लेने का दावा जताया है। रामकृष्ण दुबे उर्फ पण्डित दुबे तहसील में अधिवक्ता है। साथी के लालगंज कोतवाली में हिरासत में होने की जानकारी होते ही मंगलवार की देर शाम कोतवाली व सीओ कार्यालय में अधिवक्ताओं का भी जमावड़ा हो उठा। संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष राजेशचंद्र तिवारी व उपाध्यक्ष नामवर सिंह ने अधिवक्ताओं के साथ सीओ लालगंज आशुतोष मिश्र से मिलकर पुलिस कार्रवाई को लेकर नाराजगी भी जताई। अगले दिन बुधवार को साथी की गिरफ्तारी को लेकर नाराज वकीलों ने तहसील में कामकाज के बहिष्कार का ऐलान किया। इधर पुलिस ने हिरासत में लिए गए आरोपी रामकृष्ण दुबे को बुधवार की सुबह लालगंज दीवानी कोर्ट में पेश किया। यहां रामकृष्ण दुबे की तरफ से जमानत दाखिल किया गया। जमानत पर आरोपी के अधिवक्ता ने कोर्ट में बहस की। सुनवाई के बाद न्यायिक मजिस्ट्रेट अशोक कुमार ने जमानत प्रार्थना पत्र निरस्त कर आरोपी को जेल भेजे जाने का आदेश पारित किया।

# संपत्ति के लिए बेटे ने मां-बाप और बहन की हत्या की

प्रयागराज। पुलिस ने प्रयागराज शहर के साउथ मलाका इलाके में हुई चार लोगों की हत्या की गुत्थी सुलझाने का बुधवार को दावा किया। पुलिस ने कहा कि अभिषेक ने संपत्ति के लिए अपने मां-बाप और बहन की हत्या की, जिसके बाद धन के बंटवारे को लेकर हुए विवाद में उसके दोस्त ने उसे जान से मार दिया।

पुलिस आयुक्त जोगेंद्र कुमार ने बताया कि मंगलवार को साउथ मलाका के एक मकान से वीरेंद्र वैश्य (70), उनकी पत्नी अनिता (65) और बेटी मीनाक्षी (45) के शव बरामद हुए थे। उन्होंने बताया कि मकान के नीचे एक दुकान से वैश्य के बेटे अभिषेक का शव भी मिला था। पुलिस ने मामले के सिलसिले में अभिषेक के दोस्त सनी गुप्ता को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से दो ग्राम सोना और करीब 360 ग्राम चांदी बरामद की है। जांच में सामने आया कि अभिषेक ने सनी को घर बुलाया और उसके साथ अपने मां-बाप एवं बहन की हत्या की साजिश रची, क्योंकि वैश्य ने उसे (अभिषेक) संपत्ति से बेदखल कर दिया था।

पुलिस आयुक्त ने बताया कि अभिषेक ने सनी के साथ मिलकर 31 मई की शाम को अपने मां-बाप और बहन की हत्या कर दी। इसके बाद दोनों धन के बंटवारे के लिए नीचे दुकान में आए, जहां उनके बीच विवाद हुआ। झगड़े के दौरान सनी ने अभिषेक की हत्या कर दी और उसका शव दुकान में छोड़कर वहां ताला लगाकर भाग गया। उन्होंने बताया कि सनी को गिरफ्तार कर लिया गया है और उसके पास से दो ग्राम सोना तथा करीब 360 ग्राम चांदी बरामद हुआ है।

## बांसी में पुलिस का फ्लैग मार्च, सुरक्षा व शांति व्यवस्था का लिया जायजा



बांसी सिद्धार्थनगर। जनपद में शांति व्यवस्था, सतर्कता एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से बांसी कस्बा क्षेत्र में बुधवार को क्षेत्राधिकारी शुबेंदु सिंह के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक मृत्युंजय पाठक ने पुलिस बल के साथ पैदल गश्त एवं सघन चेकिंग अभियान चलाया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के निर्देश तथा अपर पुलिस अधीक्षक प्रशान्त कुमार प्रसाद के निर्देशन में जनपद के विभिन्न थानाक्षेत्रों के चिन्हित हॉटस्पॉट एवं आसपास के इलाकों में फ्लैग मार्च, पैदल गश्त और चेकिंग की गई। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने आमजन को सुरक्षा का भरोसा दिलाते हुए आपसी सौहार्द एवं शांति बनाए रखने की अपील की।

# विहिप नगर अध्यक्ष व सर्राफा व्यवसायी पर जानलेवा हमला



चौरीचौरा, गोरखपुर। चौरी चौरा थाना क्षेत्र के नगर पंचायत मुंडेरा बाजार के वार्ड संख्या-11 निवासी एवं सर्राफा व्यवसायी तथा विश्व हिंदू परिषद के नगर अध्यक्ष अमित वर्मा पर बीती देर रात कुछ मनबढ़ युवकों द्वारा जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। घटना को लेकर स्वर्ण व्यवसायियों और स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश है। तहरीर के मुताबिक अमित वर्मा बीते देर रात कहीं से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान रास्ते में पहले से घात लगाए बैठे कुछ युवकों ने उन पर अचानक हमला कर दिया। जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। शोरगुल सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, जिसके बाद हमलावर फरार हो गए। सूचना पर पहुंची डायल-112 की टीम एवं स्थानी पुलिस ने गंभीर रूप से घायल अमित वर्मा को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया, पुलिस घटनास्थल का निरीक्षण कर मामले की जांच शुरू कर दी है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाले जा रहे है इस घटना को लेकर सर्राफ व्यापारियों एवं हिंदू कार्यकताओं में रोष व्याप्त है। व्यापारियों ने दोषियों की जल्द गिरफ्तारी और कड़ी कार्रवाई की मांग की है। वहीं पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की गहन जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। समाचार लिखे जाने तक मुकदमा दर्ज नहीं हुआ है।

# उमस भरी गर्मी में बिलबिला उठे बच्चे व बुजुर्ग

### -10 घंटे बाद भी बहाल नहीं हो सकी मझगांवा फीडर की विद्युत आपूर्ति

गगहा, गोरखपुर। भीषण उमस और गर्मी के बीच मंगलवार को मझगांवा फीडर से जुड़े दर्जनों गांवों के उपभोक्ताओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। सुबह करीब 7 बजे करवल मझगांवा विद्युत उपकेंद्र से संचालित मझगांवा फीडर की आपूर्ति अचानक ठप हो गई, जो शाम 5 बजे तक भी बहाल नहीं हो सकी। लगभग 10 घंटे तक बिजली गुल रहने से बच्चे व बुजुर्ग, बच्चे और महिलाएं उमस भरी गर्मी में बेहाल रहे।

क्षेत्रीय उपभोक्ताओं का आरोप है कि करवल मझगांवा विद्युत उपकेंद्र लंबे समय से लोकल फाल्ट, ओवरलोडिंग और जर्जर विद्युत नेटवर्क की समस्याओं से जूझ रहा है। आए दिन होने वाले फाल्ट के कारण दर्जनों गांवों की बिजली आपूर्ति बाधित हो जाती है, जिससे लोगों को भारी असुविधा उठानी पड़ती है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि कई स्थानों पर विद्युत तार जर्जर अवस्था में लटक रहे हैं तथा पोल भी तिरछे हो चुके हैं। इसके बावजूद विभाग द्वारा न तो जर्जर तारों को बदला जा रहा है और न ही पुराने पोलों के स्थान पर नए पोल लगाए जा रहे हैं। ऐसे में पूरी व्यवस्था भगवान भरोसे चलती दिखाई दे रही है।

मंगलवार को बिजली आपूर्ति ठप होने के बाद लोग गर्मी से राहत पाने के लिए घरों से निकलकर बाग-बगीचों और पेड़ों की छांव का सहारा लेने को मजबूर हो गए। सबसे अधिक परेशानी बुजुर्गों, बच्चों और महिलाओं को झेलनी पड़ी। पेयजल आपूर्ति, घरेलू कार्य और छोटे कारोबार भी प्रभावित रहे।

उपभोक्ताओं ने विद्युत विभाग की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कहा कि यदि एक फीडर का लोकल फाल्ट खोजने और ठीक करने में 10 घंटे से अधिक समय लग रहा है, तो किसी बड़े तकनीकी फाल्ट या आपात स्थिति में विभाग की कार्यक्षमता पर गंभीर प्रश्न खड़े होते हैं।

क्षेत्रवासियों ने विभाग के उच्च अधिकारियों से मझगांवा फीडर की जर्जर विद्युत लाइनों की जांच कराकर आवश्यक मरम्मत और सुधार कार्य कराने की मांग की है, ताकि उपभोक्ताओं को बार-बार होने वाली बिजली कटौती और उमस भरी गर्मी से राहत मिल सके।

इस सम्बन्ध विद्युत अवर अभियंता रमानंद शास्त्री ने कहा कि कोई इंसुलेटर पंचर हो गया है जो मिखल है।

## लेहड़ा वाली दुर्गा मंदिर में युवाओं ने की पूजा-अर्चना, मां से मांगी मनोकामना



सिद्धार्थनगर। बांसी तहसील क्षेत्र के ग्राम पं. नरही बुजुर्ग निवासी डॉ. सत्यव्रत दुबे उर्फ अनूप के नेतृत्व में अमित दुबे, विनीत दुबे, रोहित दुबे एवं आदित्य दुबे ने प्रसिद्ध लेहड़ा वाली दुर्गा मंदिर पहुंचकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा को फूल-माला, नारियल, चुनरी एवं प्रसाद अर्पित कर अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर डॉ. सत्यव्रत दुबे ने कहा कि मां दुर्गा के दर्शन और पूजा से उन्हें मानसिक शांति एवं नई ऊर्जा प्राप्त हुई। उन्होंने श्रद्धालुओं से लेहड़ा वाली दुर्गा मंदिर पहुंचकर मां के दर्शन करने तथा अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए प्रार्थना करने का आह्वान किया।

संक्षेप

## चिन्हांकन शिविर आज

नवाबगंज। विकास खंड मुख्यालय के मीटिंग हॉल में दिव्यांगजनों के लिए सहायक उपकरण उपलब्ध कराने हेतु विशेष चिन्हांकन शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में ट्राई साइकिल, बैसाखी, कान की मशीन, व्हीलचेयर, स्मार्ट केन सहित अन्य आवश्यक उपकरणों के लिए पात्र दिव्यांगजनों का चिन्हांकन किया जाएगा। खंड विकास कार्यालय की ओर से क्षेत्र के सभी ग्राम प्रधानों एवं क्षेत्र पंचायत सदस्यों से अपने-अपने गांवों में निवास करने वाले दिव्यांगजनों को शिविर में भेजने की अपील की गई है, ताकि उन्हें शासन की योजना के अंतर्गत आवश्यक सहायक उपकरण उपलब्ध कराए जा सकें। शिविर में आने वाले दिव्यांगजनों को आधार कार्ड, दिव्यांगता प्रमाण पत्र, ग्राम प्रधान के लेटर पैड पर जारी आय प्रमाण पत्र तथा दिव्यांगता प्रदर्शित करती हुई एक पासपोर्ट आकार की फोटो साथ लाना अनिवार्य होगा।

## ऑटो चालक को मारी टक्कर युवक की मौके पर मौत

असोहा (बीओएल)। क्षेत्र के जबरेला निवासी गोविंद राजपूत 45 वर्ष पुत्र शिवपाल ऑटो चला कर अपना जीवकोपार्जन करता है बीते मंगलवार की रात मोरांवा मोहनलाल गंज मार्ग पर कंचनपुर गांव में प्राथमिक विद्यालय के पास किसी अज्ञात वाहन ने गोविंद को टक्कर मार दी जिससे वह गिर पड़ा देर रात जब बगल के लोगो ने उसे पड़ा देखा तो पुलिस को सूचना देते हुए उसके परिजनों को सूचना दी मौके पर पहुंचे उसके भाई विजय कुमार ने लोगो को बताया कि मेरा भाई सुबह निकल जाता था और देर रात तक ऑटो चलाकर घर जाता था घटना स्थल पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिये उन्नाव भेजा वही ग्रामोणों का कहना है कि गोविंद देर रात ऑटो खड़ा कर सड़क पार कर रहा था तभी गुजर रहे ट्रक की चपेट में आ गया और दर्दनाक मौत हो गई मृतक गोविंद अपने पीछे तीन बेटियां काजल शिल्पी व लक्ष्मी तथा पत्नी प्रेमा को रोता बिलखता छोड़ गया है ग्रामीणों ने बताया की यह एक इत्तेफाक ही है कि पिछले वर्ष जेष्ठ माह के चैथे मंगलवार को मृतक गोविंद के इकलौते 14 वर्षीय बेटे रौनक नदी में डूब जाने से मृत्यु हो गई थी और आज गोविंद की भी मंगलवार के दिन ही म्रत्यु हुई है। थानाध्यक्ष फूल सिंह ने बताया कि अज्ञात के नाम प्रार्थना पत्र मिला है कार्यवाही की जा रही है।

## एसएसपी ने जनसुनवाई की

इटावा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा पुलिस कार्यालय में नियमित रुप से होने वाली जनसुनवाई की गयी। जिसमें अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचे फरियादियों के आवेदन लेकर उन्हें न्यायोचितध्गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने का आश्वासन दिया। विभिन्न थाना क्षेत्रों से आए आवेदकों की शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना एवं संबंधित राजपत्रित अधिकारी पुलिस, थाना प्रभारी से स्वयं वार्ता कर आवेदकों की शिकायत का निराकरण किये जाने हेतु निर्देशित किया। फरियादियों की शिकायतों का तत्परता से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करना इटावा पुलिस की प्राथमिकता है।

## सूचना

मेरा वास्तविक नाम अनिकेश कुमार पुत्र स्व बालगोविन्द निवासी वार्ड नंबर 7 गोला बाजार गोरखपुर का निवासी हूं। मेरे सभी प्रमाण पत्रों में अनिकेश कुमार पुत्र स्व बालगोविन्द दर्ज है जो सही है। मेरे पैन का कार्ड में त्रुटिवश रोहित कुमार अंकित हो गया था। जिसका सुधार कराना अनिवार्य है। **अनिकेश कुमार पुत्र स्व बाल गोविन्द गोला बाजार, गोरखपुर।**

**श्री रामचन्द्र नारायण शिक्षण एवं प्रशिक्षण महाविद्यालय**
**माधवपुर, बौरा जगदीशपुर, जनपद सुलतानपुर (उ.प्र.)**

**(कॉलेज कोड- 688)**

**निम्न विषयों में प्रवक्ताओं की आवश्यकता है।**

1. **स्नातक स्तर (विज्ञान संकाय)**-भौतिक विज्ञान-01 पद, गणित -01 पद, रसायन विज्ञान-01 पद, जन्तु विज्ञान-01 पद, वनस्पति विज्ञान-01 पद।
2. **स्नातक स्तर (कला संकाय)**-गृह विज्ञान-01 पद, प्राचीन इतिहास- 01 पद, राजनीति शास्त्र-01 पद।
3. **परास्नातक स्तर (कला संकाय)**-भूगोल-02 पद, समाजशास्त्र-02 पद।
4. **परास्नातक स्तर (विज्ञान संकाय)**-जन्तु विज्ञान-02 पद, रसायन विज्ञान-02 पद।

**अहर्ता वेतन :-** विश्वविद्यालय/यूजीसी/एनसीटीई की परिनियमावली के अनुसार देय होगा।

इच्छुक योग्य एवं अनुभवी प्रवक्ता अपना आवेदन पत्र समस्त शैक्षिक प्रमाण पत्रों की स्व प्रमाणित छाया प्रति व फोटो के साथ 15 दिन के महाविद्यालय के पते पर भेजें ।

**हरिश्चन्द्र सिंह**
**प्रबंधक**
**श्री रामचन्द्र नारायण शिक्षण एवं प्रशिक्षण महाविद्यालय**
**माधवपुर**
**बौरा जगदीशपुर, सुलतानपुर (उ.प्र.)**
**मो. 8449555000**

# पहले किसानों को नहीं मिलती थी सिंचाई, सुविधा और सुरक्षा

## सीएम योगी आदित्यनाथ ने किया संयुक्त मंडलीय खरीफ उत्पादकता संगोष्ठी-2026 का शुभारंभ




**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 12 वर्षों में खेती-किसानी के क्षेत्र में आए परिवर्तन के कारण अन्नदाता किसानों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है। किसान समाज व राष्ट्र की मुख्यधारा से जुड़ते हुए आत्मनिर्भरता के लक्ष्य को प्राप्त कर रहे हैं। देश की सबसे अच्छी उर्वरा भूमि और सर्वाधिक सिंचित भूमि (86 फीसदी) यूपी में है। रबी-खरीफ व जायद की तीनों फसलों से किसानों को अच्छा दाम भी मिल रहा है। यह किसानों की मेहनत का परिणाम है कि यूपी का बीमारूपन दूर हुआ और राज्य समृद्ध बना। किसानों ने कृषि विकास दर को 8 से बढ़ाकर 18 प्रतिशत तक पहुंचाने में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को गोरखपुर के बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह में आयोजित गोरखपुर, आजमगढ़ व बस्ती की संयुक्त मंडलीय खरीफ उत्पादकता संगोष्ठी-2026 का शुभारंभ करने के उपरांत उपस्थित जन-समूह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को सम्मानित किया और उन्हें ट्रैक्टर की चाबी व केसीसी प्रमाण पत्र प्रदान किए। संगोष्ठी का संचालन चारूशीला सिंह ने किया

सीएम योगी ने कहा कि 12 वर्ष पहले किसान आत्महत्या पर मजबूर थे। 2005 से 2014 के बीच देश में अलग-अलग स्थानों पर अनगिनत किसानों ने आत्महत्या की थी। इसके पीछे भी त्रासदी थी, उनके लिए अच्छी क्वालिटी के बीज, उचित एमएसपी, आपदा से बचाव के उपयुक्त प्रबंध नहीं थे। लागत अधिक-उत्पादन कम था। यदि किसान ने मेहनत से अन्न उत्पादन किया भी तो उसके क्रय की उचित व्यवस्था नहीं थी।

सीएम ने कहा कि पहली बार कोई सरकार कह रही है कि जैसे हम अपने उत्तम स्वास्थ्य के लिए हेल्थ चेकअप करवाते हैं, ऐसे ही धरती माता के स्वास्थ्य का भी परीक्षण होना चाहिए। पीएम मोदी ने 2014 से अनिवार्य रूप से फ्री में सॉइल हेल्थ कार्ड उपलब्ध कराया। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना लागू हुई। दलहन-तिलहन आयात में सरकार को लाखों-करोड़ रुपये खर्च करने पड़ते थे, लेकिन किसानों को अच्छे बीज देकर दलहन-तिलहन के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने विशेष अभियान प्रारंभ किया।

सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का लाभ दिया गया, जिससे अन्नदाता किसान साहूकार के सामने हाथ नहीं फैलाए और न ही कर्ज से दबे। मंडी में व्यापक रिफॉर्म किया गया। प्रदेश में जब डबल इंजन सरकार आई तो उसने भी इसे मजबूती से बढ़ाया। किसानों के लिए अभूतपूर्व कदम उठाए। 2017 में पहली कैबिनेट मीटिंग में कर्ज से दबे किसानों को राहत दी गई। फसल ऋण की विशेष योजना प्रारंभ की गई। प्रयास रहा कि किसानों को लागत का डेढ़ गुना दाम प्राप्त हो। जगह-जगह सरकारी क्रय केंद्र खोलकर उनकी उपज को खरीदा गया। सीएम योगी ने कहा कि प्रदेश में दशकों से लंबित सिंचाई परियोजनाओं को प्रारंभ करने के साथ बाणसागर, सरयू नहर राष्ट्रीय परियोजना, बुंदेलखंड आदि से जुड़ी परियोजनाओं को पूरा कराया गया। 24 लाख हेक्टेयर भूमि को अतिरिक्त सिंचाई की सुविधा उपलब्ध कराई गई। सरकार निजी नलकूप में भी किसानों को फ्री बिजली देती है और इसके लिए 3000 करोड़ रुपये का भुगतान भी करती है। सीएम ने कहा कि यूपी क्षेत्रफल में देश में चौथे स्थान पर है, इसके बावजूद खाद्यान्न, चीनी, एथेनॉल, आलू, सब्जी व दुग्ध का सर्वाधिक उत्पादन कर रहा है। सरकार के साथ किसानों की मेहनत का परिणाम सामने है। सरकार रबी, खरीफ के समय गोष्ठी के माध्यम से किसानों को बीज, तकनीक, शासन की योजनाओं के बारे में बताती है और उनके सुझावों/परेशानियों की जानकारी लेती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसान आत्मनिर्भरता के लक्ष्य को प्राप्त करने का माध्यम बनेगा। सरकार का काम है कि किसान शोषण-अभाव से मुक्त हो, उसके सामने चुनौती न हो, उनके कार्यों में बाधाओं को हटाया जाए। उन्हें अच्छा बीज मिल सके, सुविधा संपन्न करने के साथ उन्हें मंडी से जोड़ा जाए और समय पर उनकी आवश्यकताओं की पूर्ति की जाए। उत्तर प्रदेश में यह सब संभव हो पा रहा है। यूपी के पास देश की कुल कृषि योग्य भूमि में केवल 11 फीसदी भूमि है, लेकिन वह कुल खाद्यान्न उत्पादन में 21 फीसदी योगदान कर रहा है। यूपी की आबादी देश की कुल जनसंख्या का 16-17 फीसदी है। खाद्यान्न, सब्जी, औद्यानिक फसलों में यूपी देश को लीड कर रहा है, इसके बावजूद कई चुनौतियां भी हैं।

सीएम ने कहा कि यूपी में किसानों, सह किसानों (बटाईदारों) व उनके पारिवारिक सदस्यों को भी किसी हादसे की स्थिति में मुख्यमंत्री कृषक बीमा दुर्घटना योजना का लाभ दिया गया है। इस पर सरकार हर वर्ष एक हजार करोड़ रुपये खर्च करती है। किसान अतिवृष्टि, अनावृष्टि, लू, आकाशीय बिजली, वन्यजीव संघर्ष का शिकार हुआ तो सरकार 24 घंटे के अंदर पांच लाख रुपये की सहायता परिवार को उपलब्ध कराती है।

सीएम योगी ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न चौधरी चरण सिंह के नाम पर लखनऊ में सीड पार्क तथा कुशीनगर में कृषि व प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय का निर्माण किया जा रहा है। कृषि विज्ञान केंद्र उत्तम तकनीक व बीज की क्वालिटी के बारे में जानकारी के माध्यम बने हैं। इसके बाद भी बहुत कुछ किए जाने की आवश्यकता है। जितना किसानों ने उत्पादन बढ़ाया है, इसमें अभी लगभग तीन गुना और वृद्धि कर सकते हैं। हमें बीज की क्वालिटी, तकनीक और समय पर खेतीबाड़ी-फसल चक्र को अपनाना पड़ेगा। इससे उत्पादन बढ़ेगा। किसान इस दिशा में कार्य प्रारंभ करें।

सीएम ने चुनौतियों पर चर्चा करते हुए कहा कि उत्पादन का पहला चरण यह है कि किसानों को सही बीज प्राप्त हों। सीएम ने क्वालिटी पर जोर देते हुए कहा कि कितना भी उत्पादन कर लें, यदि उत्पाद एक्सपोर्ट के लायक नहीं तैयार किया गया तो उचित मुनाफा नहीं होगा। आम का यहां 40-50 रुपये दाम मिलेगा, जबकि यूरोप, अमेरिका समेत दुनिया के अन्य देशों में 800 से 1000 रुपये मिलता है। कार्गो का दाम डेढ़ सौ-200 रुपये होगा, फिर भी 600 रुपये प्रति किलो की बचत होगी। इसके लिए क्वालिटी जरूरी है। सरकार ने कार्गो के सेंटर विकसित किए हैं। सीएम ने अपील की कि खाद्यान्न, सब्जी, औद्यानिक फसल आदि में न्यूनतम केमिकल-पेस्टिसाइड का प्रयोग करें। सीएम ने निर्यात के मानकों पर खरा उतरने पर जोर देते हुए प्राकृतिक खेती (गो आधारित खेती) पर बल दिया। उन्होंने कहा कि इससे गोमाता की रक्षा भी होगी और केमिकल-पेस्टिसाइट से भी खेती का बचाव होगा। यह लागत को कम करने का भी माध्यम हो सकता है। किसान स्वयं वैज्ञानिक है। उसे पता है कि कब क्या करना है, बस तारतम्यता से जोड़ने की तैयारी करें। अतिवृष्टि व अनावृष्टि से बचने के लिए अभी से मौसम विभाग द्वारा दिए जाने वाले बुलेटिन के अनुरूप फसल चक्र को तैयार करें। यह कार्य बढ़ेंगे तो किसान की आमदनी भी बढ़ेगी।

सीएम ने फसल के विविधीकरण की चर्चा करते हुए गन्ना, सब्जियों के साथ ही सहफसली खेती पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि ऐसा करने वाले किसान अच्छा मुनाफा कमा रहे हैं। पिछले वर्ष मैंने व कृषि मंत्री ने मध्य यूपी के कई जनपदों में जाकर देखा कि किसान ने जैसे ही गेहूं की फसल काटी, तत्काल मक्का की खेती प्रारंभ की। इससे उन्हें एक लाख रुपये प्रति एकड़ की बचत भी हो रही है।

सीएम ने कहा कि पहले यूपी में सुरक्षा, सिंचाई, क्रय केंद्र समेत सरकारी सुविधाएं नहीं थीं तो किसान बमुश्किल एक से दो फसल करता था। अच्छे बीज नहीं मिल पाते थे। आज किसान तीन-तीन फसलें करके अच्छा मुनाफा कमा रहा है। बिना टैक्स बढ़ाए सरकार ने एमएसपी के माध्यम से अच्छा पैसा दिया। 2016-17 में 300 रुपये गन्ना भुगतान था, आज 400 रुपये प्रति कुंतल दिया जा रहा है। तकनीक, अच्छी क्वालिटी के बीज अपनाएं, केमिकल-पेस्टिसाइड को न्यूनतम कर प्राकृतिक खेती पर जोर दें तो बेहतर लाभ मिलेगा। सीएम ने गोष्ठी की उपयोगिता पर बल दिया और कहा कि आत्मनिर्भर व विकसित भारत के लिए विकसित खेती आज की आवश्यकता है। किसान तीन फसलों का व्यापक पैमाने पर उत्पादन करता है। फसल चक्र से जुड़ी चुनौतियों का कैसे मुकाबला कर सकते हैं, इस पर ध्यान देना होगा। इस बार मानसून औसत से कम बताया जा रहा है। इसके लिए रणनीति तय होनी चाहिए।

## पत्रकारों के सम्मान के लिए संयुक्त प्रेस क्लब संकल्पित : सुधीर



इटावा। लोकतंत्र के चौथे स्तंभ को सशक्त बनाने और श्रमजीवी पत्रकारों के हितों की रक्षा के लिए संयुक्त प्रेस क्लब, इटावा पूरी तरह प्रतिबद्ध है। संगठन के वरिष्ठ महामंत्री सुधीर मिश्र ने अपनी भावी कार्ययोजना साझा करते हुए कहा कि उनका पद केवल एक दायित्व नहीं, बल्कि इटावा के समस्त पत्रकार साथियों के विश्वास, सम्मान और सुरक्षा का एक मजबूत कवच है। महामंत्री सुधीर मिश्र ने अपने आधिकारिक वक्तव्य में कहा,ष्संयुक्त प्रेस क्लब इटावा मात्र एक संगठन नहीं, बल्कि हम सभी पत्रकारों का एक परिवार है। महामंत्री के रूप में मेरा एकमात्र लक्ष्य संगठन में अभेद्य एकता स्थापित करना, हर साथी के अधिकारों के लिए अग्रिम पंक्ति में खड़े रहना और पत्रकारिता के नैतिक मूल्यों को अक्षुण्ण बनाए रखना है। उन्होंने संकल्प दोहराया कि वे ईंट से ईंट जोड़कर संगठन को उस ऊंचाई पर ले जाएंगे, जहां हर छोटा-बड़ा पत्रकार खुद को सुरक्षित और गौरवान्वित महसूस कर सके।

## प्राचीन शिव मंदिर में शिवलिंग को तोड़ा, आरोपी गिरफ्तार

**गीडा, गोरखपुर।** गीडा थाना क्षेत्र के भरसाड़ गांव में बुधवार सुबह उस समय भारी तनाव फैल गया जब गांव के ही एक युवक ने प्राचीन शिव मंदिर में घुसकर शिवलिंग को सब्बल से तोड़ कर खंडित कर दिया। पूजा करने पहुंची एक महिला की तत्परता और ग्रामीणों की सूझबूझ से बड़ी घटना टल गई। ग्रामीणों ने आरोपी को मंदिर के अंदर ही बंधक बना लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। इस घटना से आक्रोशित सैकड़ों ग्रामीणों ने थाने पर धरना प्रदर्शन कर जमकर नारेबाजी की। मिली जानकारी के अनुसार बुधवार सुबह करीब 6 बजे भरसाड़ गांव की एक महिला रोज की तरह गांव के प्राचीन शिव मंदिर में पूजा-अर्चना करने गई थी। जैसे ही वह मंदिर परिसर में दाखिल हुई, उसने देखा कि गांव का ही युवक लल्लू चौहान पुत्र टिकोरी हाथ में सब्बल लेकर शिवलिंग पर प्रहार कर उसे तोड़ कर खंडित रहा है। महिला ने जब इसका कड़ा विरोध किया और उसे रोकने की कोशिश की तो आरोपी आगबबूला हो गया। वह महिला को ही सब्बल से मारने के लिए पीछे दौड़ पड़ा। महिला ने किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई और शोर मचाते हुए ग्रामीणों को घटना की जानकारी दी। शिवलिंग तोड़े जाने की खबर मिलते ही देखते ही देखते सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण मौके पर जुट गए। ग्रामीणों ने सूझबूझ का परिचय देते हुए आरोपी लल्लू को मंदिर के भीतर ही घेरकर बंद कर दिया और तुरंत गीडा पुलिस को सूचित किया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची गीडा पुलिस ने आरोपी युवक को हिरासत में ले लिया और अपने साथ थाने ले आई। इधर घटना से आक्रोशित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण गीडा थाना पहुंच गए। ग्रामीणों ने थाना परिसर में ही जमीन पर बैठकर धरना शुरू कर दिया और जय श्रीराम के नारे लगाते हुए आरोपी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई तथा मंदिर के जीर्णोद्धार की मांग पर अड़ गए। थाने पर बढ़ते तनाव को देखते हुए गीडा पुलिस के आला अधिकारियों ने मोर्चा संभाला। पुलिस ने आक्रोशित ग्रामीणों को समझा-बुझाकर शांत कराया ।

## चतुर्थ वार्षिकोत्सव पर विशाल मेला का आयोजन

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। क्षेत्र के काली मिट्टी चैराहे के समीप स्थित जय माँ दुर्गा मंदिर का चतुर्थ वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। मंदिर के चतुर्थ वार्षिकोत्सव पर विशाल मेले के आयोजन के साथ-साथ रंग उत्सव संस्था द्वारा रात में सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। मंदिर परिसर पर आयोजित जागरण में श्रद्धालु पूरी रात माता के भजनों पर झूमते रहे। उत्तर प्रदेश लोक एवं जनजाति संस्कृति संस्थान, लखनऊ के तत्वावधान में रंग उत्सव संस्था द्वारा मंगलवार को काली मिट्टी चैराहे के समीप स्थित जय माँ दुर्गा मंदिर का चतुर्थ वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। जय माँ दुर्गा मंदिर के चतुर्थ वार्षिकोत्सव पर संस्था द्वारा विशाल मेले का आयोजन किया गया। वहीं संस्था द्वारा मंगलवार देर शाम मंदिर परिसर में माता का विशाल जागरण भी आयोजित किया गया। देर शाम मुख्य अतिथि कलार्पण भारत के प्रदेश संगठन मंत्री सूरज गौतम एवं मेला समिति अध्यक्ष प्रेम सिंह द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ माता रानी के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण कर किया। कानपुर से आई जागरण पार्टी द्वारा जागरण क शुभारंभ भगवान श्री गणेश जी की स्तुति एवं वंदना से किया गया ।जागरण पार्टी में लखनऊ से आई भजन गायिका विंध्यवासनी त्रिपाठी ने अपनी सुमधुर वाणी से समा बांध दिया। उन्होंने ह्माऐ माँ मुझको ऐसा घर दे जिसमें तुम्हारा मंदिर होह्न से आरंभ कर ह्ममाता किसी गरीब की बिगड़ी संवार देह्न, ह्मएक छोटी सी कन्याह्न और ह्ममाँ मुरादें पूरी कर दे हलवा बाटूंगीह्न जैसे भजनों की श्रृंखला से पंडाल में उपस्थित श्रद्धालुओं को देर रात तक भक्तिरस में सराबोर रखा। इस दौरान मेला समिति के अध्यक्ष प्रेम सिंह द्वारा हिंदी दैनिक अखबारों के क्षेत्रीय प्रतिनिधियों एवं सम्राट नागरिकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। वही सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में सुश्री स्नेहा गौतम द्वारा प्रस्तुत मयूर नृत्य ने दर्शकों की विशेष वाहवाही लूटी। इसके अतिरिक्त स्थानीय कलाकारों द्वारा प्रस्तुत लोकगीत एवं लोकनृत्य ने मेले की रौनक को दोगुना कर दिया। ह्मजय माता दीह्न के उद्घोष से पूरा मेला परिसर गुंजायमान रहा। मेला समिति अध्यक्ष प्रेम सिंह ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान सर्वेश कुमार, आशीष कुमार, रुस्तम, राजू, मुकेश कश्यप सहित क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, मातृशक्ति एवं काफी संख्या श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## पंचवटी की वह रात पुस्तक का हुआ विमोचन



पाटन, उन्नाव। बालाजी धाम, ग्राम अढ़ौली मझिगँवा सेवक में बालाजी मंदिर स्थापना दिवस एवं अनुज तिवारी द्वारा समीक्षात्मक पुस्तक पंचवटी की वह रात एक अनुशीलन का विमोचन हुआ। जो कि उत्तर प्रदेश के प्रसिद्ध लेखक साहित्य भूषण डॉक्टर गणेश नारायण शुक्ल की मूल कृति पंचवटी की वह रात पर की गई समीक्षा कृति है। पुस्तक का लोकार्पण शिक्षक एवं साहित्य मनीषी प्रमोद कुमार काकुत्स्थ की अध्यक्षता और मुख्य अतिथि के रूप में के. बी. सिंह जेपीएस फाउंडेशन लखनऊ के संस्थापक, विशिष्ट अतिथि अंकुर सिंह शैक्षिक एवं समाज चिंतक लखनऊ की उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन, पुष्पार्जन के बाद आए हुए अध्यक्ष साहित्य मनीषी प्रमोद कुमार काकुत्स्थ, मुख्य अतिथि के. बी. सिंह एवं विशिष्ट अतिथि अंकुर सिंह तथा उपस्थित वाणी पुत्रों का अंग वस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर ग्राम के प्रथम नागरिक के रूप में प्रधान/प्रशासक राम भरोसे सिंह एवं शिक्षा के क्षेत्र में नए मापदंड करने वाले जितेंद्र सिंह ने सम्मानित किया गया। पुस्तक पर प्रकाश डालते हुए पुस्तक के लेखक सिंह ने कहा की मूल कृति हिन्दी-साहित्य की वह कृति है जिसे प्रख्यात कवि, लेखक और समालोचक डॉ. गणेश नारायण शुक्ल ने अपनी रचनात्मक गुणत्रयी से सँवारा है। राम कथा की एक अति संवेदनशील घटना को केन्द्र में रखकर जिस तरह से इस कृति में आकाश छूने की उड़ाने भरी गई हैं उससे कवि की असीम सामर्थ्य का पता तो चलता ही है साथ ही विद्वानो, समीक्षकों और सुधीजनो का ध्यान भी आकृष्ट करती और आश्चर्य में डालती है।

## भूमि संबंधी प्रकरणों में लापरवाही पर हो सख्त कार्रवाई: मुख्यमंत्री



गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनता दर्शन में भूमि संबंधी शिकायतों पर सख्त रुख अपनाया है। उन्होंने डीएम को निर्देशित किया कि भूमि संबंधी शिकायतों के निस्तारण में किसी भी स्तर पर लापरवाही मिलने पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित होनी चाहिए। प्रकरण की गंभीरता के अनुसार संबंधित के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई की जाए। किसी भी स्तर पर शिथिलता या लापरवाही कतई क्षम्य नहीं है। मुख्यमंत्री ने गोरखपुर प्रवास के दौरान लगातार दूसरे दिन बुधवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। कुछ लोगों ने जमीन से जुड़े मामलों में राजस्व कर्मियों की तरफ से लापरवाही किए जाने की शिकायत की तो उन्होंने डीएम को तत्काल कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए। इस अवसर पर इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे लोगों से उन्होंने कहा कि सरकार इलाज में पूरी मदद करेगी। इसके लिए जरूरतमंद लोगों का आयुष्मान कार्ड बनवाया जाएगा और इसके बाद भी जरूरत पड़ी तो विवेकाधीन कोष से सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। जनता दर्शन के दौरान मुख्यमंत्री ने मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिए कि हर जरूरतमंद, पात्र व्यक्ति का आयुष्मान कार्ड बनवाना सुनिश्चित किया जाए, ताकि उन्हें इलाज के लिए परेशान न होना पड़े। गोरखनाथ मंदिर परिसर में महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर आयोजित जनता दर्शन के दौरान सीएम योगी करीब 150 लोगों से मिले। उनके पास जाकर उनकी समस्याएं सुनीं। उनके प्रार्थना पत्रों का अवलोकन कर समस्या, शिकायत का संज्ञान लिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने लोगों को भरोसा दिया कि किसी को परेशान होने की जरूरत नहीं है, सरकार हर जरूरतमंद के साथ खड़ी है। एक महिला ने कुछ लोगों द्वारा मकान से बेदखल किए जाने की शिकायत की। इस पर मुख्यमंत्री ने अफसरों से कहा कि मकान पर महिला का कब्जा दिलाया जाए। उन्होंने अलग-अलग मामलों के निस्तारण के लिए संबंधित प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों को प्रार्थना पत्र संदर्भित करते हुए निर्देशित किया कि सभी समस्याओं का निस्तारण समयबद्ध, निष्पक्ष और संतुष्टिप्रद होना चाहिए। जनता दर्शन में एक महिला ने मां के इलाज के लिए सहायता देने का निवेदन किया।

## दो बच्चों की मौत पर चार चार लाख रुपये की सहायता मिली



इटावा। थाना बसरेहर क्षेत्र के ग्राम कृपालपुर मौजा अमृतपुर में 1 जून को खेत में बने जलभरावयुक्त गड्ढे में डूबने से दो मासूम बच्चों की मृत्यु होने की अत्यंत दुःखद घटना घटित हुई थी। घटना की जानकारी प्राप्त होते ही जिला प्रशासन एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा तत्काल संज्ञान लेते हुए आवश्यक राजस्व एवं प्रशासनिक कार्यवाही सुनिश्चित कराई गई। उक्त दुर्घटना में राजकुमार की पुत्री मनीषा आयु लगभग 10 वर्ष तथा मनोज के पुत्र प्रियांशु आयु लगभग 8 वर्ष की असामयिक मृत्यु हो गई थी। प्रकरण में शासन द्वारा निर्धारित प्रावधानों एवं मानकों के अनुरूप दैवीय आपदा राहत मद से आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई। मृतक दोनों बच्चों के आश्रित परिवारों को 4-4 लाख चार-चार लाख रुपये की अनुमन्य आर्थिक सहायता प्रदान की गई। विधायका सदर सरिता भदौरिया द्वारा शोक संतप्त परिवारों को राहत सहायता के चेक वितरित किए गए तथा परिजनों को सांत्वना देते हुए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया गया। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी सदर सहित राजस्व विभाग एवं जिला प्रशासन के अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने जनपदवासियों से अपील की है कि वर्षा ऋतु एवं जलभराव की परिस्थितियों में बच्चों की सुरक्षा के प्रति विशेष सतर्कता बरतें। खेतों में बने गड्ढों, तालाबों, नहरों, जलाशयों तथा अन्य जलभराव वाले स्थलों के समीप बच्चों को अकेले न जाने दें तथा संभावित जोखिम वाले स्थानों पर आवश्यक सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करें, जिससे ऐसी दुःखद घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके।

## ट्रकों की आमने-सामने भिड़ंत के बाद लगा जाम



उदी, इटावा। इटावा-ग्वालियर मार्ग पर ग्राम उदी के समीप स्थित चंबल पुल पर दो ट्रकों की आमने-सामने भिड़ंत के बाद लम्बा जाम लग गया। मध्यप्रदेश व उत्तरप्रदेश सीमा पर लगे लगभग चार किलोमीटर लंबे जाम को तीन घंटे बाद भी नही खोला जा सका। इटावा की ओर से भिण्ड की तरफ जा रहे एलपी ट्रक और 22 चक्का डम्फर में आमने-सामने जोरदार टक्कर में हालांकि कोई घायल नहीं हुआ लेकिन पुल के ऊपर पिलर संख्या 6 पर हुई टक्कर के बाद रास्ता पूरी तरह जाम हो गया। मध्यप्रदेश एवं उत्तरप्रदेश की सीमावर्तीय पुलिस की भारी मशक्कत के बाबजूद तीन घंटे की मशक्कत के बाद जाम को पूरी तरह नहीं खोला जा सका है। भारी गर्मी में लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। बताया गया है कि इटावा की ओर से भिंड जा रहा ट्रक तेज गति के कारण असन्तुलित हो गया और भिण्ड की ओर से आ रहे डम्फर में टक्कर मार दी गयी। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों वाहनों के अगले हिस्से क्षतिग्रस्त हो गए लेकिन किसी चालक, परिचालक को चोट नहीं लगी। टक्कर के बाद दोनों ट्रक खराब हो गए और देखते ही देखते जाम लग गया ।जाम की सूचना पर मध्य प्रदेश की सीमावर्तीय थानां फूप पुलिस एवं इटावा के बढ़पुरा थानां पुलिस मौके पर पहुंची तथा दोनों ट्रकों को पुल से हटाने की जुगत में लग गयी। कुछ समय बाद थानां बढ़पुरा पुलिस ने क्रेन की सहायता से दोनों क्षतिग्रस्त ट्रकों को हटाने का कार्य शुरू कराया गया। ट्रकों को पुल से हटाने में लगे समय के कारण दोनों प्रदेश सीमा में लगभग चार-चार किलोमीटर लंबा जाम लग गया। जिसमें बड़े वाहनों के साथ छोटे चार पहिया व तीन पहिया वाहन तक फंसे रहे। चंबल पुल पर तीन घंटे से अधिक समय तक यातायात काफी प्रभावित रहा। दूर दराज को आने जाने बाले बृद्ध, बच्चों व महिलाओं को भीषण गर्मी में जाम के कारण भारी परेशानी उठानी पड़ी। पुलिस द्वारा कड़ी मशक्कत के बाद धीरे-धीरे वाहनों को निकलवाकर यातायात सुचारु कराने में तीन घंटे से अधिक समय लगा है, शाम तीन बजे से लगा जाम छह बजे शाम तक पूरी तरह नहीं खुल सका था।

## सीडीओ ने रसोई का शुभारंभ किया



इटावा। राष्ट्रीय ग्रामीण अजीविका मिशन योजनान्तर्गत पचनद ब्रांड अंतर्गत तहसील परिसर सैफई में पचनद प्रेरणा रसोई का शुभारंभ अजय कुमार गौतम सीडीओ व प्रशिक्षु आईएएस कोमल पूनिया ने किया। सीडीओ ने रसोई संचालिका रश्मि ने तैयार किये गये भोजन की गुणवत्ता व स्वाद की सराहना करते हुए कहा कि स्वंय सहायता समूह की महिलाओं को आत्मनिर्भरता व सशक्तिकरण जनपद में अनूठी पहल मिसाल पेश कर रही है। पचनद प्रेरणा रसोई का मुख्य उद्देश्य स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन के साथ साथ आमजन को किफायती व पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराना है। एसडीएम सैफई सिद्धार्थ ने इस पहल को स्वंय सहायता समूह की महिलाओं के लिए आर्थिक उन्नति व सामुदायिक विकास को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेंगी। शुभारंभ कार्यक्रम में जिला विकास अधिकारी राकेश प्रसाद, उपायुक्त स्वतः रोजगार विनय कुमार, तहसीलदार सैफई आभा चैधरी, खंड विकास अधिकारी सैफई गौरव पुरोहित, सूर्यनारायन पांडेय जिला मिशन प्रबंधक, ब्लाक मिशन प्रबंधक बृजेन्द्र कुमार, धर्मेन्द्र श्रीवास्तव व समूह की महिलाएं उपस्थित रहीं।

## आमने-सामने भिड़ंत में 26 वर्षीय युवक की मौत

जसवंतनगर, इटावा। थाना क्षेत्र के इटावा-कचैरा रोड पर मंगलवार रात दो बाइकों की आमने-सामने हुई भिड़ंत में 26 वर्षीय युवक की मौत हो गई। हादसे के बाद टक्कर मारने वाला बाइक चालक अपनी बाइक मौके पर छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। नगरिया भाट, मौजा जगसौरा निवासी रामकुमार 26 पुत्र सुखाई लाल मंगलवार रात करीब 8.30 बजे ग्राम सकौआ से बाइक द्वारा अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान इटावा-कचैरा रोड पर सामने से आ रही बाइक ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में रामकुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन उन्हें उपचार के लिए अस्पताल ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई।

**मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लि0**
**अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मण्डल-पीलीभीत**

**ई-निविदा सूचना** **वि0आ0सं0 827, दिनांकः 03.06.2026**

**अल्पकालीन ई-निविदा सं0 एवं कार्य का संक्षिप्त विवरण**

1. 03/विविमपी/2026-27ः-विद्युत वितरण खण्ड-पीलीभीत, पूरनपुर एवं बीसलपुर के अन्तर्गत स्थापित विभिन्न क्षमता के वितरण परिवर्तकों की फेंसिंग एवं पावर परिवर्तकों व वितरण परिवर्तकों के अर्थिंग सम्बन्धी कार्य।
2. 04/विविमपी/2026-27ः-विद्युत परीक्षण खण्ड-पीलीभीत के अन्तर्गत विभिन्न 33/11 के.वी. विद्युत उपकेन्द्रों में प्रोटेक्शन सिस्टम के सुदृढीकरण हेतु दोषपूर्ण/खराब सामग्रियों को बदलने व आवश्यक उपकरणों की स्थापना करने का कार्य।

अल्पकालीन ई-निविदा की अंतिम तिथिः 17.06.2026, 12:00 बजे

विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाइट https//etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। अग्रेतर समस्त सूचनाएं वेबसाइट पर ही प्रदर्शित की जायेगी।

संक्षेप

## रेप पीड़िता बच्ची मजिस्ट्रेट के सामने पेश

मोहम्मदी खीरी। कस्बा में एक रेप पीड़िता बच्ची की हालत सामान्य होने पर डॉक्टर ने छुट्टी कर दी पुलिस ने भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मेडिकल परीक्षण के बाद मजिस्ट्रेट के पास साक्ष्य के लिए भेजा गया है। मंगलवार को सगे फूफा 7 वर्षीय भतीजी के साथ रेप कर दिया था जिससे उसकी हालत बिगड़ने लगी थी परिजनों ने इलाज के लिए जिला अस्पताल खीरी को में भर्ती कराया था। बुधवार को हालत सामान्य होने पर डॉक्टरों ने छुट्टी कर दी थी। जिसे भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया गया है। वहीं घटना को लेकर नगर में खासा रोष है। वहीं पीड़िता घटना के बाद गुमसुम है। जिसको लेकर प्रमुख लोगों ने सी ओ अरुण कुमार सिंह से मिलकर आरोपी को कठोर से कठोर सजा दिलाने की मांग की है। वहीं नगर में तमाम चचाओं का बाजार गर्म है।

## खड़े ट्रक में पीछे से घुसी कार, दो मजदूरों की मौत

पसगवां खीरी। कोतवाली मैगलगंज क्षेत्र के औरंगाबाद से बरबर जाने वाले मार्ग पर बीती मंगवार रात करीब 9 बजे एक दर्दनाक हादसा हो गया हादसे में दो मजदूरों की मौत हो गई बताया जा रहा है कि बीती रविवार को औरंगाबाद से बरबर जाने मार्ग पर एक कोयले से भरा ट्रक अनियंत्रित होकर खाई में पलट गया था, वही मंगलवार को पलटे हुए ट्रक से कोयला रहजनिया गांव करीब 14 मजदूरों द्वारा एक दूसरे ट्रक में लोड किया जा रहा था इसी दौरान रात करीब 9 बजे तेज रफ्तार से आ रही डिजायर कार संख्या यूपी 31 बी यक्स 8894 कोयला लोड हो रहे खड़े ट्रक में अचानक पीछे से आकर घुस गई हादसे की चपेट में आने से काम कर रहे दो मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई, और कार के परखच्चे उड़ गए, हादसे के बाद मौके पर अफरा तफरी मच गई, वही मृतकों की पहचान रहजनिया निवासी संदीप पुत्र पालेवर और हरिओम पुत्र नत्थू के रूप में हुई है, घटना की सूचना मिलते ही परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचे और विरोध जताते हुए, मार्ग पर जाम लगा दिया। सूचना मिलते ही सीओ मितौली यादवेंद्र यादव, कोतवाली प्रभारी मैगलगंज, भारी मात्रा में पुलिस बल के साथ पहुंचे अधिकारियों ने परिजनों और ग्रामीणों को समझाकर जाम खुलवाया पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। और जांच शुरू कर दी है।

## मासूम से दरिंदगी कर फरार आरोपी गिरफ्तार

सीतापुर। अटरिया थाना क्षेत्र में 13 वर्षीय किशोरी से दुष्कर्म के मामले में फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार गिरफ्तारी से बचने के लिए आरोपी ने पुलिस टीम पर फायरिंग की, जिसके जवाब में हुई कार्रवाई में उसके पैर में गोली लग गई। घायल आरोपी को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार मंगलवार को अटरिया थाना के एक गांव में खेत की रखवाली कर रही 13 वर्षीय किशोरी के साथ दुष्कर्म की वारदात हुई थी। आरोप है कि गांव के ही सतीश उर्फ छोटू पुत्र सुरेश ने किशोरी का मुंह दबाकर उसे झाड़ियों में खींच लिया और दुष्कर्म किया। पुलिस ने दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी थी। बुधवार सुबह पुलिस को सूचना मिली कि वांछित आरोपी क्षेत्र में मौजूद है। सूचना पर पुलिस टीम ने बंदरिया बाजार से मिशनी जाने वाले मार्ग पर अकबरपुर मोड़ के पास घेराबंदी की। आरोपी ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की, जिसमें आरोपी के पैर में गोली लग गई। घायल होने के बाद पुलिस ने उसे मौके से गिरफ्तार कर लिया।

# विधायक के प्रयास से आईटीआई में शुरू होंगे विकास कार्य



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। लंबे समय से बंद पड़े कुंभी स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) के पुनः संचालन की दिशा में बड़ी पहल शुरू हो गई है। क्षेत्रीय विधायक अमन गिरि के प्रयासों से संस्थान को आधुनिक सुविधाओं से लैस कर दोबारा संचालित करने की तैयारी तेज हो गई है।

विधायक के प्रयासों से शासन द्वारा आईटीआई के विकास और आधुनिकीकरण के लिए 3.83 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है। इस धनराशि से संस्थान में आधुनिक कार्यशालाएं, प्रशिक्षण कक्ष और अन्य शैक्षणिक सुविधाओं का निर्माण कराया जाएगा, जिससे विद्यार्थियों को बेहतर तकनीकी प्रशिक्षण उपलब्ध हो सके। इसके अलावा टाटा कंपनी द्वारा कॉर्पोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी (सीएसआर) योजना के अंतर्गत 3.58 करोड़ रुपये की लागत से संस्थान के अधूरे कार्य पूरे कराए जाएंगे। इसके तहत कार्यशाला भवन ब्लॉक, सिविल एवं विद्युत कार्य, एकेडमिक ब्लॉक में फायर फाइटिंग सिस्टम, परिसर की सड़कें, 20 केएल क्षमता का ओवरहेड टैंक, पंप रूम, गार्ड रूम, मीटर रूम, रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, दोपहिया एवं चारपहिया वाहन पार्किंग सहित कई महत्वपूर्ण सुविधाओं का निर्माण कराया जाएगा। बताया गया है कि इन विकास कार्यों का भूमि पूजन जल्द ही विधायक अमन गिरि द्वारा किया जाएगा।

वहीं बलरामपुर चीनी मिल के सहयोग से संस्थान के पुराने भवनों की मरम्मत कर उन्हें आधुनिक स्वरूप दिया जाएगा। इन भवनों में विद्यार्थियों के लिए स्मार्ट क्लास की व्यवस्था भी विकसित की जाएगी, जिससे तकनीकी शिक्षा को नई दिशा मिल सके। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि वर्षों से बंद पड़े आईटीआई संस्थान के पुनर्जीवित होने से युवाओं को रोजगारपरक शिक्षा के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। विधायक अमन गिरि ने कहा कि युवाओं को गुणवत्तापूर्ण तकनीकी शिक्षा उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है। आईटीआई के पुनः संचालन और आधुनिकीकरण से क्षेत्र के युवाओं को रोजगार और कौशल विकास के बेहतर अवसर प्राप्त होंगे।

## पर्यावरण संरक्षण के प्रति किया जागरूक





गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। भारत विकास परिषद छोटी काशी गोला के तत्वावधान में बुधवार को एसडी इंटरनेशनल स्कूल, घरथनिया में पर्यावरण जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं पूजन-अर्चन के साथ हुआ।

मुख्य वक्ता कृषक समाज इंटर कॉलेज के प्रवक्ता डॉ. अनिल कुमार ने कहा कि प्लास्टिक और पॉलीबैग का बढ़ता उपयोग पर्यावरण के लिए गंभीर खतरा बनता जा रहा है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्लास्टिक के प्रयोग से बचने, अधिक से अधिक पौधरोपण करने तथा जल संरक्षण अपनाने के लिए प्रेरित किया। पर्यावरण गतिविधि प्रमुख एवं सीजीएन पीजी कॉलेज के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. योगेश कन्नौजिया ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। उन्होंने लोगों से प्लास्टिक से बनी वस्तुओं का उपयोग कम करने और दूसरों को भी इसके लिए जागरूक करने की अपील की। इस अवसर पर भारत विकास परिषद के अध्यक्ष अनुज खरे, सचिव मनोज वर्मा, कोषाध्यक्ष सुशील वर्मा, आदर्श जायसवाल, शैलेन्द्र वर्मा, अजय गुप्ता, विद्यालय की प्रधानाचार्या योगवती वर्मा, शिक्षकगण, छात्र-छात्राएं एवं ग्रामीण मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन मनोज कुमार वर्मा ने किया।

## अफीम के साथ 6 तस्कर गिरफ्तार

निघासन खीरी। कोतवाली पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल करते हुए 3.024 किलोग्राम अवैध अफीम के साथ 6 तस्करों को गिरफ्तार किया है। बरामद अफीम की अनुमानित कीमत भारतीय बाजार में लगभग 15 लाख रुपये तथा अंतरराष्ट्रीय बाजार में करीब 60 लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त एक स्विफ्ट कार (यूपी 31 सीयू 1123) को भी कब्जे में लेकर कार्रवाई की है। पुलिस वरिष्ठ अधीक्षक डॉ. ख्याति गर्ग के निर्देशन, क्षेत्राधिकारी शिवम कुमार के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक निघासन अवधराज सिंह सेंगर के नेतृत्व में चलाए गए अभियान के तहत बड़ी कार्यवाही की पुलिस टीम ने वाहन की जांच के दौरान दो पैकेटों में रखी गई कुल 3.024 किलोग्राम अफीम बरामद की, जिसमें एक पैकेट का वजन 1.986 किलोग्राम तथा दूसरे का 1.038 किलोग्राम पाया गया। गिरफ्तार आरोपियों में सुबेग सिंह उर्फ काला (31), सारज सिंह (23), पारस सिंह (25), गुरनैब सिंह (25), देवेन्द्र सिंह (26) और अगरेज सिंह (50) शामिल हैं। सभी आरोपी थाना तिकुनिया क्षेत्र के विभिन्न गांवों के निवासी बताए गए हैं। पुलिस के अनुसार आरोपियों के खिलाफ थाना निघासन में एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज किया गया है। कुछ आरोपियों के विरुद्ध पूर्व में भी आपराधिक मामले दर्ज होने की जानकारी सामने आई है। गिरफ्तार सभी अभियुक्तों को आवश्यक विधिक कार्यवाही के बाद न्यायालय के समक्ष पेश किया गया पुलिस का कहना है कि जनपद में नशा तस्करी के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और ऐसे अपराधों में संलिप्त लोगों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। कार्यवाही में शामिल पुलिस टीम प्रभारी निरीक्षक अवधराज सिंह सेंगर, उपनिरीक्षक राजवीर सिंह, उपनिरीक्षक आदित्य कुमार यादव, कांस्टेबल प्रशांत तेवतिया, संजय यादव, सुरेन्द्र दुबे, कुलदीप, आशुतोष गुप्ता, गौरव सिंह एवं प्रभात सिंह मौजूद रहे।

## 350 मरीजों की हुई निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में जांच, दवाएं वितरित



सीतापुर। राजा टोडरमल पार्क में बुधवार को नेशनल होम्योपैथी स्टोर एवं एसएल फार्मा कंपनी के सहयोग से निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ अपर पुलिस अधीक्षक आलोक कुमार सिंह ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर नायब तहसीलदार सदर प्रियंका भी मौजूद रहीं। दोनों अतिथियों का माल्यार्पण कर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान राजा टोडरमल स्मारक समिति के पदाधिकारियों ने राजा टोडरमल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं राजस्व सुरक्षा सेवादल (आरएसएसडी) की पिछड़ा वर्ग महिला अध्यक्ष इंदू रानी ने अतिथियों को पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। शिविर में अनुभवी होम्योपैथिक चिकित्सकों डॉ. अर्जुन, मोहम्मद कयामुद्दीन खान, आशीष जैन और सौरभ गुप्ता ने मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। इस दौरान शुगर, ब्लड प्रेशर और वजन की जांच की गई। चिकित्सकों ने लगभग 350 मरीजों का परीक्षण कर उन्हें आवश्यक परामर्श और निःशुल्क दवाएं उपलब्ध कराईं।

## लूट करने वाले गिरोह के पांच सदस्य गिरफ्तार

लखीमपुर खीरी। नीमगांव थाना पुलिस और शातिर लुटेरों के बीच हुई मुठभेड़ में पुलिस ने एक बड़े अंतरजनपदीय गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने घेराबंदी कर 5 शातिर अपराधियों को गिरफ्तार किया है, जिसमें से एक आरोपी पैर में गोली लगने से घायल हुआ है। इस गैंग की गिरफ्तारी से खीरी और सीतापुर जिले की करीब आधा दर्जन लूट और चोरी की घटनाओं का खुलासा हुआ है।

एसएसपी खीरी डॉ. ख्याति गर्ग ने बताया कि थानाध्यक्ष नीमगांव पुलिस टीम को यह बड़ी सफलता मिली है। दिनांक 22 मई 2026 को थाना क्षेत्र नीमगांव में हुई चोरी की घटना में वांछित अभियुक्तों की तलाश में नीमगांव पुलिस टीम चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने अल्हवापुर पुल के पास घेराबंदी की। खुद को घिरता देख मोटरसाइकिल सवार बदमाशों ने पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नियत से ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस द्वारा आत्मरक्षार्थ की गई जवाबी कार्रवाई में मुख्य अभियुक्त मौजीराम (उम्र 22 वर्ष, निवासी मूड़ा हूसा, थाना महोली, सीतापुर) के पैर में गोली लग गई, जिसे तत्काल इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। पुलिस ने मौके से घेराबंदी कर मौजीराम सहित कुल 5 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए गए अन्य अभियुक्तों में आलोक कुमार (उम्र 19 वर्ष), सुमित प्रजापति (उम्र 24 वर्ष), सर्वेश राठौर (उम्र 34 वर्ष) सभी निवासी थाना महोली, जनपद सीतापुर तथा अभय प्रताप सिंह (उम्र 25 वर्ष, निवासी दौदापुर, थाना नीमगांव, जनपद खीरी) शामिल हैं। एसएसपी डॉ. ख्याति गर्ग ने यह भी बताया कि यह गिरोह बेहद शातिर ढंग से वारदातों को अंजाम देता था। मौजीराम अपने साथियों के साथ दो मोटरसाइकिलों पर सवार होकर लाइसेंसी शराब की दुकानों के सेल्समैनों का पीछा करता था। इसके बाद सुनसान रास्ता मिलते ही वे सेल्समैनों को रोक लेते थे और असलहे के बल पर डरा-धमकाकर उनका कैश और मोबाइल लूटकर फरार हो जाते थे। पूछताछ में यह बात सामने आई है कि सीतापुर के थाना पिसावा और रामकोट क्षेत्र में भी इन्होंने इसी तरह से शराब सेल्समैनों के साथ छिनैती व लूट की वारदातों को अंजाम दिया था।

इस गिरोह की गिरफ्तारी से पुलिस ने तीन बड़े मुकदमों का सफल अनावरण किया है। इनमें पहला मामला थाना पिसावा (सीतापुर) का है, जहां 29 मई को रास्ते में टॉर्च मारकर वीवो मोबाइल लूटा गया था। दूसरा मामला थाना नीमगांव (खीरी) का है, जहां 22 मई को सीएचसी बेहजम में खड़ी एक गाड़ी की डिग्गी से मंगलसूत्र, दो मोबाइल और 5 हजार की चोरी की गई थी। तीसरा मामला थाना महोली (सीतापुर) का है, जहां 30 मई को एक परचून दुकानदार से ओप्पो मोबाइल, चाबियां और 4 हजार नगद चोरी किए गए थे।

## धौरहरा के विरल बने डिप्टी कलेक्टर उत्तराखंड पीसीएस में हासिल की सातवीं रैंक



धौरहरा खीरी। धौरहरा तहसील के बेलवा मोती गांव के मूल निवासी विरल शर्मा ने उत्तराखंड लोक सेवा आयोग (यूकेपीएससी) की परीक्षा में सातवीं रैंक हासिल कर जिले का नाम रोशन किया है। चयन के बाद उनका डिप्टी कलेक्टर (एसडीएम) पद पर नियुक्ति का रास्ता साफ हो गया है। वर्तमान में राजाजीपुरम में रहने वाले विरल शर्मा के पिता बलराम शर्मा बेसिक शिक्षा विभाग से प्रधानाध्यापक पद से सेवानिवृत्त हैं, जबकि उनकी माता कुसुम लता शर्मा गृहिणी हैं। विरल शुरू से ही मेधावी छात्र रहे हैं। उन्होंने हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाओं में टॉप किया था। इसके बाद उन्होंने एनआईटी इलाहाबाद से बीटेक की डिग्री प्राप्त की इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी करने के बाद विरल ने सिविल सेवा में जाने का लक्ष्य तय किया और यूपीएससी की तैयारी शुरू कर दी। वह तीन बार यूपीएससी की मुख्य परीक्षा तक पहुंचे, लेकिन अंतिम चयन नहीं हो सका। इसके बावजूद उन्होंने अपने प्रयास जारी रखे और लक्ष्य से पीछे नहीं हटे। इसी दौरान उन्होंने उत्तराखंड लोक सेवा आयोग की परीक्षा दी। दो दिन पूर्व घोषित परिणाम में विरल शर्मा ने सातवीं रैंक प्राप्त कर सफलता का परचम लहराया। उनकी उपलब्धि से परिवार और क्षेत्र में खुशी का माहौल है। बेटे की सफलता पर पिता बलराम शर्मा, माता कुसुम लता शर्मा सहित परिजनों ने प्रसन्नता जताई। रिश्तेदारों, मित्रों और शुभचिंतकों ने विरल को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। क्षेत्र के लोगों ने इसे धौरहरा और खीरी जिले के लिए गौरव का क्षण बताया है।

## पूर्व सांसद की हत्या की साजिश नाकाम

सीतापुर। भाजपा के पूर्व सांसद एवं वर्तमान में उत्तर प्रदेश पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष राजेश वर्मा की हत्या की



कथित साजिश को पुलिस ने समय रहते विफल कर दिया। पुलिस ने एक ऐसे आरोपी को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है, जो कथित रूप से पुरानी जमीनी रंजिश के चलते पूर्व सांसद के तम्बौर स्थिति आवास के बाहर हथियारों से लैस होकर पहुंचा था। पुलिस के अनुसार कस्बे के मोहल्ला शेखन टोला निवासी शादाब पुत्र जाफर को 2 जून की शाम पूर्व सांसद के आवास के बाहर लोडेड तमंचा, कारतूस और चाकू के साथ संदिग्ध परिस्थितियों में घूमते हुए पकड़ा गया था। प्रारंभिक पूछताछ में हत्या की नीयत से आने की बात सामने आई। हालांकि थाने ले जाते समय आरोपी पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देश पर विशेष अभियान चलाया गया। मंगलवार देर रात सूचना मिली कि आरोपी ज्ञानेंद्र भट्ठे के निकट एक आम के बाग में छिपा

### मुठभेड़ में आरोपी गिरफ्तार

हुआ है। पुलिस ने घेराबंदी की तो आरोपी ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में उसके पैर में गोली लगी, जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 312 बोर का तमंचा, दो खोखा कारतूस, दो जिंदा कारतूस तथा एक चाकू बरामद किया है। घायल आरोपी को उपचार के लिए सीएचसी तम्बौर में भर्ती कराया गया है। पुलिस अब पूरे घटनाक्रम और कथित साजिश की गहन जांच कर रही है। पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी शादाब का दावा है। पूर्व सांसद राजेश वर्मा ने उसकी जमीन पर अवैध कब्जा कर रखा है इसी कथित जमीन विवाद को लेकर वह लंबे समय से रंजिश रखता था। पुलिस अब जमीन विवाद के सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

### शादाब वर्तमान में बिहार में करता है नौकरी

सीतापुर। तम्बौर क्षेत्र का रहने वाला शादाब पुत्र जाफर वर्तमान में बिहार में नौकरी करता है, जबकि उसकी पत्नी बाराबंकी में रहती है। पुलिस जांच के अनुसार वह बकरीद के मौके पर अपने घर आया हुआ था। इसी दौरान वह कथित रूप से पूर्व सांसद राजेश वर्मा के आवास के बाहर हथियारों के साथ पहुंच गया। पुलिस का दावा है कि पूछताछ में पुरानी जमीनी रंजिश के चलते हत्या की नीयत से वहां आने की बात सामने आई थी। हिरासत में लिए जाने के बाद वह पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया, जिससे पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। बाद में देर रात आम के बाग में हुई मुठभेड़ के दौरान उसे दोबारा गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के मुताबिक अब तक आरोपी का कोई आपराधिक इतिहास सामने नहीं आया है, लेकिन पुलिस पर फायरिंग और पूर्व सांसद के आवास के बाहर हथियारों के साथ पहुंचने की घटना ने उसे अचानक सुर्खियों में ला दिया है।

## डीएम ने किया निरीक्षण, दिए कार्रवाई के आदेश

सीतापुर। कचनार गांव के आयुष्मान आरोग्य मंदिर में बुधवार को उस समय हड़कंप मच गया जब जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. औचक निरीक्षण के लिए पहुंच गईं। स्वास्थ्य केंद्र पर अभिलेखों और व्यवस्थाओं की पड़ताल के दौरान एक के बाद एक कमियां सामने आती गईं, जिसके बाद डीएम ने मौके



पर ही कार्रवाई के आदेश दे दिए। निरीक्षण के दौरान डीएम ने एक महिला से उसके बच्चे के टीकाकरण की जानकारी ली और पुस्तिका की जांच करने के बाद अपने सामने ही शिशु का टीकाकरण कराया। इसके बाद जब एचआरपी रजिस्टर, गर्भवती महिलाओं की ट्रैकिंग सूची और अन्य अभिलेख खंगाले गए तो उनमें कई त्रुटियां मिलीं। सबसे सख्त कार्रवाई एएनएम के खिलाफ हुई। रिकॉर्ड में खामियां मिलने पर डीएम ने अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू करने और अगले आदेश तक वेतन रोकने के निर्देश दिए।

वहीं गर्भवती महिलाओं से जुड़े अभिलेखों में लापरवाही मिलने पर आंगनबाड़ी कार्यकत्री को नोटिस जारी करने का आदेश दिया गया। पुष्टाहार वितरण में भी गड़बड़ी सामने आने पर सुपरवाइजर को फटकार पड़ी। प्रभारी चिकित्साधिकारी की निगरानी व्यवस्था पर भी सवाल उठे, जिस पर उन्हें नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के अंत में डीएम ने नवागत मुख्य चिकित्सा अधिकारी को जिले के सभी आरोग्य मंदिरों की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। एक ही निरीक्षण में कई स्तरों पर मिली लापरवाही ने स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## मां की डंडे से पीटकर हत्या का आरोप गिरफ्तार



सीतापुर। मानपुर थाना क्षेत्र के कटरा गांव में बुधवार को रिश्तों को झकझोर देने वाली घटना सामने आई। 56 वर्षीय शिव कुमारी की उनके ही बेटे द्वारा डंडे से पीट-पीटकर हत्या किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। घटना के बाद आरोपी गांव में घूमकर लोगों को मां की मौत की जानकारी देता रहा, लेकिन जब पुलिस मौके पर पहुंची तो मामला हत्या का निकला। जानकारी के अनुसार शिव कुमारी पत्नी स्वर्गीय श्यामलाल पिछले करीब दस वर्षों से कटरा गांव में रह रही थीं। बुधवार सुबह करीब नौ बजे उनका बड़ा बेटा हरेंद्र कुमार गांव में लोगों से कहता फिर रहा था कि उसकी मां की मृत्यु हो गई है। ग्रामीणों को उसके व्यवहार पर संदेह हुआ और सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने छप्पर के नीचे शिव कुमारी का रक्तरंजित शव बरामद किया। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि उनकी डंडे से पीट-पीटकर हत्या की गई है। ग्रामीणों के मुताबिक घटना के समय हरेंद्र नशे की हालत में था। पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की और बाद में गिरफ्तार कर लिया। मृतका के छोटे पुत्र अशोक कुमार ने बताया कि उनके पिता श्यामलाल का करीब ढाई महीने पहले निधन हो गया था। पिता की मौत के बाद परिवार पहले से ही सदमे में था। अब मां की हत्या से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। थाना प्रभारी आशुतोष मिश्रा ने बताया कि आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## नहाते समय करंट लगने से युवक की मौत

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। शहर से सटे ग्राम जहानपुर में मंगलवार को एक दर्दनाक हादसे में 26 वर्षीय युवक की करंट लगने से मौत हो गई। घटना उस समय हुई जब युवक घर पर नहाने की तैयारी कर रहा था। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया। ग्राम जहानपुर निवासी मूलचंद का पुत्र तरुण (26) घर पर नहाने के लिए पानी भरने की तैयारी कर रहा था। बताया जाता है कि जैसे ही वह पानी की मोटर चलाने पहुंचा, मोटर में उतरे करंट की चपेट में आ गया। करंट का झटका इतना तेज था कि वह मौके पर ही गंभीर रूप से झुलस गया। घटना की जानकारी होते ही परिजन और आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। आनन-फानन में युवक को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

## सांसद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट में हुई बैठक



लखीमपुर-खीरी। जनपद स्तरीय गठित जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक बुधवार को कलेक्ट्रेट में खीरी सांसद उत्कर्ष वर्मा 'मधुर' की अध्यक्षता और धौरहरा सांसद आनंद भदौरिया की उपस्थिति में सम्पन्न हुयी।

बैठक का संचालन सीडीओ अभिषेक कुमार ने किया। बैठक में मुख्य रूप से डीएम अंजनी कुमार सिंह, सीडीओ अभिषेक कुमार, संयुक्त विकास आयुक्त शिवाकांत द्विवेदी, डीएफओ तापस मिहिर, सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता, एएसपी अमित कुमार राय, पीडी सतीश कुमार पांडेय, डीडीओ गजेंद्र प्रताप सिंह, नपाप गोला विजय शुक्ल रिंकू, ब्लॉक प्रमुख पवन गुप्ता, वीना राज, महेंद्र बाजपेई, समिति के नामित सदस्य सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, उनके प्रतिनिधि मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता करते हुए सांसद उत्कर्ष वर्मा ने कहा कि सभी अधिकारियों ने केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी, लाभकारी योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में जरूरी जानकारी उपलब्ध कराते हुए जिले के उल्लेखनीय कार्यों को भी रेखांकित किया और जहां कमियां है, वहां और सुधार की आवश्यकता है। सभी अधिकारी टीम भावना से केंद्र और प्रदेश सरकार की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं, कार्यक्रमों एवं नीतियों को जमीन पर साकार करते हुए जिले को सभी फ्लैगशिप योजना में प्रथम स्थान पर लाने हेतु काम करें। उन्होंने उपस्थित सभी अधिकारियो को धन्यवाद भी कहा। सांसद आनंद भदौरिया ने शासन की योजनाओं का गुणवत्तापरक एवं समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। पात्र लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभ प्रभावी ढंग से पहुंचाने पर विशेष बल दिया। बैठक में सांसद उत्कर्ष वर्मा ने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत जिन घरों तक अब तक पाइपलाइन नहीं पहुंच सकी है, उनका शत-प्रतिशत आच्छादन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने पाइपलाइन बिछाने के दौरान क्षतिग्रस्त हुई सड़कों की गुणवत्तापूर्ण मरम्मत कराने पर जोर देते हुए डीएम से इस विषय पर अलग बैठक आयोजित करने का आग्रह किया। बैठक में लखीमपुर-गोला मार्ग पर निमार्णाधीन रेलवे ओवरब्रिज (आरओबी) में बल्जिंग का मुद्दा भी उठा। अधिशासी अभियंता ने बताया कि मामले की जांच मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान से कराई गई है।

## प्रेम प्रसंग के विवाद में महिला ने खाया जहरीला पदार्थ, मौत



पिपरिया धानी, खीरी। वीओएल। रेहरिया चौकी क्षेत्र के ग्राम झखरा में एक विवाहिता की जहरीला पदार्थ खाने के बाद इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं मामले से जुड़ी एक महिला को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है।

ग्राम झखरा निवासी जसविंदर कुमार भार्गव की पत्नी सिंकी देवी (28) का विवाह करीब 11 वर्ष पूर्व हुआ था। बताया जाता है कि जसविंदर कुमार का गांव की ही एक महिला से पिछले तीन वर्षों से प्रेम प्रसंग चल रहा था। इसे लेकर पति-पत्नी के बीच अक्सर विवाद होता रहता था। बताया जाता है कि मंगलवार को एक बार फिर दोनों के बीच कहासुनी हो गई। आरोप है कि विवाद से क्षुब्ध होकर सिंकी देवी ने गुस्से में कोई जहरीला पदार्थ खा लिया, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। परिजन आनन-फानन में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे शाहजहांपुर रेफर कर दिया। परिजन विवाहिता को इलाज के लिए शाहजहांपुर ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर रेहरिया चैकी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामले की जांच के दौरान पुलिस ने संबंधित महिला को पूछताछ के लिए हिरासत में लेकर थाने भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## रोमांचक मुकाबलों के साथ शुरू हुआ 19वां गोला कप



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। स्वर्गीय राजेंद्र गिरि स्टेडियम, पब्लिक इंटर कॉलेज मैदान पर मंगलवार शाम दूधिया रोशनी और उत्साहपूर्ण माहौल के बीच 19वें गोला कप डे-नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ हुआ। उद्घाटन मुख्य अतिथि यूपी ग्रामीण बैंक के रीजनल मैनेजर सुमित कौशिक ने फीता काटकर किया। उन्होंने आयोजन समिति की सराहना करते हुए कहा कि पिछले 19 वर्षों से लगातार आयोजित हो रहा यह टूर्नामेंट क्षेत्र की क्रिकेट प्रतिभाओं को मंच देने के साथ उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा भी दे रहा है।

उद्घाटन समारोह के बाद खेले गए पहले मुकाबले में यूपी ग्रामीण बैंक और हफीजपुर क्रिकेट क्लब आमने-सामने रहे। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए यूपी ग्रामीण बैंक की टीम ने अरविंद के 30 और मनीष के 24 रनों की मदद से 10 ओवर में 79 रन बनाए। जवाब में हफीजपुर क्रिकेट क्लब की टीम रेहान के 43 रनों के बावजूद 74 रन ही बना सकी और पांच रन से मुकाबला हार गई। दूसरे मैच में राजेंद्र गिरि मेमोरियल एकेडमी और राजेंद्र गिरि मैरिज लॉन के बीच मुकाबला खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए मैरिज लॉन की टीम ने बासु की 32 रनों की पारी की बदौलत 76 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी मेमोरियल एकेडमी की टीम बासु की घातक गेंदबाजी के सामने टिक नहीं सकी। बासु ने चार विकेट लेकर टीम को 59 रन पर समेट दिया और मैरिज लॉन ने शानदार जीत दर्ज की। टूर्नामेंट के दौरान मैदान पर बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे। दर्शकों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और रोमांचक मुकाबलों का आनंद लिया। मैचों में अंपायरिंग की जिम्मेदारी सौरभ शुक्ल, रोहित गुप्त और पवन कश्यप ने निभाई। इस अवसर पर विधायक अमन गिरि, एनडी शर्मा, सुरेंद्र शर्मा, आयोजन समिति के अध्यक्ष जनार्दन गिरि, मंत्री केके शुक्ल, उपाध्यक्ष मधुसूदन गिरि, बदरे आलम खान, जोगेश साहनी, रवेंद्र गिरि, द्वारिका रस्तोगी, श्रीराम राजपूत, कमाल अहमद, शोभित सिंह, अवधेश मिश्र, धर्मेंद्र गिरि, मधुकर शैदाई, योगेंद्र भसीन और राजेंद्र निषाद सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

संक्षेप

## विकास प्रदर्शनी का अवलोकन

रायबरेली। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा विकास खण्ड राही परिसर में सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित केन्द्र सरकार व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास कार्यों, उपलब्धियों तथा प्रदेश एवं जनपद में स्थापित किए गए नए कीर्तिमानों पर आधारित तीन दिवसीय प्रदर्शनी का जिलाध्यक्ष भाजपा बुद्धिलाल पासी द्वारा अवलोकन किया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष ने कहा कि केन्द्र सरकार के 12 वर्ष कार्यकाल पूर्ण होने व उ0प्र0 सरकार के कार्यकाल के 09 वर्ष पूर्ण होने पर प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रदर्शनी के माध्यम से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी लोगों तक पहुंचाने व समाज के अंतिम व्यक्ति तक उन योजनाओं का लाभ पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है, जिससे कि कोई भी पात्र लाभ से वंचित न रहें। इस अवसर पर नगर प्रभारी, शिवेन्द्र सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजीव अग्रवाल, पूर्व नगर अध्यक्ष अभिषेक वर्मा, प्रभारी जगतपुर संतोष सिंह, नगर उपाध्यक्ष, अति0 जिला सूचना अधिकारी कौशलेन्द्र सिंह सहित सूचना विभाग के कर्मचारी व मीडिया संस्थान के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

## पिस्टल लेकर घूम रहा युवक चढ़ा पुलिस के हत्थे

सुलतानपुर (वीओएल)। अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत अखण्डनगर पुलिस ने एक युवक को अवैध पिस्टल और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। बुधवार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक युवक कुन्दा भैरीपुर टावर-नेमपुर मार्ग के पास संदिग्ध अवस्था में मौजूद है। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने घेराबंदी कर उसे दबोच लिया। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार युवक की पहचान अभिनव मिश्रा (21) पुत्र गिरीश मिश्रा निवासी जगतपुर बिलटई, थाना मालीपुर, जनपद अंबेडकरनगर के रूप में हुई। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से .32 बोर की एक अवैध पिस्टल और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। बरामदगी के आधार पर अखण्डनगर थाने में आर्म्स एक्ट की धारा 3/25 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी कर आरोपी को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक कन्हैया कुमार पाण्डेय, कांस्टेबल योगेन्द्र कुमार, आरक्षी अभिनाश तथा आरक्षी नीरज कुमार शामिल रहे।

## दो पक्षों में चले लाठी-डंडे

सुलतानपुर (वीओएल)। बन्धुआकला थाना क्षेत्र के ढाहा फिरोजपुर गांव में बकरी चराने को लेकर शुरू हुआ मामूली विवाद देखते ही देखते हिंसक झड़प में बदल गया। खेत में बकरी चराने को लेकर दो पक्षों के बीच कहासुनी हुई, जिसके बाद दोनों पक्ष लाठी-डंडे लेकर आमने-सामने आ गए। जमकर गाली-गलौज और मारपीट हुई, जिसमें दोनों पक्षों के कई लोगों को चोटें आईं। घटना की सूचना मिलते ही पीआरवी और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस के अनुसार एक पक्ष में विश्राम यादव, सीमा यादव और निर्मला शामिल थे, जबकि दूसरे पक्ष में दिलशाद, परवेज खान और एहसान खान थे। दोनों पक्ष सड़क और खेत में खुलेआम झगड़े पर उतारू हो गए, जिससे गांव में दहशत फैल गई। हालात ऐसे हो गए कि लोग अपने घरों में दुबक गए और दरवाजे बंद कर लिए। पुलिस ने काफी समझाने-बुझाने का प्रयास किया, लेकिन दोनों पक्ष एक-दूसरे को जान से मारने की धमकी देते रहे। बाद में पुलिस के हस्तक्षेप से मामला शांत कराया गया। घटना के संबंध में पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। गांव में फिलहाल स्थिति सामान्य बताई जा रही है, लेकिन तनाव का माहौल बना हुआ है।

## जमीनी विवाद को लेकर मारपीट

सलोन, रायबरेली। कोतवाली क्षेत्र के मोहद्दीनगर मजरे पालहीपुर गांव में जमीनी विवाद को लेकर मारपीट का मामला प्रकाश में आया है। गांव निवासी शिव बालक पुत्र राधेश्याम पासी ने आरोप लगाया है कि पुरानी रंजिश के चलते 16 मई की शाम कुछ लोग उनके घर पहुंचे और गाली-गलौज करते हुए उनके साथ मारपीट की। शोर सुनकर बीच-बचाव करने पहुंचे उनके पिता राधेश्याम तथा पत्नी उमा देवी के साथ भी कथित रूप से मारपीट की गई। पीड़ित ने आरोप लगाया कि आरोपियों ने घर में तोड़फोड़ भी की और जातिसूचक टिप्पणियां कर अपमानित किया।

### ग्राम प्रधानों को प्रशासक के रूप में जिम्मेदारी सौंपना एक सराहनीय पहल

# विधायक सदर ने ग्राम प्रधानों को दी शुभकामनाएं



रायबरेली। ग्राम प्रधानों को प्रशासक बनाए जाने के उपलक्ष्य में विकास खण्ड राही व विकास खण्ड अमावां के सभागार में सदर विधायक अदिति सिंह की गरिमामयी उपस्थिति में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें उपस्थित सभी ग्राम प्रधानों को शुभकामनाएं दी गईं।

कार्यक्रम के दौरान विधायक अदिति सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा ग्राम प्रधानों को प्रशासक के रूप में जिम्मेदारी सौंपना एक सराहनीय पहल है, जिससे ग्राम स्तर पर विकास कार्यों को और अधिक गति मिलेगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सभी ग्राम प्रधान अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी निष्ठा एवं पारदर्शिता के साथ करेंगे और ग्राम प्रधान गांवों के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। कार्यक्रम में विधायक अदिति सिंह ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में प्रदेश सरकार निरंतर ग्रामीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है और यह निर्णय उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों एवं ग्राम प्रधानों ने भी मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए इस निर्णय का स्वागत किया। कार्यक्रम में विकास खण्ड के अधिकारीगण, क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, ग्राम प्रधान एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन सभी ग्राम प्रधानों को शुभकामनाएं देते हुए एवं प्रदेश सरकार के प्रति आभार प्रकट करते हुए किया गया।

## सदर विधायक अदिति सिंह ने सूचना विभाग की तीन दिवसीय प्रदर्शनी का किया अवलोकन



रायबरेली। विधायक सदर अदिति सिंह ने आज विकास खण्ड राही के परिसर में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा आयोजित तीन दिवसीय प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस अवसर पर उनके साथ विकासखंड राही के ग्राम प्रधानगण भी उपस्थित रहे। प्रदर्शनी में केन्द्र सरकार व प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, उपलब्धियों एवं विकास कार्यों को चित्रों, पोस्टरों एवं अन्य माध्यमों के जरिए प्रदर्शित किया गया। विधायक अदिति सिंह ने प्रदर्शनी का गहन निरीक्षण करते हुए जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रदर्शनी आमजन एवं जनप्रतिनिधियों को सरकार की योजनाओं की जानकारी देने का एक प्रभावी माध्यम है। इससे योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में सहायता मिलेगी। इस अवसर पर उपस्थित ग्राम प्रधानों ने भी प्रदर्शनी का अवलोकन किया तथा सरकार की योजनाओं के प्रचार-प्रसार में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में अति० जिला सूचना अधिकारी कौशलेन्द्र सिंह सहित विकास खण्ड राही व सूचना विभाग के अधिकारीगण, कर्मचारीगण एवं क्षेत्र के अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## जमीन दिलाने के नाम पर 20 लाख की ठगी, अटकी बेटी की शादी

### पुलिस अधीक्षक के आदेश पर दर्ज हुआ मुकदमा

सुलतानपुर (वीओएल)। मीन दिलाने के नाम पर 20 लाख रुपये की कथित ठगी का मामला सामने आने के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोप है कि आरोपी ने जमीन उपलब्ध कराने का वादा कर बड़ी रकम ले ली, लेकिन न तो जमीन दिलाई और न ही पैसे वापस किए। अब आर्थिक तंगी के कारण उसकी बेटी की शादी तक प्रभावित हो रही है। कोतवाली नगर क्षेत्र के करौंदिया मोहल्ले की निवासी नैय्यर जहां ने पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायती पत्र में बताया कि लगभग पांच वर्ष पहले कुड़वार थाना क्षेत्र के इसरौली निवासी पप्पू उपाध्याय ने उन्हें जमीन दिलाने का भरोसा दिया था। इसके एवज में उसने उनसे 20 लाख रुपये ले लिए।

महिला के अनुसार आरोपी ने यह भी आश्वासन दिया था कि यदि वह जमीन नहीं दिला पाया तो रकम दोगुनी करके वापस करेगा।समय बीतने के बाद भी जब जमीन नहीं मिली तो नैय्यर जहां ने अपने पैसे वापस मांगे। आरोप है कि आरोपी लगातार टालमटोल करता रहा। महिला का कहना है कि उसकी तीन बेटियां हैं, जिनमें से दो की शादी हो चुकी है, जबकि तीसरी बेटी तलअत रिजवी की शादी आर्थिक संकट के कारण अटकी हुई है। परिवार को उम्मीद थी कि रुपये वापस मिलने पर शादी की तैयारियां पूरी हो सकेंगी। शिकायत के मुताबिक, कुछ समय पहले थाना कुड़वार में दोनों पक्षों की मौजूदगी में बातचीत हुई थी। इस दौरान आरोपी ने थानाध्यक्ष के समक्ष लिखित रूप से यह आश्वासन दिया था कि वह 1 मार्च से 5 मार्च 2026 के बीच पूरी रकम लौटा देगा। लेकिन निर्धारित समय बीतने के बाद उसने न तो पैसे लौटाए और न ही कोई संपर्क रखा। आरोप है कि बाद में उसने अपना मोबाइल फोन भी बंद कर लिया।मामले की शिकायत पुलिस अधीक्षक तक पहुंचने पर जांच के निर्देश दिए गए। इसके बाद कोतवाली नगर पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## तीन संत महापुरुषों की मूर्तियों का हुआ अनावरण



लालगंज रायबरेली। बेहटा कलां की सिद्ध पीठ मौनी बाबा जी की कुटिया में स्थापित समाधि पर सत्य सनातन धर्म के पथ पर अग्रसर कार्यक्रम के तहत तीन संत महापुरूषों की मूर्तियों का अनावरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूज्य गुरुदेव बालयोगी अरुण चैतन्य पुरी जी महाराज महंत द्वितीय काशी के द्वारा श्री श्री 1008 बड़े महाराज अखिलानंद जी, मौनी बाबा जी, अखंडानंद जी की समाधि पर स्थापित मूर्तियों का मंत्रोच्चार कर फूलमाला पहना कर भव्य समारोह में अनावरण किया गया।

चैतन्य स्वामी ने अपने उद्बोधन में कहा कि सत्य सनातन धर्म की रक्षा के लिए सभी को आगे आना चाहिए। हिंदू समाज में सभी जातियों को एकजुट होकर हिंदुत्व को आगे बढ़ाने में काम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि राम में ही सब सत्य है, उसके रूप अलग-अलग हैं। वही रालपुर कुटी से पधारे स्वामी भास्कर स्वरूप जी महाराज ने भी अपने विचार व्यक्त किया।इसके बाद मौनी स्वामी कुटी के परम पूज्य महंत महानंद सरस्वती जी महाराज ने आए हुए सभी संतों एवं आगंतुक महानुभावों को आशीर्वाद दिया।कार्यक्रम के संयोजक बैसवारा क्षेत्रीय कल्याण समिति उन्नाव के अध्यक्ष मुन्ना सिंह अवधूत व महामंत्री हरिओम सिंह ने अपने गुरुओं की प्रेरणा से इन मूर्तियों को स्थापित कराया है। क्षेत्र पंचायत सदस्य अनंत विजय सिंह ने बताया कि बेहटा कला गांव में आधा सैकड़ा के करीब भगवान शंकर और अन्य देवी देवताओं के मंदिर हैं। योगी सरकार ने भी कुछ मंदिरों का जीर्णोधार कराया है। महापुरुषों की मूर्तियो के अनावरण से गांव में भक्ति भाव का जागरण होगा।

कार्यक्रम में सतीश बाजपेई, चेतन मिश्रा, हरिहर सिंह ,राघवेंद्र सिंह, पुष्पेंद्र प्रताप सिंह, क्षेत्र पंचायत सदस्य अनंत विजयसिंह, (समाजसेवी) ,भैरव सिंह प्रधान, पवन सिंह, भानु प्रताप सिंह, लाल चैहान, रणविजय सिंह एस पी सिंह, उपमेंद्र सिंह, पुन्नू सिंह,रूद्र सिंह चैहान, अमित सिंह,डब्लू सिंह,बबलू सिंह गुड्डू, सहित भारी संख्या में भक्तगण मौजूद रहे।

इसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण कर स्वामी जी का आशीर्वाद प्राप्त किया।

## नंबर प्लेट पर वाहन संख्या की जगह पुलिस लिखने पर उठे सवाल

### यातायात नियमों के पालन को लेकर स्थानीय लोगों ने जतायी चिंता




जयसिंहपुर, सुलतानपुर (वीओएल)। गोसाईंगंज क्षेत्र में तैनात एक उपनिरीक्षक की निजी बाइक की नंबर प्लेट को लेकर चचाओं का दौर शुरू हो गया है। मामला गोसाईंगंज थाने में तैनात उपनिरीक्षक प्रमोद मिश्रा से जुड़ा बताया जा रहा है, जो करीब डेढ़ वर्ष से हल्का नंबर-4 का कार्यभार संभाल रहे हैं।

स्थानीय लोगों के अनुसार उपनिरीक्षक अक्सर पुलिस बल के साथ ग्रामीण क्षेत्रों और बाजारों में यातायात एवं सुरक्षा संबंधी चेकिंग अभियान चलाते हैं। इसी बीच उनकी निजी बाइक की नंबर प्लेट को लेकर सवाल उठ रहे हैं। आरोप है कि बाइक के अगले हिस्से में वाहन पंजीकरण संख्या की जगह पुलिस लिखा हुआ है, जबकि पीछे की नंबर प्लेट पर केवल पुलिस का लोगो अंकित है। ऐसे में वाहन का वास्तविक पंजीकरण नंबर स्पष्ट रूप से दिखाई नहीं देता। क्षेत्र के कुछ लोगों का कहना है कि मोटर वाहन अधिनियम के तहत सभी वाहनों पर निर्धारित प्रारूप में पंजीकरण संख्या प्रदर्शित करना अनिवार्य है। उनका तर्क है कि जब आम नागरिकों को यातायात नियमों का पालन न करने पर चालान और कार्रवाई का सामना करना पड़ता है, तो नियमों के पालन को लेकर जिम्मेदार पदों पर तैनात अधिकारियों से भी समान अपेक्षा की जाती है। इसके अलावा स्थानीय लोगों का यह भी कहना है कि संबंधित उपनिरीक्षक को कई बार बिना हेलमेट वाहन चलाते हुए देखा गया है। हालांकि इस संबंध में पुलिस विभाग की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। मामला चर्चा में आने के बाद लोगों ने यातायात नियमों के समान रूप से अनुपालन और जवाबदेही सुनिश्चित किए जाने की आवश्यकता पर जोर दिया है।

## ट्रक ड्राइवर की लापरवाही से मजदूर की मौत

रायबरेली। जिले के लालगंज क्षेत्र में ट्रक से मौरंग उतारते समय 11 हजार वोल्ट की विद्युत लाइन की चपेट में आने से एक मजदूर की दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार, मनोज कुमार (30) पुत्र पीतांबर निवासी धुबाइन झाला, पोस्ट अंबारा मथई, थाना गदागंज, वर्तमान में अपनी ससुराल डलमऊ में रहकर दिहाड़ी मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण कर रहा था। मंगलवार को वह डलमऊ मंडी से मौरंग लेकर आए ट्रक को खाली कराने के लिए कोडवल, थाना लालगंज पहुंचा था। बताया जा रहा है कि मौरंग उतारने के दौरान मनोज ट्रक के ऊपर चढ़ा हुआ था। इसी दौरान ऊपर से गुजर रही 11 हजार वोल्ट की हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से वह गंभीर रूप से झुलस गया। आनन-फानन में उसे 108 एंबुलेंस की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जतुवा टप्पा लाया गया, जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. अश्विनी कुमार यादव ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, मजदूरों ने ट्रक चालक को पहले ही चेतावनी दी थी कि जिस स्थान पर मौरंग उतारी जा रही है वहां से हाईटेंशन लाइन गुजर रही है, इसलिए किसी अन्य सुरक्षित स्थान पर मौरंग खाली कराई जाए। आरोप है कि चालक ने चेतावनी को नजरअंदाज करते हुए वहीं मौरंग उतारने का निर्देश दिया, जिसके चलते यह हादसा हो गया।

घटना की सूचना मिलने पर गुरुबक्शगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## ट्रक की चपेट में आने से साइकिल सवार मजदूर की मौत

जसवंतनगर, इटावा। कचैरा घाट बाईपास कट पर बुधवार को हुए सड़क हादसे में साइकिल सवार एक मजदूर की ट्रक से कुचलकर मौत हो गई। हादसे के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। आगरा जनपद की तहसील खैरागढ़ के थाना जगनेर क्षेत्र स्थित ग्राम कासिमपुर निवासी 40 वर्षीय मोमिन पुत्र अस्मत अली नगर क्षेत्र के राजमार्ग किनारे स्थित एक ईंट भट्ठे पर मजदूरी करता था। बताया गया कि वह साइकिल से सब्जी लेने के लिए नगर की मंडी जा रहा था। जैसे ही वह तहसील कार्यालय के सामने कचैरा घाट बाईपास कट पर पहुंचा, तभी बाईपास से राजमार्ग की ओर मुड़ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रक का अगला पहिया मोमिन के ऊपर चढ़ गया।

## स्टांप विक्रेता को मकान दिलाने के नाम पर लाखों की ठगी

### शिकायत पर पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज, जांच में जुटी पुलिस

जिला संवाददाता

सुलतानपुर (वीओएल)। शहर में मकान और जमीन खरीदने के नाम पर एक स्टांप विक्रेता से लाखों रुपये की कथित धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। शिकायत और उच्चाधिकारियों के निर्देश पर कोतवाली नगर पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

लंभुआ थाना क्षेत्र के उत्तरी घाटमपुर, महादेवा निवासी सत्यप्रकाश श्रीवास्तव कलेक्ट्रेट परिसर में स्टांप विक्रेता हैं। उन्होंने बताया कि शहर में रहने के लिए मकान या जमीन की तलाश के दौरान उनकी मुलाकात मिर्जा मुसाब बेग और गुड्डू उर्फ इरफान से हुई। आरोप है कि दोनों ने उन्हें अमहट निवासी अफरोज अहमद और उसके भाइयों से मकान खरीदने का प्रस्ताव दिया और सौदा तय कराया। शिकायतकर्ता के अनुसार सौदे के तहत उन्होंने कुल 8 लाख 50 हजार रुपये आरोपियों को दिए। आरोप है कि अफरोज अहमद ने 5 लाख 70 हजार रुपये प्राप्त कर लिए, जबकि शेष रकम को लेकर विवाद खड़ा हो गया। मामला क्षेत्राधिकारी नगर के समक्ष पहुंचा, जहां 19 जनवरी को दोनों पक्षों के बीच लिखित समझौता हुआ। समझौते में आरोपियों ने 10 फरवरी तक पूरी रकम लौटाने का आश्वासन दिया था। इसके बावजूद आरोपियों ने वादा पूरा नहीं किया। पीड़ित का कहना है कि बाद में केवल 35 हजार रुपये ऑनलाइन माध्यम से लौटाए गए, जबकि 2 लाख 45 हजार रुपये अब भी बकाया हैं। कई बार मांगने पर आरोपी लगातार बहाने बनाते रहे।आर्थिक नुकसान और बढ़ते कर्ज से परेशान सत्यप्रकाश ने मुख्यमंत्री पोर्टल और पुलिस अधिकारियों से शिकायत की। जांच के बाद कोतवाली नगर पुलिस ने पांच आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

## अवैध गतिविधियों की वीडियो बनाना पड़ा भारी, केस दर्ज

इटावा। जसवंतनगर क्षेत्र में अवैध खनन की गतिविधियों का वीडियो बनाकर अधिकारियों तक जानकारी पहुंचाना एक स्थानीय अखबार के पत्रकार को भारी पड़ गया। वीडियो बनाने से नाराज बताए जा रहे एक नामजद आरोपी और उसके साथी ने युवक को जान से मारने की धमकी दी। मामले में पुलिस ने शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नगला नरिया निवासी पत्रकार प्रदीप यादव ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि वह 27 मई की रात करीब 10.30 बजे शिवा पेट्रोल पंप पर पेट्रोल डलवाने पहुंचे थे। आरोप है कि वहां पहले से मौजूद जवाहरपुरा निवासी प्रीतम पुत्र सर्वेश कुमार ने अवैध खनन की वीडियो बनाने को लेकर उनसे अभद्रता की। प्रदीप का आरोप है कि खनन माफिया प्रीतम ने दोबारा वीडियो बनाने पर ट्रक से कुचल देने और जान से मारने की धमकी दी।

## बालिकाओं से पुलिस अधीक्षक ने किया संवाद



रायबरेली। एनटीपीसी द्वारा संचालित बालिका सशक्तिकरण अभियान निश्चित रूप से एक क्रांतिकारी कदम है जो उन बालिकाओं के लिए वरदान साबित हो रहा है जिनके सपनों को पूरा करने के लिए कोई मंच मिलना बहुत मुश्किल था। यह विचार रायबरेली के पुलिस अधीक्षक रवि कुमार ने ऊंचाहार परियोजना में आयोजित बालिका सशक्तिकरण कार्यशाला में बालिकाओं से संवाद के दौरान व्यक्त किए। बालिकाओं से सीधी बात करते हुए पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सभी क्षेत्रों में बालिकाएं श्रेष्ठ प्रदर्शन कर रही हैं, आप उनसे प्रेरणा लें तथा एनटीपीसी द्वारा मिले अवसर का लाभ उठा कर अपने सपनों को साकार करें। एनटीपीसी की इस पहल की सराहना करते हुए एसपी ने कहा कि जब आप सब जीवन में सफल महिला बने तो इतना प्रेरक मंच देने के लिए एनटीपीसी को भी याद रखे। इसके पहले परियोजना प्रमुख बिस्व मोहन सिंह ने एसपी तथा सीओ का स्वागत करते हुए कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डाला और इस अभियान को सफलता पूर्वक संचालित करने में पुलिस प्रशासन से निरंतर मिल रहे सहयोग के लिए आभार जताया। परियोजना प्रमुख ने एसपी रवि कुमार को अंगवस्त्र देकर उनका अभिनंदन किया। समारोह में महाप्रबंधक आशुतोष बिस्वास ने सीओ गिरिजा शंकर त्रिपाठी का सम्मान किया। दिलीप कुमार साहू, एस यू हरिदास, विभागाध्यक्ष, यूनियन एवं एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं महासचिव तथा प्रियदर्शिनी महिला क्लब की सभी वरिष्ठ सदस्यों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। कार्यशाला की प्रतिभागी बालिकाओं ने अतिथियों के सम्मान में ग्रुप सॉन्ग तथा स्वागत गीत प्रस्तुत किया। पुलिस अधीक्षक रवि कुमार ने ऊंचाहार विद्युत गृह का भी दौरा किया और विद्युत उत्पादन प्रणाली की जानकारी हासिल की।

## एनसीसी संयुक्त प्रशिक्षण शिविर-213 का हुआ समापन



रायबरेली। 66 यूपी बटालियन एनसीसी, रायबरेली की देखरेख में 25 मई से 3 जून तक आयोजित 10 दिवसीय संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का आज एसडी पांडे मेमोरियल कॉलेज, डीघा में सफलतापूर्वक समापन हुआ। इस क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों और महाविद्यालयों के 500 से अधिक कैडेटों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शिविर के गहन प्रशिक्षण पाठ्यक्रम का उद्देश्य शारीरिक फिटनेस, हथियार प्रशिक्षण, मानचित्र पठन और नेतृत्व विकास के माध्यम से युवाओं के व्यक्तित्व को निखारना था। कैडेटों ने नागरिक जागरूकता कार्यक्रमों, ड्रिल प्रतियोगिताओं और सामुदायिक सेवा अभियानों में भी सक्रिय रूप से भाग लिया। समापन समारोह के दौरान, कर्नल उदय भानु, एसएम, कमांडिंग आफीसर 66 उ0प्र0 बटालियन एन.सी.सी. रायबरेली ने शिविर के दौरान कैडेटों के प्रदर्शन की सराहना की। समारोह का शुभारंभ सांस्कृतिक कार्यक्रम से हुआ, जिसमें कैडेटों ने संगीत और पारंपरिक नृत्यों के माध्यम से भारत की सांस्कृतिक विविधता का प्रदर्शन किया। विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी कैडेटों और टीमों को पुरस्कृत किया गया। इन युवा कैडेटों ने अनुकरणीय चरित्र का प्रदर्शन किया है और वे हमारे राष्ट्र के जिम्मेदार भावी नागरिकों के रूप में उभरने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। कर्नल उदय भानु, एसएम ने स्थायी प्रशिक्षक (पीआई) स्टाफ, एसोसिएट एनसीसी अधिकारियों (एएनओ) और एसडी पांडे मेमोरियल कॉलेज, दीघा के स्टाफ के प्रति आभार व्यक्त किया और प्रशिक्षण को सुरक्षित और सफल बनाने में उनके उत्कृष्ट सहयोग के लिए धन्यवाद दिया।

## बिजली के बिल में 10 फीसदी ईंधन अधिभार के नाम से की गई बढ़ोत्तरी को वापस ले सरकार: अतुल सिंह

रायबरेली। कांग्रेस प्रदेश सचिव एवं पूर्व प्रत्याशी अतुल सिंह ने ऊंचाहार विधानसभा के हसाऊपुर, पूरे नब्बा सिंह, थुलरई, कटरा आदि गाँवों में नुक्कड़ सभा एवं जनसंपर्क कर लोगों की समस्याएं सुनी और उन्हें जल्द समाधान करने का आश्वासन दिया।श्री सिंह ने कहा कि ऊँचाहार विधानसभा में सड़क, बिजली, पानी के लिए लोग संघर्ष कर रहे हैं, विकास के बड़े-बड़े दावों के बावजूद आज भी क्षेत्र की जनता बुनियादी सुविधाओं के लिए संघर्ष कर रही है। विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों और मुख्य मार्गों की स्थिति अत्यंत दयनीय है। सड़कों पर बने बड़े-बड़े गड्ढे न केवल यातायात को बाधित कर रहे हैं, बल्कि आए दिन दुर्घटनाओं का कारण भी बन रहे हैं। भीषण गर्मी के इस दौर में अघोषित बिजली कटौती ने आम जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है। ग्रामीण क्षेत्रों में घंटों बिजली गायब रहती है, जिससे छात्रों की पढ़ाई और किसानों की सिंचाई व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हो रही है। भीषण गर्मी के बीच पेयजल का संकट गहराता जा रहा है।जबकि सरकार बिजली के बिल में 10: ईंधन अधिभार के नाम से गई अतिरिक्त वसूली कर रही है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से जिला सचिव शैलेंद्र सिंह, शीतल सिंह, शैलेंद्र त्यागी, शेर बहादुर सिंह, भोला साहू, गोलू अग्रहरि, अनुराग गुप्ता, डीके चैधरी, राजेंद्र सिंह, रंजीत पटेल, सतीश पटेल, आशीष गौतम, सुरेश सिंह आदि बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे !

## गैस एजेंसी कार्यालय पर हुए विवाद में दलित महिला की तहरीर पर चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

सलोन, रायबरेली। कस्बे की एक गैस एजेंसी कार्यालय पर हुए विवाद में दलित महिला की तहरीर पर पुलिस ने चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।नई बाजार निवासी कुसुमलता रैदास पत्नी स्वर्गीय राजकुमार रैदास ने पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि 31 मई की शाम वह गैस सिलेंडर की पर्ची कटवाने के लिए ब्लॉक परिसर के निकट स्थित गैस एजेंसी पहुंची थीं। भीड़ अधिक होने के कारण उन्होंने अपने दोनों पुत्रों रचित कुमार और रिंकल कुमार को भी वहां बुला लिया था। आरोप है कि नंबर आने पर पर्ची काटने को लेकर एजेंसी पर मौजूद कुछ लोगों ने उनके साथ अभद्रता शुरू कर आरोपियों ने गाली-गलौज की गई तथा उनके दोनों पुत्रों के साथ मारपीट की गई। कोतवाली प्रभारी बालेंदु गौतम ने बताया कि प्राप्त तहरीर के आधार पर मोनू जोशी, अजय जोशी, सत्यम जोशी तथा एक अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया

## टीजीटी परीक्षा में 47 प्रतिशत अभ्यर्थी रहे अनुपस्थित, 9508 में से 5004 ने दी परीक्षा

रायबरेली। टीजीटी (प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक) परीक्षा 2026 के दूसरे सत्र में अभ्यर्थियों की उपस्थिति अपेक्षाकृत कम रही। आज की आयोजित प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (टीजीटी) की परीक्षा में प्रथम पाली में कुल 8832 अभ्यर्थियों में से 4305 अभ्यर्थी उपस्थित व 4527 अभ्यर्थी अनुपस्थित एवं द्वितीय पाली में कुल 9508 अभ्यर्थियों में से 5004 अभ्यर्थी उपस्थित व 4504 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहें, इस प्रकार दोनों पालियों में कुल 18340 अभ्यर्थियों में से 9309 अभ्यर्थी उपस्थित व 9031 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहें। जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका ने आज आयोजित की जा रही प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (टीजीटी) की परीक्षा को नकल विहीन, पारदर्शी एवं सकुशल संपन्न कराने हेतु आचार्य द्विवेदी इण्टर कॉलेज, पीएम श्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज सहित विभिन्न परीक्षा केंद्रों का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने बताया कि उक्त परीक्षा जनपद के 23 परीक्षा केन्द्रों पर 3 व 4 जून को प्रत्येक दिवस को दो पालियों में आयोजित की जा रही है। परीक्षार्थियों के आवागमन के दृष्टिगत सभी व्यापक प्रबंध किए गये है, जिससे परीक्षार्थियों को किसी भी प्रकार की कोई असुविधा न हो, परीक्षा को सकुशल, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने हेतु सभी केंद्रों पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था की गई है तथा अधिकारी भ्रमणशील रहकर लगातार निगरानी कर रहे हैं।

संक्षेप

## आपराधिक प्रकरण में शस्त्र लाइसेंस निलंबित

**देवरिया।** जिला मजिस्ट्रेट/जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने आपराधिक गतिविधियों के संज्ञान में आने पर एक शस्त्र लाइसेंस को निलंबित कर दिया है शस्त्र लाइसेंसी गामा यादव पुत्र स्व. विश्वनाथ यादव, निवासी ग्राम पकड़ी तिवारी, थाना मदनपुर, जनपद देवरिया के विरुद्ध थाना मदनपुर में मुकदमा अपराध संख्या 107/2026, धारा 191(2), 191(3), 351(3), 352 एवं 103(1) बीएनएस के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत है। प्रकरण की गंभीरता तथा शस्त्र के संभावित दुरुपयोग की आशंका को देखते हुए जिलाधिकारी ने शस्त्र लाइसेंस संख्या 704/थाना मदनपुर पर धारित पिस्टल (संख्या क्ल्ल-टरऊ25एमएम) का लाइसेंस अपने आदेश दिनांक 2 जून 2026 द्वारा तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है जिलाधिकारी ने प्रभारी निरीक्षक, थाना मदनपुर को निर्देशित किया है कि संबंधित शस्त्र एवं शस्त्र लाइसेंस को तत्काल अपने कब्जे में लेकर संरक्षित करें

# जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में डीएम ने दिए आवश्यक निर्देश




- अनुपस्थित 30 सीएचओ के जिलाधिकारी ने वेतन रोका
- स्वास्थ्य योजनाओं के प्रति जन जागरूकता जरूरी
- स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े सभी अधिकारी एवं कर्मचारी टीमभाव से करें कार्य

**देवरिया।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी की अध्यक्षता में मंगलवार की देर शाम विकास भवन के गांधी सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति (डीएचएस) की बैठक संपन्न हुई। बैठक में उन्होंने स्वास्थ्य विभाग से जुड़े अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए संचालित स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुंचाने तथा लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने मंगलवार को अनुपस्थित 30 सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ) का वेतन रोकने का निर्देश दिया।

जिलाधिकारी ने ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण समिति के अंतर्गत आयोजित होने वाले सत्रों को प्रभावी ढंग से संचालित करने तथा आवश्यक उपकरणों एवं संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ाने के लिए इन सत्रों का नियमित एवं गुणवत्तापूर्ण आयोजन आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सीएचओ, एएनएम, आशा, आंगनबाडी द्वारा ट्रिपल ₹ए₹ की बैठक नियमित रुप से प्रभावी की जाए। बैठक में जिलाधिकारी ने आशा, आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों, एएनएम तथा अन्य स्वास्थ्य कर्मियों को नियमित होम विजिट करने और गर्भवती महिलाओं, नवजात शिशुओं एवं आमजन को स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के लिए सभी स्वास्थ्य कर्मियों को पूरी सक्रियता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करना होगा।

उपस्थिति की समीक्षा के दौरान पोर्टल पर अनुपस्थित पाए गए सीएचओ पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की तथा इन्हें कारण बताओ नोटिस जारी करने के साथ ही अनुपस्थित 30 सीएचओ का वेतन रोकने का भी आदेश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि कार्यों में लापरवाही किसी भी दशा में स्वीकार नहीं की जाएगी।

जिलाधिकारी ने बीसीपीएम के कार्यों की समीक्षा करते हुए उनके प्रभावी अनुश्रवण के निर्देश दिए। साथ ही सभी प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को पूरी तैयारी के साथ अगली समीक्षा बैठक में उपस्थित होने की हिदायत दी। उन्होंने अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को सभी एमओआईसी के कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए है।

बैठक में प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर जलभराव एवं खराब संपर्क मार्गों की समस्या के लिए जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारियों एवं खंड विकास अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर इन समस्याओं का समाधान सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने आरबीएसके टीमों को पूरी सक्रियता के साथ कार्य करने, निर्धारित रोस्टर के अनुसार सभी सत्रों में उपस्थित रहने तथा बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार संबंधी कार्यों को प्रभावी ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी राजेश कुमार सिंह, प्राचार्य मेडिकल कॉलेज डॉ. रजनी पटेल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. ए.के. गुप्ता, सीएमएस डॉ. के. मिश्रा, जिला कार्यक्रम अधिकारी आदिश मिश्रा, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारीगण, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, डीपीएम, बीपीएम, बीसीपीएम तथा स्वास्थ्य विभाग से जुड़े अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## जमीनी विवाद में मारपीट, तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**भटनी (देवरिया)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम पिपरा दीक्षित में जमीनी विवाद को लेकर हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पीड़ित की तहरीर के आधार पर दर्ज मामले में आरोप है कि आरोपियों ने लाठी-डंडे और लोहे की रॉड से हमला कर दो लोगों को घायल कर दिया तथा जान से मारने की धमकी दी। पुलिस को दी गई शिकायत के अनुसार, ग्राम पिपरा दीक्षित निवासी अनिल कुमार गौतम पुत्र जितउ प्रसाद ने आरोप लगाया कि 2 जून की सुबह करीब 9 बजे उनके पट्टीदार गजेन्द्र पुत्र स्वर्गीय नन्दलाल प्रसाद, गोधना देवी पत्नी स्वर्गीय नन्दलाल प्रसाद तथा मीना देवी पत्नी गजेन्द्र, सभी निवासी ग्राम पिपरा दीक्षित, थाना भटनी, जनपद देवरिया, ने जमीनी विवाद को लेकर गाली-गलौज करते हुए उन पर हमला कर दिया। आरोप है कि हमलावरों ने लाठी-डंडों एवं लोहे की रॉड से मारपीट की। बीच-बचाव करने पहुंचे पीड़ित के भाई अक्षयवर कुमार गौतम पुत्र जितउ प्रसाद को भी मारपीट कर घायल कर दिया गया, जिससे उनके सिर में गंभीर चोट आई। शिकायत में यह भी कहा गया है कि आरोपियों ने पीड़ित परिवार को जान से मारने की धमकी दी। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने तीनों नामजद आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य व सीएम ने दिया मरीजों को पोषण पोटली

**देवरिया।** मेडिकल कालेज की प्राचार्य व सी आम एस डॉ एच के मिश्र ने आज टी बी के एक एक मरीज को पोषण पोटली दिया. ।पोटली देने के बाद उन्होंने कहा की टीवी की नियमित दवा आप लोग खाये. एक भी दिन दवा न छोड़े. साथ ही मास्क हमेशा लगाए..प्राचार्य ने अपने सभी मेडिकल कालेज के डॉक्टर लोगो से एक. एक मरीज को पोटली देने की बात कही.इस अवसर पर डॉ रंजीत कुशवाहा.. चंद्र प्रकाश त्रिपाठी. मान्धाता सिंह डॉ एस एस द्ववेदी. आदि लोग रहे।

## विश्व साइकिल दिवस पर बैतालपुर में निकली भव्य साइकिल रैली

**देवरिया, बैतालपुर।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत संचालित मेरा युवा भारत (ट ई३) देवरिया के तत्वावधान में बुधवार को विकासखंड बैतालपुर में विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर भव्य साइकिल रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं एवं आमजन को स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण तथा फिट जीवनशैली के प्रति जागरूक करना था।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पंचायत बैतालपुर के वार्ड संख्या 10 रामनगर के सभासद बद्रीनाथ गुप्ता तथा विशिष्ट अतिथि अध्यापक रवि मद्धेशिया, धनंजय सिंह एवं ओमजी रहे। कार्यक्रम के आयोजक विकास कुमार यादव ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया।

साइकिल रैली डाला मोड़ से प्रारंभ होकर विशुनपुरा चौराहा, बेलही होते हुए पुनः अपने प्रारंभिक स्थल पर पहुंचकर संपन्न हुई। रैली में युवाओं, विद्यार्थियों एवं स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण से जुड़े संदेशों के माध्यम से लोगों को साइकिल के उपयोग के प्रति जागरूक किया।

मुख्य अतिथि बद्रीनाथ गुप्ता ने कहा कि साइकिल एक सस्ता, सुलभ और पर्यावरण अनुकूल साधन है। इसके नियमित उपयोग से स्वास्थ्य बेहतर रहता है तथा प्रदूषण में कमी आती है। उन्होंने युवाओं से दैनिक जीवन में साइकिल के अधिकाधिक प्रयोग का आह्वान किया।विशिष्ट अतिथि रवि मद्धेशिया ने कहा कि आज के समय में बढ़ते प्रदूषण और शारीरिक निष्क्रियता को देखते हुए साइकिल चलाना अत्यंत आवश्यक हो गया है।इससे न केवल शरीर स्वस्थ रहता है बल्कि ईंधन की भी बचत होती है।कार्यक्रम के आयोजक विकास कुमार यादव ने कहा कि विश्व साइकिल दिवस हमें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझने का अवसर प्रदान करता है।

# डीएम ने की सड़क परियोजनाओं की प्रगति की बिंदुवार समीक्षा




**देवरिया।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने कलेक्ट्रेट सभागार में सड़क निर्माण कार्यों की गहन समीक्षा की। बैठक में विभिन्न कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारियों के साथ सड़क परियोजनाओं की प्रगति की बिंदुवार समीक्षा करते हुए निर्माण कार्यों की गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ पूर्ण किए जाने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि बरसात से पूर्व सभी प्रमुख सड़क निर्माण कार्यों में अपेक्षित प्रगति सुनिश्चित कर ली जाए। निर्माण कार्यों में किसी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया कि निर्धारित मानकों के अनुरूप कार्य कराते हुए परियोजनाओं को तय समयसीमा में पूरा कराया जाए।

बैठक में लोक निर्माण विभाग, एनएचएआई, भूमि अधिग्रहण एवं अन्य संबंधित विभागों द्वारा संचालित परियोजनाओं की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने राम-जानकी मार्ग, नवलपुर-सिकंदरपुर मार्ग, सलेमपुर बाईपास, देवरिया बाईपास एवं तमकुहीराज-मझौली मार्ग निर्माण कार्यों की वर्तमान स्थिति की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने पीडब्ल्यूडी विभाग की सडक निर्माण कार्य परियोजना में भूमि अधिग्रहण की आ रही समस्याओं के संदर्भ में निर्देश दिया कि जहां-जहां अंश निर्धारण होना है, वहां संबंधित उप जिलाधिकारी अंश निर्धारण व जमीन का चिन्हांकन सुनिश्चित करते हुए उसे अवगत कराएंगे तथा अंश निर्धारण की वजह से निर्माण कार्य बाधित नहीं होना चाहिये। जिलाधिकारी ने बैठक में अधीक्षण अभियंता विद्युत के अनुपस्थित पाए जाने पर गहरी नाराजगी व्यक्त की। कहा कि सड़कों के निर्माण कार्य में विद्युत पोल शिफ्टिंग के प्रकरणों के निस्तारण में विद्युत विभाग की अनुपस्थिति से इस आवश्यक बिन्दु पर चर्चा नही हो सकी। इससे नाराज जिलाधिकारी ने नाराजगी जताई तथा बिना अनुमति एवं पूर्व सूचना के मुख्यालय से बाहर रहने पर अधीक्षण अभियंता को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। उन्होंने कहा कि महत्वपूर्ण बैठकों में अनुपस्थित रहना और बिना अनुमति मुख्यालय छोड़ना कत्तई स्वीकार्य नहीं है आयोजित इस बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राम शंकर, एडीएम प्रशासन प्रेम नारायण सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## सात दिवसीय श्रामणेर पब्बज्जा शिविर 9 जुलाई से

**कसया, कुशीनगर।** अंतरराष्ट्रीय बौद्ध तीर्थस्थल कुशीनगर स्थित श्रीलंका बुद्ध विहार में आगामी 9 जुलाई से 17 जुलाई तक नौ दिवसीय श्रामणेर पब्बज्जा शिविर का आयोजन किया जाएगा ।यह जानकारी देते हुए श्रीलंका बुद्ध विहार के प्रमुख भंते डॉ. नंद रतन महाथेरो ने बताया कि शिविर में भाग लेने वाले उपासकों को बुद्ध धर्म के अध्ययन, साधना एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण का विशेष अवसर प्राप्त होगा। शिविर के दौरान प्रतिभागी पब्बज्जा (प्रव्रज्या) ग्रहण कर श्रमण जीवन की परंपरा, अनुशासन और बौद्ध जीवन-पद्धति को निकट से जानने और समझने का अवसर प्राप्त करेंगे। उन्होंने कहा कि यह शिविर बौद्ध धर्म के प्रति रुचि रखने वाले उपासकों के लिए ज्ञान और साधना का उत्कृष्ट माध्यम है। भंते महाथेरो ने उपासकों एवं भिक्षुओं से अधिक से अधिक संख्या में शिविर में सहभागिता करने की अपील की।

## राजस्व वसूली व शिकायत निस्तारण में तेजी लाने के दिये निर्देश




**देवरिया।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में कर-करेत्तर, राजस्व वसूली, रिट प्रकरण, ऑडिट, सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे, चकबंदी, आबकारी, सीएम डैशबोर्ड एवं आईजीआरएस कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। जिलाधिकारी ने आईजीआरएस की समीक्षा के दौरान कड़ा रुख अपनाते हुए शिकायतों का वास्तविक एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण न पाए जाने पर अधिशासी अभियंता विद्युत गण एवं जिला खनन अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश के साथ ही गौरीबाजार नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी को प्रतिकूल प्रविष्टि दिए जाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को आगाह करते हुए कहा कि विभागीय लापरवाही से आईजीआरएस रैंकिंग प्रभावित होने पर संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। साथ ही बिना अनुमति मुख्यालय छोड़ने पर कार्रवाई के लिए सचेत किए। जिलाधिकारी ने सभी पीठासीन अधिकारियों को पुराने राजस्व वादों का प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने को राजस्व वसूली की समीक्षा में जिलाधिकारी ने वसूली लक्ष्य शत-प्रतिशत पूरा करने, लंबित आरसी प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करने तथा वसूली के आंकड़ों का संबंधित विभागों से मिलान कर उनकी शुद्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अगले माह भी यदि किसी नगर निकाय की वसूली 70 प्रतिशत से कम पाई गई तो संबंधित अधिशासी अधिकारी को प्रतिकूल प्रविष्टि दी जाएगी। राजस्व वादों की समीक्षा के दौरान उन्होंने लंबित प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने तथा पुराने मामलों को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे के मामलों में प्रभावी कार्रवाई करते हुए अतिक्रमण हटाने का अभियान तेज करने को कहा। चकबंदी विभाग की समीक्षा में लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण तथा किसानों की समस्याओं के समाधान पर जोर दिया गया। रिट प्रकरणों की समीक्षा में जिलाधिकारी ने न्यायालयों में प्रतिशपथ पत्र (काउंटर एफिडेविट) निर्धारित समयसीमा के भीतर दाखिल करने के निर्देश दिए। वहीं ऑडिट प्रकरणों में लंबित आपत्तियों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा। योजनाओं में अपेक्षित प्रगति सुनिश्चित करें। किसी भी स्तर पर लापरवाही या शिथिलता पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय करते हुए कठोर कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में मुख्य राजस्व अधिकारी वी.के. सिंह, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) प्रेम नारायण सिंह, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) रामशंकर, उपजिलाधिकारीगण, तहसीलदार, जिला आबकारी अधिकारी, चकबंदी विभाग तथा संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# किसने बुझा दी पूर्वांचल की औद्योगिक मशाल कप्तानगंज डिस्टलरी का जिम्मेदार कौन

- एशिया में पहचान, पूर्वांचल की शान... फिर किसकी नजर लगी कि खंडहर बन गई उद्योग की यह विरासत
- एशियाई पहचान वाली डिस्टलरी के अंत का जिम्मेदार कौन

**कुशीनगर।** कभी जिसकी चिमनी से उठता धुआं विकास का संदेश देता था, जहां मशीनों की गड़गड़ाहट से हजारों घरों में चूल्हे जलते थे, जहां रोजगार की आस में लोगों की पीढ़ियां जुड़ी थीं, आज वही कप्तानगंज डिस्टलरी वीरान खड़ी है।

कभी एशियाई स्तर पर पहचान रखने वाली यह औद्योगिक इकाई अब अपने अस्तित्व की मोहताज बन चुकी है। जर्जर इमारतें, उखड़े ढांचे और पसरा सन्नाटा मानो चीख-चीखकर पूछ रहा है ₹आखिर कप्तानगंज डिस्टलरी को खत्म करने वाला कौन है?₹

बतादे कि करीब 49 एकड़ क्षेत्र में फैली इस डिस्टलरी की स्थापना वर्ष 1944-45 में हुई थी। आजादी के बाद यह पूर्वांचल की औद्योगिक क्रांति का प्रमुख केंद्र बनी। हजारों श्रमिकों को रोजगार मिला, गन्ना किसानों को बाजार मिला और कप्तानगंज की पहचान पूरे देश में बनी। लेकिन वर्ष 2008 में इसकी चिमनी से आखिरी बार धुआं निकला और उसके बाद उत्पादन हमेशा के लिए ठप हो गया।

सवाल यह है कि जो कारखाना दशकों तक क्षेत्र की अर्थव्यवस्था की रीढ़ रहा, वह अचानक मौत के मुंह में कैसे चला गया? क्या इसे बचाने की कोशिश नहीं की गई, या फिर जानबूझकर इसे बबार्दी की ओर धकेला गया? आखिर वे कौन लोग हैं जिनकी लापरवाही, गलत फैसलों या स्वार्थ ने इस औद्योगिक धरोहर को खंडहर बना दिया? कहना ना होगा कि

डिस्टलरी बंद होने के साथ ही हजारों परिवारों की रोजी-रोटी छिन गई। श्रमिक बेरोजगार हो गए, किसान प्रभावित हुए और स्थानीय व्यापार चौपट हो गया। जिन लोगों ने अपनी जवानी इस कारखाने को दी, वे आज भी अपने हक और बकाये की लड़ाई लड़ रहे हैं। लेकिन उनकी सुध लेने वाला कोई नजर नहीं आता ।सबसे बड़ा दर्द यह है कि डिस्टलरी के बंद होने के बाद उसकी संपत्तियां धीरे-धीरे गायब होती चली गईं। मशीनें कबाड़ बन गईं, भवन उजड़ते गए और जिम्मेदार तमाशबीन बने रहे।

करोड़ों रुपये की संपत्ति और हजारों लोगों के भविष्य से जुड़ा यह संस्थान आखिर किसकी नाकामी का शिकार हुआ, इसका जवाब आज तक नहीं मिला। स्थानीय समाजसेवी व भ्रष्टाचार के मुद्दे को प्रमुखता से उठाने वाले राम नरेश अग्रहरी का कहना है कि चीनी मिलों और अन्य औद्योगिक इकाइयों को पुनर्जीवित करने की योजनाएं बन सकती हैं, तो कप्तानगंज डिस्टलरी को क्यों मरने दिया गया? क्या इसकी जमीन और संपत्तियों पर किसी की नजर थी? क्या प्रशासन, प्रबंधन और संबंधित एजेंसियों ने अपनी जिम्मेदारियां निभाईं? ऐसे तमाम सवाल आज भी जवाब मांग रहे हैं। उन्होंने कहा कि पूर्वांचल के विकास का प्रतीक रही कप्तानगंज डिस्टलरी आज सरकारी उदासीनता, प्रबंधन की विफलता और नीतिगत लापरवाही की जीती-जागती मिसाल बन चुकी है। इसकी वीरान चिमनी सिर्फ एक बंद कारखाने की कहानी नहीं कहती, बल्कि यह उस व्यवस्था पर भी सवाल खड़े करती है जो एक ऐतिहासिक औद्योगिक धरोहर को बचा नहीं सकी।

## कचहरी गेट पर महिला से 20 हजार की रंगदारी वसूली

ललितपुर। कचहरी के बाहर एक महिला और उसकी बेटी को रोककर पुराने मुकदमे में राजीनामा करने का दबाव बनाने तथा जान से मारने की धमकी देकर 20 हजार रुपये वसूलने का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने दो नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। कल्यानपुरा निवासी एवं वर्तमान में आजादपुरा में रह रही कपूरी पत्नी अंगद शनिवार को अपनी पुत्री रश्मि राजपूत के साथ एक पुराने मुकदमे की तारीख की जानकारी लेने कचहरी पहुंची थीं। आरोप है कि जब वह कचहरी परिसर के मुख्य गेट के बाहर पहुंचीं, तभी वहां पहले से मौजूद पलैया कालोनी निवासी अरविंद एवं संतोष पुत्र सुरेश कुशवाहा ने उन्हें रोक लिया। पीड़िता के अनुसार दोनों आरोपियों ने उनके द्वारा पूर्व में दर्ज कराए गए मुकदमे में राजीनामा करने का दबाव बनाया। जब उन्होंने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने उन्हें जान से मारने की धमकी देते हुए कहा कि मुकदमे में उनके 20 हजार रुपये खर्च हुए हैं और वह रकम तत्काल वापस करनी होगी। आरोपियों ने धमकी दी कि यदि पैसे नहीं दिए गए तो गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। कपूरी का आरोप है कि आरोपियों की धमकियों से भयभीत होकर उन्होंने अपनी सुरक्षा के लिए 20 हजार रुपये दे दिए। इसके बाद भी आरोपी उन्हें दोबारा जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से चले गए। पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया कि आरोपी इससे पहले भी उनके घर पहुंचकर गाली-गलौज और धमकी दे चुके हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए कोतवाली पुलिस ने पीड़िता की लिखित तहरीर के आधार पर दोनों आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 308(5) एवं 351(3) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## बाइक की आमने-सामने की टक्कर में घायल व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत

ललितपुर। थाना तालबेहट क्षेत्र के ग्राम बिजरौठा मजरा पारा में करीब दो माह पूर्व हुए सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल व्यक्ति की उपचार के दौरान ग्वालियर में मौत हो गई। घटना के बाद मानसिक आघात और बीमारी के चलते मृतक की पत्नी समय पर शिकायत दर्ज नहीं करा सकी। अब पुलिस ने मृतक की पत्नी की तहरीर पर नामजद आरोपी बाइक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। थाना जखौरा के ग्राम इकलगुवां निवासी विजयकुंवर पत्नी स्व.लालाराम रजक ने पुलिस को बताया कि उनके पति लालाराम रजक 28 मार्च 2026 को दोपहर करीब 1.30 बजे मोटरसाइकिल से अपनी पुत्री के घर ग्राम पूराबिरधा जा रहे थे। जब वह बिजरौठा मजरा पारा के पास स्थित पुलिया के निकट पहुंचे, तभी सामने से आ रही एक काले रंग की प्लेटिना मोटरसाइकिल ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। आरोप है कि प्लेटिना मोटरसाइकिल चालक देवेन्द्र कुशवाहा पुत्र अमरसिंह कुशवाहा, निवासी ग्राम बिजरौठा मजरा खदरी, वाहन को तेज गति और लापरवाही से चला रहा था। आमने-सामने हुई इस भीषण भिड़ंत में लालाराम गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े और बेहोश हो गए। स्थानीय लोगों और राहगीरों की मदद से घायल लालाराम को एम्बुलेंस के जरिए सीएचसी तालबेहट पहुंचाया गया। जहां से चिकित्सकों ने उन्हें जिला अस्पताल ललितपुर रेफर कर दिया। वहां भी स्थिति में सुधार न होने पर परिजन उन्हें झांसी मेडिकल कॉलेज ले गए। बाद में हालत और बिगड ? पर 9 अप्रैल को ग्वालियर के जया आरोग्य अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां लगभग दो सप्ताह तक चले उपचार के बाद 22 अप्रैल 2026 को उनकी मृत्यु हो गई। मृतक की पत्नी विजयकुंवर ने पुलिस को बताया कि पति की मृत्यु के बाद वह गहरे सदमे और अवसाद में चली गई थीं तथा स्वयं भी अस्वस्थ रहने लगी थीं। इसी कारण वह समय पर थाने में शिकायत दर्ज नहीं करा सकीं, जिससे रिपोर्ट दर्ज कराने में विलंब हुआ। पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेते हुए आरोपी देवेन्द्र कुशवाहा के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 125(बी) एवं 106(1) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# लूना अस्पताल में महिला की मौत के बाद फूटा जनाक्रोश



- आखिर कब जागेगा स्वास्थ्य विभाग, निजी अस्पतालों की मनमानी पर कौन कसेगा लगाम, इलाज के नाम पर मौत का खेल

**कुशीनगर।** इलाज की उम्मीद लेकर अस्पताल पहुंची एक महिला की मौत के बाद मंगलवार को कसया स्थित लूना अस्पताल रणक्षेत्र में तब्दील हो गया। चिकित्सक की लापरवाही के कारण गाल ब्लैडर की पथरी का ऑपरेशन कराने आई महिला की मौत होते ही परिजनों का गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंच गया। देखते ही देखते अस्पताल परिसर में चीख-पुकार और हंगामे के बीच लापरवाह चिकित्सक व हास्पिटल प्रशासन के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर आवाज बुलंद होने लगा। यह देख हास्पिटल प्रशासन स्वास्थ्य व पुलिस विभाग को मैनेज करने म जुट गया। हालाकि मौके पर पहुची पुलिस ने परिजनों को समझा-बुझाकर शांत किया व शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। घटना के दुसरे दिन सपा नेता बंटी राव ने मृतका के परिजनों से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त की और निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

जानकारी के अनुसार कसया नगर पालिका परिषद के वार्ड संख्या-4 निवासी नर्गिस पत्नी तसलीम गाल ब्लैडर में पथरी की समस्या से पीड़ित थीं। परिजनों का आरोप है कि तीन दिन पूर्व उन्हें कसया के पुरानी फाजिलनगर रोड स्थित लूना अस्पताल में भर्ती कराया गया था। चिकित्सकों ने ऑपरेशन की सलाह देते हुए मरीज को भर्ती कर लिया। परिजनों का कहना है कि ऑपरेशन के बाद नर्गिस की हालत बिगड़ने लगी, लेकिन चिकित्सक व हास्पिटल प्रशासन द्वारा समय रहते उचित उपचार नहीं किया गया। नतीजतन महिला की स्थिति बिगडते गयी और उसकी मौत हो गयी।

आरोप है कि महिला की स्थिति लगातार गंभीर होती गई और आखिरकार उसकी मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। देखते ही देखते अस्पताल परिसर में भारी संख्या में लोग जुट गए और हंगामा शुरू हो गया। बताया जाता है कि परिजनों ने चिकित्सक व अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही, गलत उपचार और मरीज की स्थिति छिपाने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग करने लगे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार अस्पताल परिसर में काफी देर तक अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। आक्रोशित परिजन जवाब मांगते रहे, जबकि अस्पताल प्रशासन मामले को लीपापोती करने में जुटा रहा। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुची पुलिस काफी मशक्कत के बाद परिजनों को समझा-बुझाकर शांत किया। इधर अस्पताल प्रशासन सभी आरोपों को खारिज करते हुए दावा कर रहा है कि मरीज का उपचार चिकित्सकीय मानकों के अनुरूप किया गया और उसे बचाने के लिए हरसंभव प्रयास किए गए। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है। परिजनों के आरोप और अस्पताल प्रशासन के दावों के बीच सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर एक सामान्य ऑपरेशन के लिए अस्पताल पहुंची महिला की मौत कैसे हुई? जांच रिपोर्ट आने के बाद ही इस सवाल का जवाब मिल सकेगा। मगर नर्गिस की मौत ने एक बार फिर निजी अस्पतालों की कार्यप्रणाली, इलाज की पारदर्शिता और मरीजों की सुरक्षा को लेकर गंभीर बहस छेड़ दी है।

## महावीर नगर नामकरण पर जैन समाज ने मुख्यमंत्री का जताया आभार

**ललितपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा कुशीनगर ऐतिहासिक स्थल फाजिलनगर (पावापुर/पवननगर) का नाम बदलकर महावीर नगर किए जाने के निर्णय का जैन समाज ने जोरदार स्वागत किया है।

इस संबंध में श्रीदिगम्बर जैन समाज पंचायत समिति (रजि.) के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री के नाम एक आभार पत्र डीएम के माध्यम से प्रेषित किया। समिति पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से जारी पत्र में मुख्यमंत्री के इस निर्णय को ऐतिहासिक बताते हुए कहा गया कि 2 जून 2026 को प्रदेश सरकार द्वारा फाजिलनगर को उसका वास्तविक ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्व वाला नाम महावीर नगर प्रदान किया जाना जैन समाज के लिए गर्व और सम्मान का विषय है। इस निर्णय से देशभर के जैन समाज में हर्ष और उत्साह का वातावरण है। आभार पत्र में उल्लेख किया गया कि जैन समाज सदैव अहिंसा, सद्भाव और सात्विक जीवन मूल्यों का समर्थक रहा है।

## मण्डल स्तरीय अनुश्रवण समिति की बैठक कल

ललितपुर। अटल आवासीय विद्यालय धौर्रा में आयुक्त झांसी मण्डल की स्वीकृति के अनुसार मण्डल स्तरीय अनुश्रवण समिति की बैठक का आयोजन 5 जून को अपराह्न एक बजे से हाइब्रिड मोड में किया जाना सुनिश्चित है। बैठक की अध्यक्षता मण्डलायुक्त करेंगे जबकि जिलाधिकारी भौतिक रूप में विद्यालय से बैठक में प्रतिभाग करेंगे।

जनपद झांसी के अधिकारी आयुक्त कार्यालय में भौतिक रूप से अथवा ऑनलाइन तथा जनपद ललितपुर के अधिकारी अटल आवासीय विद्यालय, धौर्रा, ललितपुर में भौतिक रूप से बैठक में प्रतिभाग करेंगे। यह जानकारी विद्यालय के प्रधानाचार्य ने दी।

# अवैध घुसपैठ का संकट

घुसपैठ केवल भारत की ही समस्या नहीं है बल्कि पूरी दुनिया इस संकट से दो-चार है। ऐसे में दुनिया के कई देशों में अवैध घुसपैठियों को वापस उनके देश भेजने का अभियान चल रहा है। भारत में घुसपैठ की समस्या बहुत ही जटिल है। घुसपैठ का मुद्दा सामान्य नहीं, बेहद संवेदनशील और पेचीदा है। क्योंकि इससे कूटनीतिक रूप से बांग्लादेश के साथ हमारे संबंधों में दरार भी आ सकती है। वैसे घुसपैठ भारत की ही समस्या नहीं, बल्कि खाड़ी के मुस्लिम देश, यूरोप, ब्रिटेन और अमरीका भी परेशान हैं। अंततः घुसपैठियों को वापस उनके मूल देश भेजा जा रहा है। लेकिन सभी लोग घुसपैठिए नहीं हैं। बहरहाल सिर्फ मुस्लिम देशों के ही कुछ उदाहरण लें, तो साफ होगा कि यह कितना नाजुक और बिलबिला देने वाली समस्या है। पाकिस्तान ने बीते सालों में 1.46 लाख से अधिक अफगानी मुसलमानों को उनके देश वापस जाने को विवश किया है। दोनों इस्लामी देश हैं। ईरान आज युद्ध में घिरा है, लेकिन इससे पहले वह करीब 15 लाख मुसलमानों को देश से खदेड़ चुका है। संयुक्त अरब अमीरात के स्वप्निल, शानदार शहर दुबई जाने को आधुनिक युवा हमेशा कोशिश करते हैं। वहां नौकरियों के मोटे पैकेज मिलते हैं



और व्यापार की चौतरफा संभावनाएं हैं। दुबई धन्नासेठों का शहर भी है, लेकिन संयुक्त अरब अमीरात ने ही 7500 से अधिक पाकिस्तानी लोगों को वापस जाने को विवश किया है। उन्हें अपना सामान पैक करने तक का वक्त नहीं दिया गया। तुर्किए खुद को मुसलमानों का खलीफा देश मानता है। उसने भी करीब 2.60 लाख लोगों को देश छोड़ कर चले जाने को बाध्य किया है। जॉर्डन ने जिन 6.75 लाख के करीब लोगों को, खेती का काम करने को, शरण दी थी, उनमें से 1.5 लाख से अधिक शरणार्थियों को खदेड़ चुका है। सऊदी अरब ने तो हद ही कर दी, जब 18,836 कथित अवैध, अवांछित अप्रवासियों को हथकड़ी लगाकर देश के बाहर किया गया। अमरीका ने भी हथकड़ी, बेडियां बांध कर भारतीयों को वापस भेजा था और हम एक राष्ट्र के तौर पर चूं तक नहीं कर पाए थे। इसी तरह मुस्लिम देश अधिकतर मुसलमानों को ही निष्कासित कर रहे हैं, तो किसी भी देश ने इसे उनका एजेंडा करार नहीं दिया। मानवाधिकार के नाम पर या तो मुंह में दही जम गया अथवा आंखें मूंद ली गईं। दुनिया ने इस खदेड़बाजी को राष्ट्रीय सुरक्षा और उन देशों के संसाधनों का राष्ट्रीय प्रबंधन मान लिया, लेकिन भारत में, खासकर बंगाल से, घुसपैठियों को देश से बाहर करने के मुद्दे पर एक राजनीतिक, सामाजिक, मजहबी तबका बिलबिलाने क्यों लगता है? राज्यसभा में भारत सरकार की ओर से जवाब दिया गया कि देश में करीब 2 करोड़ घुसपैठिए हैं। विशेषज्ञ यह संख्या और अधिक मानते हैं। क्योंकि बंगाल के अलावा, उप्र, बिहार, केरल, कर्नाटक, तेलंगाना, महाराष्ट्र आदि राज्यों से लेकर राजधानी दिल्ली में भी घुसपैठिए हैं। राजनीतिक कारणों और चुनावी वोट बैंक की खातिर गंभीरता से उनकी पहचान नहीं की गयी। धर पकड़ कर उन्हें देश से खदेड़ने की बात तो बहुत दूर की कौड़ी रही। चूंकि अब घुसपैठियों को वापस भेजने का पुख्ता रोड-मैप तैयार हो चुका है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने एक उच्चाधिकार प्राप्त समिति का गठन किया है, जो यह निष्कर्ष देगी कि देश में जनसांख्यिकी परिवर्तन और असंतुलन क्यों हैं? उनके बुनियादी कारण और कारक क्या हैं? विडंबना है कि इस अभियान को भाजपा का एजेंडा, मोदी सरकार की मुस्लिम-विरोधी नीति करार दिया जा रहा है। लेकिन इन आलोचनाओं से इतर घुसपैठ देश की सुरक्षा के लिए बहुत ही गंभीर मुद्दा है। इसलिए अवैध घुसपैठ को सियासी नजरिए से देखने के बजाय राष्ट्र हित और राष्ट्रीय सुरक्षा के तौर पर देखना चाहिए।

विचार

ताजा दुहा हुआ दूध जिस प्रकार शीघ्र नहीं बिगड़ता, उसी प्रकार कुकर्मी का फल भी शीघ्र नहीं मालूम होता किंतु वह राख में दबी हुई अग्नि की तरह विद्यमान है।
-महात्मा बुद्ध.

यदि कोई व्यक्ति कुछ भी काम नहीं करता है तो उसे खाना भी नहीं खाना चाहिए।
-बाइबिल.

यह संसार कायर पुरुषों के लिए नहीं है। पलायन करने का प्रयास मत करो।
-स्वामी विवेकानंद.

काम से जो मनुष्य पीड़ित है, वह जड़ और चेतन में भेद नहीं कर सकता।
-कालिदास.

जो कायरता से शत्रु के बल की वृद्धि होती है और अपनी शक्ति का ह्रास होता है। अतः जहां तक बने कायरता को अपने पास न फटकने दें।
-मुनि गणेशवर्णी.

# क्या टीएमसी का हस्र भी शिवसेना जैसा होगा

नरेन्द्र शर्मा

> भाजपा को पश्चिम बंगाल में दो तिहाई बहुमत मिलने के कारण टीएमसी के कार्यकर्ताओं और दूसरी कतार के नेताओं का भी मनोबल टूट गया है। उन्हें लगता है जिस तरह लंबे समय तक प्रदेश में सीपीएम का शासन रहा है, फिर ममता बनर्जी का, उसी तरह अब लंबे समय के लिए भाजपा सत्ता में काबिज रहेगी, तो उनका क्या होगा?

पश्चिम बंगाल में 2026 के विधानसभा चुनाव में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की बड़ी हार के बाद, रह-रहकर जो एक के बाद एक घटनाएं सामने आ रही हैं, उन्होंने ये सवाल खड़ा कर दिया है कि क्या पार्टी का हाल महाराष्ट्र की शिव सेना जैसा हो सकता है? हालांकि अभी यह कहना जल्दबाजी होगी कि टीएमसी टूट जायेगी, लेकिन पार्टी पर गंभीर संकट के बादल मंडरा रहे हैं। यूं तो इसकी शुरूआत रिजल्ट आने के अगले दिन हो गई थी, जब कई नेताओं ने पहले दबी जुबान और फिर खुलकर यह कहना शुरू कर दिया था कि दीदी के कुछ चहेतों की मनमानी के कारण पार्टी का ये हाल हुआ है। लेकिन असली संकट तब उभरकर सामने आया, जब टीएमसी के 50 विधायकों ने ऋतब्रत बनर्जी को अपना नेता चुन लिया और विधानसभा अध्यक्ष ने उन्हें नेता विरोधी दल के रूप में मान्यता दे दी। ममता बनर्जी शोभनदेव चट्टोपाध्याय को विपक्ष का नेता बनाना चाहती थीं।

टीएमसी के विधायक दल में यह विभाजन बड़ी टूट का आधार बन सकता है। विधानसभा चुनाव में टीएमसी को 80 सीटें मिली हैं। इस तरह दो तिहाई विधायकों के पार्टी से अलग होने पर उन्हें एक नये गुट के रूप में मान्यता मिल सकती है। टीएमसी में बिखराव का कारण भी परिवारवाद है। क्योंकि अधिकांश विधायक ममता बनर्जी के खिलाफ नहीं हैं बल्कि उनको अभिषेक से परेशानी है। जिस तरह खुलेआम पार्टी को तोड़ने और खुद ममता बनर्जी पर भेदभाव बरते जाने के टीएमसी के नेताओं के बीच आरोप-प्रत्यारोप शुरू हो गये हैं, उससे यह साफ लगता है कि हार के बाद ममता बनर्जी की पार्टी में पहली जैसी पकड़ नहीं है। टीएमसी के पूर्व नेता रिजू दत्ता की बात पूरी तरह से हवाहवाई भी नहीं लग रही, क्योंकि 2 जून 2026 को टीएमसी से हाल में निकाले गये दो विधायक संदीपन शाह और ऋतब्रत बनर्जी ने कोलकाता के एमएलए हॉस्टल में जाकर कई विधायकों के साथ बैठक की है। इनमें ममता बनर्जी के कई बिल्कुल खास विधायक हैं। लेकिन भारतीय जनता पार्टी ने साफ कहा है कि टीएमसी विधायकों के लिए उनकी



पार्टी के दरवाजे बंद है। पश्चित बंगाल भाजपा के अध्यक्ष समिक भट्टाचार्य ने साफ शब्दों में कहा है कि हमने बिना किसी बाहर की मदद के 207 विधायकों का आंकड़ा छू लिया है। इसलिए हमें किसी बाहरी विधायक की जरूरत नहीं है। दूसरी तरफ टीएमसी का दावा है कि सभी विधायक सिर्फ दो निष्कासित विधायकों के अलावा ममता बनर्जी के साथ हैं। शोभन चट्टोपाध्याय ने कहा है कि पार्टी के टूटने की अफवाहें हताशा में दिये गये बयान हैं, इनका हकीकत से कोई लेना देना नहीं है। सारे विधायक ममता बनर्जी के साथ रहेंगे और टीएमसी के संगठन पर अपना भरोसा जतायेंगे। लेकिन कांग्रेस ने मौके पर चौका मारते हुए कहा है कि टीएमसी भले कुछ भी कहे, लेकिन असली बात यही है कि टीएमसी एकजुट नहीं रह पायेगी। कांग्रेस नेता उदित राज ने साफ शब्दों में कहा है कि ममता बनर्जी वही काट रही हैं, जो उन्होंने बोया है। टीएमसी के कार्यकर्ताओं में भयानक असंतोष है, इसलिए उसका जिंदा रह पाना मुश्किल है। उदित राज के मुताबिक ममता बनर्जी को चाहिए कि वह अब इंडिया ब्लॉक को मजबूत करने के बारे में सोचें। जहां तक इस पूरे घटनाक्रम पर राजनीतिक पंडितों का आंकलन है, उसके मुताबिक टीएमसी की टूट की तीन संभावनाएं बन रही हैं। पहली यह कि टीएमसी के कुल विधायकों में से 54 विधायक पार्टी से अलग हो जाएं, तो उन पर दल-बदल का कानून लागू नहीं होगा। दूसरी स्थिति यह है कि टीएमसी दो गुटों में बंट जाए, लेकिन दूसरे गुट को टीएमसी के रूप में मान्यता तभी मिलेगी, जब चुने हुए 54 विधायक उसके साथ होंगे और इसका फैसला चुनाव आयोग करेगा।

## बड़ी हार के बाद संकट में टीएमसी

लेकिन टूटे हुए विधायकों को अलग पार्टी के रूप में तभी मान्यता मिल सकती है, जब न सिर्फ दो तिहाई विधायक बल्कि 28 में से 19 सांसद भी उनके साथ आ जाएं। क्योंकि अलग और मूल पार्टी के रूप में दावा बागी टीएमसी विधायकों का तभी साबित होगा। अगर ऐसा नहीं होता तो या तो अलग गुट के रूप में मान्यता मिल जायेगी (अगर 54 विधायक एक साथ अलग हुए) लेकिन टूटे हुए गुट को टीएमसी का चुनाव चिन्ह नहीं मिल सकता, क्योंकि उसके लिए दो तिहाई सांसद भी आने चाहिए। इस तरह अगर सांसद साथ नहीं आते तो इस बागी गुट को विधानसभा में नेता विपक्ष का पद तो मिल सकता है, जो मिल भी गया है लेकिन संगठन और पार्टी का संविधान व उसके तंत्र पर नियंत्रण ममता बनर्जी के गुट का ही रहेगा।

हाल में जिस तरह शिव सेना और एनसीपी में टूट हुई, क्या उसी के राह पर टीएमसी भी चल चुकी है? साल 2019 में भाजपा और शिव सेना ने साथ मिलकर चुनाव लड़ा था, लेकिन मुख्यमंत्री पद पर विवाद हो जाने के कारण उद्धव ठाकरे ने भाजपा से अलग होकर कांग्रेस और एनसीपी के साथ मिलकर 'महाविकास अघाड़ी' (एमवीए) बना ली थी। लेकिन जून 2022 में एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में शिव सेना के 40 से ज्यादा विधायकों ने बगावत कर दी और इस तरह उद्धव ठाकरे ने मुख्यमंत्री का पद खो दिया। ठीक ऐसे ही राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) को अजित पवार ने साल 2023 में तोड़ दिया था। यही नहीं फरवरी 2024 में निर्वाचन आयोग ने अजित पवार गुट को आधिकारिक एनसीपी गुट माना था और उसे पार्टी का चुनाव चिन्ह घड़ी एलॉट कर दिया था। ठीक यही हश्र शिव सेना के साथ भी हुआ था, जब बाला साहेब ठाकरे की शिव सेना का चुनाव चिन्ह उद्धव ठाकरे की जगह शिंदे गुट को मिल गया था। टीएमसी में भी हो सकता है कि अगर जैसा दावा किया जा रहा है 54 विधायक और 19 सांसद बागी गुट के साथ आ गये हैं। लेकिन असल बात ये है कि आखिर क्या वजह है कि चुनाव के पहले जो ममता बनर्जी बंगाल की राजनीति की सबसे मजबूत लड़ाका नेता लग रही थीं, वह अचानक इस कदर कमजोर हो गई हैं?

दरअसल इसकी वजह ये है कि टीएमसी की समूची राजनीतिक संरचना ममता बनर्जी के इर्दगिर्द ही टिकी है। पिछले 15 सालों में सत्ता में रहते हुए ममता बनर्जी ने पूरी ताकत अपने हाथों में रखी है। ऐसे में जब पार्टी हार गई, तो वैचारिक अनुशासन से ज्यादा फायदे की राजनीति की असलियत सामने आ गई और जीते हुए विधायकों ने सत्ता का सुख पाने के लिए इधर-उधर हाथ पैर मारने लगे। दरअसल इन विधायकों को लगता है वो टीएमसी के साथ बने रहेंगे तो उनका राजनीतिक भविष्य संकट में पड़ जायेगा। दूसरी बात यह भी है कि भाजपा को पश्चिम बंगाल में दो तिहाई बहुमत मिलने के कारण टीएमसी के कार्यकर्ताओं और दूसरी कतार के नेताओं का भी मनोबल टूट गया है। उन्हें लगता है जिस तरह लंबे समय तक प्रदेश में सीपीएम का शासन रहा है, फिर ममता बनर्जी का, उसी तरह अब लंबे समय के लिए भाजपा सत्ता में काबिज रहेगी, तो उनका क्या होगा? ये सारी उठा-पटक इसी हताशा का नतीजा है, जो अगर टीएमसी को दूसरी शिव सेना बना दे तो अतिश्योक्ति नहीं होगी।

सोशल मीडिया

कांग्रेस व इंडी अलायंस एसआईआर पर सुप्रीम कोर्ट का स्पष्ट और दो टूक निर्णय आने के बाद इसी संवैधानिकता पर प्रश्न उठाने का कोई औचित्य व आधार नहीं रहा जाता। सुधांशु त्रिवेदी.



मैं बंगाल में विपक्ष की आवाजों को दबाने और बीजेपी की हिंसा का कड़ा विरोध करती हूं, देश के लोग बंगाल में राजनीतिक दिवालिया व हिंसा का चरम रूप दे रहे हैं। ममता बनर्जी.



वेदांत और उसके मित्र प्रतिभाशाली, साहसी युवा भारतीय हैं, जिन्होंने सीबीएसई और मोदी सरकार से कुछ सीधे-साधे सवाल पूछे लेकिन जवाबों की जगह अपमान उन्हें मिला। राहुल गांधी.



# आस्था की अभिव्यक्ति

श्रद्धा हमारे सरल सवभाव, सोच और हृदय की एक ऐसी भावना है जो श्रद्धा में अभिव्यक्त होती है। परमात्मा के प्रति उदारतापूर्वक आत्मभावना पैदा होती है वही श्रद्धा है। सात्विक श्रद्धा की पूर्ण में अंतःकरण स्वतः पवित्र हो उठता है। श्रद्धायुक्त जीवन की विशेषता से ही मनुष्य स्वभाव में ऐसी सुन्दरता बढ़ती जाती है जिसको देख कर श्रद्धावान स्वयं संतुष्ट बना रहता है। श्रद्धा सरल हृदय की ऐसी प्रीतियुक्त भावना है जो श्रेय पथ की सिद्धि कराती है। श्रद्धा का अविर्भाव सरलता और पवित्रता के संयोग से होता है। पार्थिक वस्तुओं से ऊपर उठने के लिए सरलता और पवित्रता इन्हीं दो गुणों की अत्यंत आवश्यकता होती है। इच्छा में सरलता और प्रेम और पवित्रता का विकास जितना अधिक होगा उतनी ही अधिक श्रद्धा बलवान होगी। सरलता के द्वारा परमात्मा की भावानुभति होती है और पवित्र प्रेम के माध्यम से उसकी रसानुभूति, श्रद्धा दोनों का सम्मिलित स्वरूप है। उसमें भावना भी है, रस भी। जहां उसका उदय हो वहीं लक्ष्य प्राप्ति की कठिनाई का अधिकांश समाधान तुरन्त हो जाता है। अज्ञान अंधकार में भटके हुए लोकजीवन को सत्मार्ग पर अग्रसर करने का माध्यम उनके द्वारा जगाई हुई श्रद्धा का पूर्ण पाठ साधना की स्थिरता के लिए तब भी आवश्यक था। युग और परिस्थितियां बदल जाने पर आज भी आवश्यक है। परमात्मा सत्य है, उसके गुण और स्वभाव अपरिवर्तनशील हैं। इसी तरह वहां तक पहुंचने का मार्ग और माध्यम भी अपरिवर्तित ही है। उसे आज भी पाया और अनुभव किया जा सकता है पर उस स्थिति की परपक्वता के बीच में जो साधनायें, परिवर्तन, हलचल, कठिनाइयां और दुरभिसन्धियां आती हैं उनमें लक्ष्य प्राप्ति की भावना की स्थिरता के लिए श्रद्धा आवश्यक है।

अंतर्दृष्टि

यहां श्रद्धा की शक्ति का संक्षिप्त सा आभास दिया गया है कि उसे मानव जीवन की सर्वोपरि सामर्थ्य के रूप में समझ सकने में सुविधा हो। देवलोक यही है। देवता इसी क्षेत्र में जन्मते, बढ़ते, परिपुष्ट होते और वरदान दे सकने के लिए सक्षम बनते हैं। उनका उदय एवं अस्त भी इसी श्रद्धा के अनन्त अंतरिक्ष में होता रहता है। मंत्र देवता गुरु उपासना साधना सिद्धि आदि का सारा आधार श्रद्धा की आधारशिला पर खड़ा है। सच तो यह है कि साधा का विशालकाय कलेवर इसलिए खड़ा किया गया है कि उन लौह श्रृंखलाओं में जकड़ कर श्रद्धा विश्वास रूप महादैत्य को उपयोग प्रयोजन उत्पन्न कर सकने के लिए प्रशिक्षित किया जा सके। श्रद्धा से व्यक्तित्व का निर्धारण होता है। श्रद्धा अनेक क्रियाकलापों का सूत्र संचालन और उन्हें सफलता के उच्च स्तर तक पहुंचा सकना संभव होता है। आत्मा का सबसे विश्वस्त और सबसे घनिष्ठ सचिव श्रद्धा ही है।

# प्रभु से बस यही प्रार्थना है!

व्यंग्यलोक

इधर पिछले कुछ दिनों से मैं ही नहीं, मेरी अगल बगल के हर विभाग के हर क्लास के चूहे मेंटली परेशान थे। सबके मन खिन्न! दिमाग छिन्न भिन्न! बात थी ही छिन्नता खिन्नता वाली। तो परेशानी का कारण बना यों कि ज्यों ही मेरी बगल के लोक निर्माण विभाग के दूसरी श्रेणी के चूहे को टीवी से यह दुखद खबर मिली कि सिस्टमी जाति की उम्दा प्रजाति के हमारे बिरादर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है या किसी ने उसकी लोकतंत्र के चौक पर दिन दहाड़े हत्या कर दी है, तो हम सबकी भूख प्यास सब खत्म हो गई। खबर थी ही भूख प्यास खत्म कर देने वाली। यह खबर सुनकर कई दिनों तक ऑफिस में किसी का कुछ कुतरने को कतई मन नहीं करता। रात को हम पूर चूहा कॉलोनी वाले सोने की कोशिश करते तो नींद आने का नाम न लेती। तब जब देखो बस, चौबीसों घंटे हम सबकी आंखों के सामने हमारा मरा, मारा बिरादर कभी इस बोरी तो कभी उस बोरी उदकता फुदकता दिखता। आखिर जब तनाव हद से अधिक बढ़ गया तो तय हुआ कि हम अपने बिरादर की मौत की निष्पक्ष जांच के लिए जुलूस निकालें, धरने दें। आमरण अनशन पर तब तक बैठे रहें जब तक हमारे बिरादर की मौत पर से रहस्य का कफन नहीं उठ जाता। और हमने सर्वसम्मति से अपने आंदोलन के पहले फेज में हमने अपनी बिरादर की मौत की निष्पक्ष जांच की मांग सरकार से की ताकि हमारे बिरादर की मौत का सच देश के सामने आ सके। और मजे की बात! हमारी मांग तुरंत सरकार ने अपने रजिस्टर में रजिस्टर्ड कर ली। तब सरकार ने हमें विश्वास दिलाया कि डरो मत! हम पर विश्वास करो। वह तुम्हारा ही नहीं, हमारा भी बिरादर था। कल ही अपने पेटी भाई की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आई है। अपने पेटी भाई की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि बिरादर की मौत उसके किसी दुश्मन ने नहीं की है, यह मात्र शांत समाज में सज्जनों द्वारा दंगे भड़काने को फैलाई अफवाह भर थी। असल में उस पवित्र आत्मा की मृत्यु उसके अपने ही हाथों अपना दम घुटने से हुई थी। बिरादर का पोस्टमार्टम इंटरनेशनल चूहा चिकित्सा अनुसंधान संस्थान में किया गया था। असल में समाज को कुतर कुतर कर बिरादर के लंग्स, किडनियों में दिक्कत आ गई थी। पेटी भाई का रस्म उठाला करने के बाद अब मेरे मन सहित हम सबका मन प्रसन्न है। पानी में से दूध निकल गया है। मेरे घर सहित पूरी कॉलोनी में फिर से पुरानी रौनक लौट आई है। अब गुजरे पेटी भाई की तरह फिर से कूद कूद कर हम सबका मन ऑफिस जाने को पहले की तरह फुदकने लगा है। हमारी बस अब अपने पेटी भाई के लिए उस सर्वशक्तिमान प्रभु से यही दुआ प्रार्थना! सिस्टम हमारे पेटी भाई को अपने श्री चरणों के किसी अलौकिक बोरे में परमानेंट स्थान दें!



अशोक गौतम

# डॉ. बशीर बद्रः बेमिसाल प्रतीकों का आधुनिक शायर



साहित्य जगत

भारत-पाकिस्तान युद्ध के बाद 1972 में शिमला समझौता हुआ, जिसे करने के लिए पाकिस्तान के तत्कालीन राष्ट्रपति जुल्फिकार अली भुट्टो आये थे। उन्होंने भारत की तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी से मुलाकात करते हुए एक शेर पढ़ा 'दुश्मनी जमकर करो लेकिन ये गुंजाइश रहे/जब कभी हम दोस्त हो जायें तो शर्मिंदा न हों।' यह डॉ. बशीर बद्र का शेर है और एक देश के प्रमुख द्वारा कूटनीतिक वार्ता में इसे सुनाने से स्वतः ही मालूम हो जाता है कि इसके रचनाकार की ख्याति किसी सरहद तक सीमित न थी। निश्चित रूप से पदमश्री (1999) डॉ. बशीर बद्र, जिनके सभी काव्य संकलन- 'ईकाई', 'इमेज', 'आमद' व 'आसमान' विभिन्न सरकारी अकादमियों से पुरस्कृत हुए न सिर्फ. अंतर्राष्ट्रीय शुहरत के मालिक थे बल्कि देश के ग्रामीण क्षेत्रों तक में उनके अशआर (शेर का बहुवचन) दिलचस्पी के साथ पढ़े व सुने जाते थे। बीती 28 मई 2026 को लम्बी बीमारी के बाद 91 वर्ष की आयु में उनका दुनिया को अलविदा कहने से भारतीय साहित्य, विशेषकर उर्दू शायरी, के एक युग का अंत हो गया है। उनका जन्म सैय्यद मुहम्मद बशीर के रूप में 15 फरवरी 1935 को गांव बुखिया, निकट हंसवार, वर्तमान में जिला अम्बेडकर नगर में हुआ था।

इस लेख का उद्देश्य डॉ. बशीर बद्र की जिंदगी पर रोशनी डालना नहीं है, जिसके बारे में सभी जानते हैं कि उन्होंने अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी से एम.ए, पीएचडी की डिग्रियां प्राप्त कीं, इसी विश्वविद्यालय में लेक्चरर रहे, फिर 17 वर्ष तक मेरठ कॉलेज में प्रोफेसर और बाद में भोपाल बस गये, जहां उन्होंने अपने जीवन की अंतिम सांस ली। इस लेख का मकसद उनके चर्चित अशआर जैसे- 'उजाले अपनी यादों के हमारे साथ रहने दो/न जाने किस गली में जिंदगी की शाम हो जाये।' या 'कुछ तो मजबूरियां रही होंगी/ यूं कोई बेवफा नहीं होता।' आदि को दोहराना भी नहीं है, क्योंकि यह तो सभी की जबानों पर हैं। यह लेख यह बताने के लिए भी नहीं है कि लबो-रुखसार के पेचो-खम में उलझी हुई परम्परागत उर्दू शायरी में आधुनिकता (जदीद) की जो नींव नासिर काजमी ने रखी थी, उस पर बुलंद-ओ-बाला इमारत का निर्माण रंगों और खुशबू के शायर डॉ. बशीर बद्र ने किया और वह आम आदमी के रोजमर्रा के एहसास व अनुभवों की सशक्त आवाज बनकर उभरे, आपबीती को जगबीती बनाते हुए। मसलन, 1987 में जब वह विदेश की यात्रा पर थे, तो मेरठ के दंगों में उनके घर को फूंक दिया गया था और इस हादसे पर उन्होंने कहा- 'लोग टूट जाते हैं एक घर बनाने में/तुम तरस नहीं खाते बस्तियां जलाने में।' इसमें कोई दो राय नहीं है कि डॉ. बशीर बद्र नासिर काजमी से बहुत अधिक प्रभावित थे। मसलन, नासिर काजमी का एक शेर है- 'हमारे घर की दीवारों पे 'नासिर'/उदासी बाल खोले सो रही है।' और अब डॉ. बशीर बद्र का शेर सुनिये- 'उदासी पतझड़ों की शाम ओढ़े रास्ता तकती/पहाड़ी पर हजारों साल की कोई इमारत सी।' दरअसल, डॉ. बशीर बद्र को जो बात शायरों की भीड़ में एकदम अलग खड़ा कर देती है, वह है उनके द्वारा बेमिसाल प्रतीकों का इस्तेमाल करना, जो कहीं दूसरी जगह नहीं मिलते और यही बताना इस लेख का मकसद है। डॉ. बशीर बद्र के हाथों में गजल की रिवायत नये लबो-लहजे से दोचार हुई। उन्होंने अपनी गजलों में नये प्रतीक प्रयोग किये, जो विचित्र या अजीबो गरीब नहीं हैं बल्कि जो हमारे आसपास के हैं और जाने पहचाने से हैं, इसलिए आम आदमी जल्दी व आसानी से जुड़ जाते हैं। लेकिन यह प्रतीक उनसे पहले किसी ने इस्तेमाल नहीं किये हैं।

डॉ. बशीर बद्र की गजलों में हुस्न-ओ-इश्क भी है, दर्शन भी है, समाजी व सियासी हालात भी हैं, लेकिन उनकी गजलों की खूबी है उनके नायाब प्रतीक। इस संदर्भ में कुछ शेर सुनिये- 'मुझे हादसों ने सजा-सजा के बहुत हसीन बना दिया/मिरा दिल भी जैसे दुल्हन का हाथ हो महंदी से रचा हुआ।' एक गजल के दो शेर इस तरह से हैं- 'भरी दोपहर का खिला फूल है/पसीने में लड़की नहायी हुई' व 'खुशी हम गरीबों की जैसे मियां/मजारों पे चादर चढ़ायी हुई।' इस शेर में गरीबी पर कितना गहरा व्यंग्य है, सोचते ही रोंगटे खड़े हो जाते हैं। डॉ. बशीर बद्र की शायरी में सौंदर्य वर्णन भी बहुत ही खूब है और यह करते हुए भी वह अलंकारों का अति प्रभावी प्रयोग करते हैं, जो उनकी शायरी को अधिक रोचक बना देते हैं। मसलन, प्रेमिका की आंखों की सुंदरता को वह इस तरह से बयान करते हैं- उसकी आंखों को गौर से देखो /मंदिरों में चराग जलते हुए। बहरहाल, संक्षेप में बात केवल इतनी है कि अब डॉ. बशीर बद्र के बाद ऐसा शेर कौन कहेगा- 'खुदा ऐसे एहसास का नाम है/रहे सामने और दिखायी न दे।'

**एस. ए. चौधरी.**

## आपकी बात

### युवा शक्ति का उपयोग

देश की युवाशक्ति के समुचित उपयोग के लिए यह जरूरी है कि युवाओं को रोजगार का अधिकार प्रदान किया जाये। अगर सरकार रोजगार नहीं तो वित्तीय प्रोत्साहन दे ताकि युवा अपना व्यवसाय कर सके। अधिक से अधिक रोजगार सृजन देश की जरूरत है। प्रदेश में विकास और रोजगार सृजन का वातावरण बनाने के लिए सरकार प्रयास कर रही है। उत्तर प्रदेश में रोजगार की राह दिनोंदिन कठिन होती जा रही है। सरकारी नौकरियों में युवाओं के चयन में जिस तरह का भ्रष्टाचार, पक्षपात दशकों से व्याप्त है, उसको खत्म करना सरकार के लिए सिरदर्द बन गया है। प्रदेश सरकार ने पूर्व की कई भर्तियों में धांधली प्रकाश में आने पर चयन निरस्त कर दिया है। लोक सेवा आयोग तक की भर्तियों की सीबीआई जांच चल रही है, क्योंकि आरोप है कि पूर्व में लोक सेवा आयोग के माध्यम से सरकारी सेवकों के चयन में धांधली की गयी और मनमाने तरीके से नौकरियां बांटी गयीं। लंबे समय तक सरकारी नौकरियों के चयन में हुआ भ्रष्टाचार और भाई भतीजावाद खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। प्रदेश सरकार ने नौकरियों में घूसखोरी पर काफी हद तक अंकुश लगाने का काम किया है, लेकिन जो दलाल इस धंधे से जुड़े थे, कहीं न कहीं वे आज भी परीक्षाओं की पवित्रता भंग देते हैं, इस कारण भर्तियां कठिन हो गयी हैं। पिछले साल पुलिस भर्ती परीक्षा में पेपर लीक, नकल और फर्जी परीक्षार्थियों के सहारे परीक्षा की निष्पक्षता को तार-तार करने की कोशिशें हुईं। इनमें जो लोग पकड़े गये हैं उनमें प्रिंसिपल, पुलिस से लेकर बिहार तक के सक्रिय गिरोह का नाम सामने आया। इसी तरह शिक्षक भर्ती परीक्षा में कटऑफ, कॉपी बदलने, वाइटनर से उत्तर बदलने जैसे आरोपों के बाद यह परीक्षा विवादित हो गयी और आज तक न्यायालय से विवाद नहीं सुलझ सका। सरकार को रोजगार देने का प्रयास भी करना चाहिए और भर्तियों में निष्पक्षता भी जरूरी है।

**शिव प्रताप त्रिपाठी, लखनऊ.**

### वैश्विक आर्थिक चुनौतियां

अमरीका में ट्रंप की वापसी के साथ दुनिया के अधिकांश देशों को निर्यात के मोर्चे पर गंभीर चुनौतियों से जूझना पड़ रहा है। भारत के सामने भी अनेक समस्याएं हैं। निर्यात व्यापार बहुत ही धीमी गति से आगे बढ़ रहा था। वैश्विक चुनौतियां, जियो-इकोनॉमिक्स और आर्थिक मंदी के बीच निर्यात बढ़ाना पहले ही बहुत कठिन था लेकिन अमेरिका में ट्रंप की वापस और उनके मागा अर्थात मेक अमेरिका ग्रेट अगेन और अमेरिका फर्स्ट की नीति ने विश्व व्यापार में एक अघोषित युद्ध का आगाज कर दिया है। ट्रंप ने फिलहाल कनाडा और मैक्सिको से होने वाले आयात पर 25 फीसद ड्यूटी बढ़ाने और चीन के आयात पर 10 फीसद नयी ड्यूटी लगाने का एलान किया है। लेकिन ट्रंप के निशाने पर भारत भी आ सकता है। क्योंकि भारत के साथ भी अमेरिका का द्विपक्षीय व्यापार घाटे में है और भारत के पक्ष में है। फिलहाल तो भारत अभी तक ट्रंप के टैरिफ वार से बचा हुआ है लेकिन भविष्य को लेकर चीजें अनिश्चित हैं। ऐसे में सरकार से बजट के मध्यम से पूर्व की तैयारी की अपेक्षित थी। सरकार ने निर्यात बढ़ाने के लिए कई महत्वपूर्ण नीतियां और योजनाएं प्रस्तावित की हैं जिनके जरिए भारत सरकार निर्यात व्यापार को और अधिक प्रतिस्पर्धी बनाने, निर्यात बढ़ाने और वैश्विक बाजार में भारतीय उत्पादों की पहुंच बढ़ाना चाहती है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 2,250 करोड़ रुपये का आवंटन करते हुए निर्यात संवर्द्धन मिशन के शुरूआत की घोषणा की। इसका मकसद ऐसे समय में भारत के निर्यात की प्रतिस्पर्धा बढ़ाना है जब वैश्विक स्तर पर संरक्षणवाद और अनिश्चितता बढ़ रही है। मिशन के तहत वाणिज्य विभाग, सूक्ष्म, लघु और मझोले उद्यम (एमएसएमई) के साथ वित्त मंत्रालय विभिन्न सेक्टरों के लिए निर्यात लक्ष्य तय करेंगे। विदेशी बाजारों में गैर शुल्क बाधाओं से निपटने के लिए एमएसएमई को समर्थन करने के उपाय भी किए जाएंगे।

**पवन कुमार सिंह, लखनऊ.**

संक्षेप

## नवागत बीएसए का शिक्षा मित्रों ने किया स्वागत

**ललितपुर।** आदर्श समायोजित शिक्षक/शिक्षा मित्र वेलफेयर एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने जिलाध्यक्ष भगवत सिंह बैंस के नेतृत्व में नवागत बीएसए रत्नेश कुमार से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान संगठन के पदाधिकारियों ने माल्यार्पण एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया तथा जनपद में शिक्षा मित्रों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। जिलाध्यक्ष भगवत सिंह बैंस ने बीएसए को बताया कि जनपद के शिक्षा मित्रों का स्थानांतरण एवं समायोजन कार्य पिछले लगभग पांच माह से लंबित पड़ा हुआ है, जिससे बड़ी संख्या में शिक्षा मित्रों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि महिला शिक्षा मित्र अपने ससुराल क्षेत्र के नजदीकी विद्यालयों में तथा पुरुष शिक्षा मित्र अपने मूल निवास के समीप स्थित विद्यालयों में समायोजन की प्रतीक्षा कर रहे हैं, लेकिन प्रक्रिया पूरी न होने के कारण उन्हें दूरस्थ विद्यालयों में कार्य करना पड़ रहा है। उन्होंने मांग की कि शिक्षा मित्रों के हित में स्थानांतरण एवं समायोजन की प्रक्रिया को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण कराया जाए। इस पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने सकारात्मक आश्वासन देते हुए प्रक्रिया को आगे बढ़ाने की बात कही।

## ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से युवक की मौत

**ललितपुर।** थाना जाखलौन क्षेत्र के अंतर्गत पिपरियावंशा स्थित नयागांव पुलिया के पास मंगलवार को एक भीषण सड़क हादसे में मिट्टी के बर्तन बेचकर परिवार का भरण-पोषण करने वाले युवक की मौत हो गई। तेज रफ्तार गेंहू से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से गंभीर रूप से घायल युवक को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक के भाई की तहरीर पर अज्ञात चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई तहरीर में नईबस्ती, कस्बा जाखलौन निवासी साफिर उर्फ साकिर पुत्र हमीद खां ने बताया कि उनका छोटा भाई इकबाल फेरी लगाकर मिट्टी के बर्तन बेचने का काम करता था। मंगलवार सुबह करीब 9 बजे वह पिपरियावंशा में नयागांव पुलिया के पास टैक्सी से उतरकर गांव की ओर बर्तन बेचने जा रहा था। इसी दौरान जाखलौन की ओर से आ रहे गेहूं से लदे एक आईसर ट्रैक्टर-ट्रॉली के चालक ने तेज गति और लापरवाही से वाहन चलाते हुए इकबाल को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही इकबाल सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और स्थानीय लोगों की मदद से घायल को एम्बुलेंस द्वारा जिला अस्पताल ललितपुर भेजा गया, जहां इकबाल को मृत घोषित कर दिया। युवक की असमय मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। मृतक अपने पीछे पत्नी और चार छोटे बच्चों को छोड़ गया है। मृतक के भाई की शिकायत के आधार पर ट्रैक्टर के इंजन एवं चेसिस नंबर के आधार पर अज्ञात चालक के विरुद्ध बीएनएस की धारा 281, 125(बी) एवं धारा 106 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

## पीएमएनएएम मेले का आयोजन 8 को

अयोध्या। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, अयोध्या में 08 जून को प्रातः 10 से प्रधानामंत्री राष्ट्रीय शिक्षुता मेला (पीएमएनएएम) मेले का आयोजन किया जा रहा है। जिसमे सरकारी व गैर सरकारी विभाग व अधिष्ठान हाई फ्लो इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड, त्रिभुवन इलेक्ट्रिकल्स प्राइवेट लिमिटेड के० एम० अयोध्या, यश पेपर मिल आदि कम्पनियाँ प्रतिभाग कर रही है।

# केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर 21 तक होंगे कार्यक्रम

## विकासखण्डों में लगाये जायेंगे त्रिदिवसीय जनकल्याण मेले, योजनाओं व उपलब्धियों का होगा प्रचार-प्रसार

जिला संवाददाता



- अमृत सरोवरों, नदी, नहरों आदि पर एक पेड़ मॉ के नाम अभियान के तहत होगा पौधरोपण
- जन-जागरुकता अभियान के तहत जन-जन से किया जाएगा संवाद, जन समस्या समाधान शिविरों का होगा आयोजन

**ललितपुर।** केन्द्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जिले में 05 जून से 21 जून के मध्य नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक समेकित जन-कल्याण एवं जन-जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे, जिनके सफल एवं भव्य आयोजन हेतु जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने बुधवार को कलैक्ट्रेट सभागार में बैठक कर प्रशासनिक अधिकारियों को कार्यक्रमवार नोडल नामित किया और कार्यक्रम को मा0 जनप्रतिनिधिगणों की सहभागिता के साथ भव्यतम रुप में आयोजित कराये जाने के निर्देश दिये।

जिलाधिकारी ने कहा कि सरकार के इस अभियान में पूरी ऊर्जा के साथ अपने दायित्वों का निवर्हन करें, सरकार की अन्त्योदय की भावना को जन-जन तक पहुंचाना सुनिश्चित करें और आयोजन में जनप्रतिनिधिगणों की उपस्थिति सुनिश्चित करते हुए पूरी भव्यता के साथ कार्यक्रमों का आयोजन करायें। बैठक में जिलाधिकारी ने बताया कि समेकित जन-कल्याण एवं जन-जागरुकता कार्यक्रम की शुरूआत 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के साथ होगी, जिसके तहत जिला स्तर पर राजकीय इण्टर कॉलेज में संकेतात्मक वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, साथ ही प्रधानमंत्री की अपील के क्रम में सभी विकास खण्डों, नगर निकायों व ग्राम पंचायतों में एक पेड़ मॉ के नाम अभियान के तहत अमृत सरोवरों, तालाबों, सड़कों, नदी, नहरों आदि पर पारम्परिक प्रजाति व फलदार वृक्ष लगाये जायेंगे। इस कार्यकम के लिए डीएफओ को नोडल व खण्ड विकास अधिकारियों को सह नोडल बनाया गया है।

इसी क्रम में 08 जून से 14 जून तक विशेष जन-सम्पर्क एवं जन-जागरुकता कार्यक्रम के तहत समाज विभिन्न वर्गों तक शासकीय योजनाओं की जानकारी एवं उपलब्यिां पहुंचाने हेतु जनपद के प्रबुद्ध वर्ग आदि से संवाद किया जाएगा। 11 जून से 14 जून तक मीडिया सम्बोधन एवं संवाद के तहत जनपद स्तर पर प्रेस वार्ता के दौरान सरकार की उपलब्धियों का प्रस्तुतिकरण किया जाएगा। 14 जून से 16 जून तक जन-कल्याण शिविर एवं स्वास्थ्य मेला अभियान के अंतर्गत समस्त विकास खण्डों में जनकल्याण मेले आयोजित किये जायेंगे। 16 जून से 17 जून तक विकसित भारत संकल्प सम्मेलन के तहत राज्य स्तर पर विभिन्न विधाओंध्क्षेत्रों के प्रबुद्ध महानुभावों, विषय विशेषज्ञों का जनपद स्तरीय विकास खण्डों में भ्रमण हेतु चयन किया जाएगा। 17 जून से 20 जून तक गरीब कल्याण को समर्पित सरकार की उपलब्धियों तथा उत्तर प्रदेश की पहचान बन चुकी परियोजनाओं, आध्यात्म केन्द्रों के विकास एवं आन्तरिक सुरक्षा के सुदृढ़ मॉडल पहले और अब के प्रारूप में कलैक्ट्रेट में विकास प्रदर्शनी के रुप में प्रदर्शित किया जाएगा। इस कार्यक्रम के लिए जिला पर्यटन अधिकारी, उपायुक्त उद्योग, अपर पुलिस अधीक्षक, डीएसटीओ व डीआईओ को नोडल बनाया गया है।

इसी क्रम में 18 जून से 19 जून तक विकास भवन सभागार में खेती कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही अभियान की अवधि के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में रात्रि चैपाल का आयोजन किया जाएगा, जिसमें शासकीय योजनाओं की समीक्षा के साथ जन शिकायतों का निस्तारण किया जाएगा। इसके लिए डीएसटीओ व डीआईओ को नोडल व समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को सह नोडल नामित किया गया है।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चोहान, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ इम्तियाज अहमद, जिला विकास अधिकारी अतिरंजन सिंह, एडीएफओ सत्येन्द्र तोमर, पीडी डीआरडीए दीपक यादव, जिला पंचायत राज अधिकारी कुँवर सिंह यादव, जिला विद्यालय निरीक्षक ओपी सिंह, अधिशासी अभियंता सिंचाई खण्ड भूपेश सुहेरा सहित समस्त खण्ड विकास अधिकारी व अन्य सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## जदयू ने उठायी अवैध जल दोहन रोकने की मांग, सौंपा ज्ञापन



**बांदा।** जनपद में गहराते जल संकट पर जेडीयू ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। अवैध जल दोहन रोकने की मांग की गई है। जनता दल यूनाइटेड के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रवींद्रनाथ गुप्ता ने जिलाधिकारी को संबोधित पत्र सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा। नेता ने आरोप लगाया है कि प्रशासनिक स्तर पर वर्षा जल संचयन (रेन वाटर हार्वेस्टिंग) के लिए कोई प्रभावी पहल नहीं की गई है। इससे प्रतिवर्ष लाखों लीटर शुद्ध पानी बर्बाद हो रहा है। विकास प्राधिकरण पर नियमों की अनदेखी करने का आरोप लगाते हुए कहा कि व्यावसायिक भवनों में रेन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम केवल कागजों तक ही सीमित है। इसके अलावा, अधिकांश सरकारी व अर्ध-सरकारी भवनों में भी यह सिस्टम स्थापित न होना आम जनता के लिए गलत उदाहरण पेश कर रहा है। रवींद्रनाथ गुप्ता ने जिले में जगह-जगह चल रहे अवैध आरओ प्लांट, सर्विस स्टेशन और व्यावसायिक बोरिंग पर भी चिंता जताई। कहा कि बिना किसी पंजीकरण और रोक-टोक के चल रहे ये केंद्र भारी मात्रा में भूगर्भ जल का दोहन कर रहे हैं। इनसे न तो कोई शुल्क लिया जा रहा है और न ही जल रीसाइक्लिंग की कोई व्यवस्था है। सभी सरकारी कार्यालयों, स्कूलों, अस्पतालों व पुलिस थानों में तत्काल रेन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम चालू कराने की मांग की। बिना पंजीकरण के चल रहे व्यावसायिक जल दोहन केंद्रों को चिन्हित कर उन पर रोक लगाने, जुर्माना वसूलने, व्यावसायिक बोरिंग के लिए अनिवार्य पंजीकरण और पानी के उपयोग पर शुल्क सीमा तय करने की मांग की। जल संरक्षण के लिए वार्ड और ग्राम स्तर पर सघन जन-जागरूकता अभियान चलाने को कहा। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष राजाराम राही, जिला महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष पिंकी प्रजापति, श्रीराम प्रजापति आदि उपस्थित रहे।

# किसान की हत्या से फैली सनसनी



- दोनों हाथ कटे मिले, परिजनों ने लगाया अपहरण कर हत्या का आरोप
- घंटाघर पर ग्रामीणों संग प्रदर्शन, आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग

**ललितपुर।** थाना जाखलौन क्षेत्र के ग्राम नयागांव निवासी एक किसान का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक के दोनों हाथों के पंजे कटे होने और शरीर पर कई गंभीर चोटों के निशान मिलने के बाद परिजनों ने गांव के ही चार लोगों पर अपहरण कर हत्या करने का आरोप लगाया है। मामले को लेकर परिजनों और ग्रामीणों ने बुधवार को शहर के घंटाघर चैराहे पर प्रदर्शन कर आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की। ग्राम नयागांव निवासी अनिल झां पुत्र धनीराम ने पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि उनके पिता धनीराम पुत्र हरदास अपने कुएं वाले खेत में लगे आम के पेड़ों की रखवाली कर रहे थे। आरोप है कि 27 मई 2026 को दोपहर करीब तीन बजे गांव के ही गफूर खां, कलामुद्दीन, वाहिद तथा कन्छेदी वहां पहुंचे और आम के पेड़ों पर अपना दावा जताते हुए धनीराम को रखवाली करने से रोकने लगे। शिकायत के अनुसार जब धनीराम और उनके पुत्र अनिल ने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि उन्होंने कहा कि यदि आम के पेड़ों की रखवाली की गई या फल तोड़े गए तो गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। इस संबंध में सूचना गांव के चैकीदार को भी दी गई थी। परिजनों का कहना है कि 31 मई की रात करीब नौ बजे अनिल अपने पिता को खाना देने खेत पर पहुंचे, लेकिन धनीराम वहां नहीं मिले। काफी खोजबीन के बाद भी उनका कोई सुराग नहीं लगा। अगले दिन थाने में सूचना दी गई और तलाश जारी रही। शिकायतकर्ता का आरोप है कि खोजबीन के दौरान उन्होंने गांव के बाहर एक कुएं के पास कथित रूप से आरोपियों को उनके पिता को मुंह बंद कर जबरन वाहन में ले जाते हुए देखा था, लेकिन रात अधिक होने के कारण तत्काल पुलिस को सूचना नहीं दे सके। इसी बीच 2 जून की शाम करीब छह बजे राजघाट बांध के बरदेही क्षेत्र के पास धनीराम का शव मिलने की सूचना मिली। परिजन मौके पर पहुंचे तो शव की हालत देखकर उनके होश उड़ गए। आरोप है कि मृतक के दोनों हाथों के पंजे कटे हुए थे और शरीर पर कई गंभीर चोटों के निशान थे। इसके बाद परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस से कठोर कार्रवाई की मांग की। मामले से आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने बुधवार को ललितपुर शहर के घंटाघर चैराहे पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी, निष्पक्ष जांच और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग उठाई। प्रदर्शन के दौरान लोगों ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी भी की। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने परिजनों द्वारा लगाए गए आरोपों को जांच का विषय बताते हुए सभी पहलुओं पर पड़ताल शुरू कर दी है।

## प्रधान-प्रशासकों ने मुख्यमंत्री को सराहा, चुनाव में पार्टी को करेंगे मजबूत



**बांदा।** ब्लाक सभागार नरैनी में (प्रधान) प्रशासक संगठन की ओर से मुख्यमंत्री व क्षेत्रीय विधायक ओममणि वर्मा का आभार एवं सम्मान समारोह का आयोजन फूल मालाओं से हुआ। विकास खंड नरैनी के ग्राम प्रशासकों ने कार्यकाल बढ़ाये जाने, प्रधान को प्रशासक नियुक्त किये जाने पर मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए आगामी विधान सभा चुनाव में सक्रिय भूमिका निभाने का वादा प्रधानों ने किया। ग्राम प्रशासकों ने विधायक के माध्यम से मुख्यमंत्री से प्रशासकों के संपूर्ण अधिकार पूर्व की भांति दिये जाने की मांग करते हुए ज्ञापन दिया। प्रशासकों ने कहा की हमें पूर्ण अधिकार न मिलने के कारण गांव के विकास कार्य बंद हैं। कार्यों का भुगतान नहीं हो रहा है। वर्ष 2026-27 की वार्षिक कार्य योजना अभी तक सम्मिलित नहीं की गई है। जिससे कार्य नहीं हो पाएंगे। गांव में पेयजल, निर्माण कार्य, पौधारोपण, मानदेय आदि कार्य प्रभावित हैं। विधायक ने प्रशासकों से कहा कि जिलाधिकारी व मुख्यमंत्री के समक्ष इस समस्या को रखकर आपको संपूर्ण अधिकार दिलाए जाने का प्रयास किया जाएगा। सम्मान समारोह में लगभग आधा सैकड़ा से अधिक प्रधान-प्रशासकगण उपस्थित रहे।

## राशनकार्डधारकों को समूहों से जोड़ने की मुहिम

**बांदा।** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत पात्र राशनकार्ड धारकों, अंत्योदय राशनकार्ड धारकों को स्वयं सहायता समूह में जोड़ने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। स्वयं सहायता समूह का गठन आईसीआरपी टीम समूह सखी, कैडर के माध्यम से कराया जाता है। विकास खंड कमासिन, जसपुरा, महुआ से 38 महिलाएं शामिल हैं। नौ दिन प्रशिक्षण के बाद आईसीआरपी टीम को गांव में भ्रमण कर स्वयंसहायता समूह गठन कर गरीब महिलाओं के परिवार को प्रशिक्षित करते हुए समूह में बैठक, बचत, आंतरिक लेनदेन, ऋण वापसी, लेखा-जोखा सिखाया जाता है। उपायुक्त स्वतः रोजगार दिवाकर सिंह के मार्गदर्शन में जिला मिशन प्रबंधक राकेश सोनकर, जिला प्रशिक्षण अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह प्रशिक्षण मे प्रतिभागियों को सीख कर अच्छे ढंग से कार्य करने को प्रेरित कर रहे हैं।

## साइबर धोखाधड़ी के शिकार दो पीड़ितो के वापस कराये सवा लाख



**बांदा।** विभिन्न माध्यमों से साइबर धोखाधड़ी का शिकार होने वाले दो पीड़ितों के खाते में कुल 1.17 लाख रुपये वापस कराये गये हैं। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल ने साइबर क्राइम पुलिस थाना की टीम को निर्देशित किया था। इस पर थाना तिंदवारी क्षेत्र के रहने वाले सुनील कुमार पुत्र चुनकी ने बताया कि उनकी पत्नी के प्रसव से जुड़े कार्य के दौरान साइबर ठगों ने आशाबहू बनकर झांसा देकर 56,991 रुपए की ठगी कर ली। इसी तरह थाना पैलानी क्षेत्र की रहने वाली सोनाली सिंह के साथ साइबर अपराधियों ने यूपीआई के माध्यम से 60 हजार रुपए दूसरे बैंक एकाउंट में ट्रांसफर करने की ठगी के संबंध में शिकायत की थी। साइबर क्राइम पुलिस थाना के प्रभारी निरीक्षक राममोहन राय ने बताया कि दोनों मामलों में साइबर क्राइम पुलिस थाना टीम ने सभी पीड़ितों की कुल 1,16,991 रुपए की धनराशि बरामद कर वापस कराई।

## पत्नी व दो मासूम बेटियों के हत्यारे को मृत्युदंड

**महोबा।** फास्ट ट्रैक कोर्ट ने पत्नी और दो मासूम बेटियों की हत्या करने वाले अभियुक्त को मौत की सजा सुनाई है। घटनाक्रम के अनुसार 17 जुलाई 2023 को अभियुक्त देवेन्द्र विश्वकर्मा पुत्र ठाकुरदीन विश्वकर्मा, निवासी मुहल्ला समदनगर, थाना कोतवाली नगर, जनपद महोबा द्वारा अपनी पत्नी रामकुमारी तथा अपनी दो नाबालिग पुत्रियों 6 वर्षीय सोनाक्षी एवं 9 वर्षीय आयुषी की सिलबट्टे से कुचलकर निर्मम हत्या कर दी गई थी। उक्त घटना के संबंध में पीड़िता के पिता की तहरीर के आधार पर थाना कोतवाली नगर में धारा 302 आईपीसी के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया। प्रकरण में 24 अगस्त 2023 को आरोप पत्र प्रेषित किया गया। पुलिस महानिदेशक द्वारा संचालित अभियान ऑपरेशन कन्विक्शन के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह के निर्देशन में मॉनिटरिंग सेल एवं अभियोजन पक्ष द्वारा की गई प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप 3 जून 2026 को माननीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/फास्ट ट्रैक कोर्ट द्वारा अभियुक्त देवेन्द्र विश्वकर्मा को दोषसिद्ध पाते हुए मृत्युदण्ड एवं 50 हजार रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

## एक पेड़ मां के नाम कल रोपे जायेंगे 54 लाख पौधे



**बांदा।** पर्यावरण दिवस के मौके पर जनपद को हरा-भरा बनाने और वन क्षेत्र का दायरा बढ़ाने के लिए एक महाभियान शुरू होने जा रहा है। जिले में रिकॉर्ड 54 लाख पौधे लगाने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया गया है। वन विभाग जिले के विभिन्न क्षेत्रों में 18 लाख पौधों का रोपण करेगा। जबकि शेष 36 लाख पौधों को रोपने का बड़ा जिम्मा अन्य 26 सरकारी विभागों और निजी कंपनियों को सौंपा गया है। लगभग पांच लाख फलदार पौधों को लगाने का निर्णय लिया गया है जो आने वाले समय में जिले की आर्थिक और पोषण सुरक्षा को भी सुदृढ़ करेंगे। योगी सरकार की इस मुहिम को बेहद भावनात्मक और जन-केंद्रित बनाने के लिए इस बार की थीम एक पेड़ मां के नाम रखी गई है। रोपे गए पौधे की तस्वीर भारत सरकार के मेरी लाइफ पोर्टल पर लाइव अपलोड कर सकेंगे। सभी जनप्रतिनिधि अब अपने-अपने क्षेत्रों में निर्मित करवाई जाने वाली नई सड़कों के दोनों किनारों पर सघन पौधरोपण सुनिश्चित करवाएंगे। उन पौधों के जीवित रखने, उचित रखरखाव का पूरा जिम्मा भी स्वयं संभालेंगे। डीएफओ अरविंद कुमार ने बताया कि 469 ग्राम पंचायतों में इस पौधरोपण अभियान को पूरी प्रतिबद्धता के साथ चलाया जाएगा। स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को अग्रणी भूमिका सौंपी गई है।

# समस्याओं पर तत्काल कार्रवाई के निर्देश

जिला संवाददाता

**फतेहपुर।** थाना हथगांव में अभिमन्यु मांगलिक के नेतृत्व में एक व्यापक जनसुनवाई का आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय नागरिकों ने अपनी विभिन्न समस्याएँ और शिकायतें सामने रखीं। आयोजन के दौरान जनता ने प्रमुख रूप से कानून-व्यवस्था, शराबबंदी, सड़कों व सार्वजनिक परिवहन, जलापूर्ति, बिजली कटौती, फरियादी मामलों में धीमी कार्रवाई तथा अन्य सामुदायिक मुद्दों से संबंधित घटनाओं का उल्लेख किया।

जनसुनवाई में उपस्थित होकर महोदय ने सभी शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना और तत्काल नोट किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं पुलिस कर्मचारियों को निर्देश दिए कि प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण, निष्पक्ष एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। महोदय ने स्पष्ट किया कि किसी भी मामले में पक्षपात या अनावश्यक देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी मामलों में अधिकारियों को प्रमाणिकता के आधार पर त्वरित कार्रवाई करनी चाहिए।

इसके साथ ही अभिमन्यु मांगलिक ने अधिकारियों को जनता के साथ संवेदनशीलता एवं पारदर्शिता बनाए रखने के लिए विशेष रूप से कहा। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता के साथ व्यवस्थित संवाद रखें, प्रगति की नियमित जानकारी दें और जहाँ आवश्यक हो वहाँ लिखित कार्रवाई या फॉलो-अप नोट दर्ज करें। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि समाधान सम्बन्धी समयसीमा निर्धारित की जाए और जटिल मामलों में अग्रिम कार्रवाई हेतु वरिष्ठ अधिकारियों से समन्वयस्थापित किया जाए।जनसुनवाई के दौरान कई स्थानीय नागरिकों ने पुलिस विभाग कीउपलब्धियों की सराहना भी की, वहीं कुछ ने फ्लाइट-केस ठोस शिकायतें के त्वरित समाधान की मांग की। पुलिस अधिकारीयों ने आश्वस्त किया कि प्राथमिकता वाले मामलों, जैसे घरेलू हिंसा, दहेज, आपराधिक शिकायतें और पंचायतों से जुड़ी समस्याओं पर शीघ्रता से कदम उठाए जाएंगे।

अंत में, महोदय ने जनता से भी अपील की कि वे समस्या के त्वरित और न्यायपूर्ण निपटान के लिए आवश्यक प्रमाण एवं दस्तावेज समय पर प्रस्तुत करें और फर्जी शिकायतों से बचें। उन्होंने यह भी कहा कि भविष्य में ऐसीजनसुनवाई नियमित अंतराल पर आयोजित की जाएगी ताकि जनता और प्रशासन के बीच विश्वास और सहयोग मजबूत हो।

# फुटपाथ में अतिक्रमण कहां चले राहगीर, अधिकारी बेपरवाह



जिला संवाददाता

**बांदा।** शहर के कचहरी चैराहे पर बने सुलभ शौचालय से अशोक लॉट की ओर जाने वाली सड़क के किनारे, कालूकुआं मार्ग, बाबूलाल चैराहा सहित कई मार्ग ऐसे हैं जहां फुटपाथ तो बने हैं लेकिन उन पर जूते-चप्पल, सब्जी, नाई, खोमचे वालों आदि की दुकानें सजी रहती है। तहसील व कचहरी के पास सड़क पर ब्रिज के नीचे चारपहिया वाहन खड़े रहते हैं, फुटपाथ पर जूते-चप्पल की सजी दुकानों के कारण पैदल चलने वाले लोग सड़क पर चलने को मजबूर हैं।

- रस्म अदायगी कर भूला प्रशासन

इसके कारण दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है। चैराहे से तहसील मार्ग की फुटपाथ पर अतिक्रमण के कारण राहगीरों को काफी दिक्कतें उठानी पड़ती है। जिम्मेदार अधिकारी देख कर भी अनदेखा कर रहे हैं। महेश्वरी देवी मंदिर चैराहे से गूलरनाका, न्यू मार्केट, छावनी के फुटपाथ पर दुकानदार सामान फैलाकर कब्जा कर लिए हैं। जिससे पैदल राहगीर और साइकिल सवारों को सड़क पर उतरना पड़ रहा है, जिससे दुर्घटना की आशंका बढ़ गई है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि बाजार क्षेत्र में फुटपाथ का उद्देश्य पैदल चलने वालों की सुविधा के लिए होता है, लेकिन अतिक्रमण के कारण यह पूरी तरह बेकार हो गया है। कई जगहों पर ठेला और अस्थायी दुकानें लगने से मार्ग और संकरा हो जाता है, जिससे यातायात प्रभावित होता है और जाम की स्थिति बनती है। समाजसेवी अमित सेठ भोलू, खुर्शीद आलम, प्रमोद गुप्ता राजा आदि लोगों का कहना है कि फुटपाथ कब्जा होने के राहगीरों को सड़क पर चलना पड़ता है, जिससे आए दिन हादसे भी होते रहते हैं।इस अतिक्रमण से आम नागरिकों को बचाने के लिए आखिर पहल कौन करे। अधिवक्ता रामप्रकाश शिवहरे, रामकृष्ण त्रिपाठी, जगतनारायन तिवारी, केके मिश्रा आदि का कहना है कि सर्वोच्च न्यायालय ने गत वर्ष 14 मई, 2025 को एक निर्णय में कहा है कि राज्यों और स्थानीय अधिकारियों को पैदल चलने वालों के लिए स्वच्छ और निर्बाध फुटपाथ के मौलिक अधिकार की रक्षा करनी चाहिए। बिना किसी बाधा के फुटपाथ का उपयोग करने का अधिकार अनुच्छेद 21 के अंतर्गत जीवन के अधिकार का एक हिस्सा है। ऐसे में मंडल मुख्यालय के फुटपाथ आम पैदल चलने वाले आम नागरिकों, दिव्यांगो के साथ न्याय करने में असफल साबित हो रहे हैं। इस संबंध में जब सिटी मजिस्टेट को फोन लगाकर उनका पक्ष जानना चाहा तो उन्होंने सीयूजी काल ही नहीं रिसीव की।

# बीईआरए मशीन और मरीज प्रतीक्षालय शेड की सुविधाओं का जनता को मिलेगा लाभ:विधायक रामरतन

- पी.पी.सी. केंद्र में निर्मित मरीज प्रतीक्षालय शेड का लोकार्पण भी किया गया



**ललितपुर।** स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, ललितपुर में श्रवण संबंधी रोगों की उन्नत जांच एवं निदान हेतु बी.ई.आर.ए. (बेरा) मशीन का शुभारंभ तथा स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग के पी.पी.सी. केंद्र में निर्मित मरीज प्रतीक्षालय शेड का निर्माण एवं लोकार्पण माननीय सदर विधायक रामरतन कुशवाहा द्वारा किया गया। बी.ई.आर.ए. मशीन के माध्यम से बहरेपन एवं सुनने की क्षमता में कमी की सटीक जांच की जा सकती है। यह जांच विशेष रूप से नवजात शिशुओं, बच्चों तथा जन्मजात मूक-बधिर व्यक्तियों में श्रवण क्षमता का आकलन करने में अत्यंत उपयोगी है। इस परीक्षण द्वारा श्रवण क्षमता में कमी की मात्रा का भी निर्धारण किया जा सकता है। यह जांच दिव्यांगता प्रमाणपत्र हेतु श्रवण अक्षमता के मूल्यांकन में भी मान्य एवं महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। जांच के दौरान रोगी के सिर पर विशेष इलेक्ट्रोड लगाए जाते हैं, जिनके माध्यम से श्रवण तंत्रिका एवं मस्तिष्क तक पहुंचने वाले श्रवण संकेतों का परीक्षण किया जाता है। इससे सुनने की नस में किसी प्रकार की कमजोरी अथवा विकार का पता लगाया जा सकता है। बी.ई.आर.ए. मशीन की स्थापना से जनपद ललितपुर एवं आसपास के क्षेत्रों के मरीजों को उन्नत श्रवण जांच सुविधा स्थानीय स्तर पर उपलब्ध हो सकेगी, जिससे उन्हें अन्य शहरों में जाने की आवश्यकता नहीं होगी तथा समय एवं धन दोनों की बचत होगी। विधायक ने कहा कि बी.ई.आर.ए. मशीन एवं मरीज प्रतीक्षालय शेड जैसी सुविधाएं क्षेत्र की जनता को बेहतर एवं सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।कार्यक्रम के दौरान सदर विधायक रामरतन कुशवाहा द्वारा पी.पी.सी. केंद्र में निर्मित मरीज प्रतीक्षालय शेड का लोकार्पण भी किया गया। इस शेड के निर्माण से मरीजों एवं उनके परिजनों को प्रतीक्षा के दौरान बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी तथा उन्हें धूप, वर्षा एवं अन्य मौसमीय परिस्थितियों से राहत मिलेगी। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. मयंक कुमार शुक्ला, उप-प्रधानाचार्य डॉ. श्रुति सिंह, मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चोहान, स्त्री एवं प्रसूति रोग विभागाध्यक्ष डॉ. नम्रता द्विवेदी, सहायक आचार्य डॉ. श्रद्धा गुप्ता सहित चिकित्सा महाविद्यालय के चिकित्सकगण, अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## थाना राधानगर अवैध मिट्टी खनन का काला खेल

फतेहपुर। जनपद में अवैध खनन पर पूरी तरह अंकुश लगाने के लिए जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन लगातार सख्त निर्देश जारी कर रहे हैं। जिलाधिकारी द्वारा कई बार स्पष्ट रूप से कहा जा चुका है कि बिना वैध अनुमति के किसी भी प्रकार का मिट्टी खनन नहीं किया जाएगा, वहीं पुलिस अधीक्षक ने भी अवैध खनन करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। इसके बावजूद थाना राधानगर क्षेत्र में अवैध मिट्टी खनन का कथित कारोबार थमने का नाम नहीं ले रहा है। क्षेत्र में यह चर्चा जोरों पर है कि रात होते ही खनन माफियाओं की सक्रियता बढ़ जाती है और जेसीबी मशीनों तथा भारी वाहनों के जरिए मिट्टी का अवैध दोहन शुरू हो जाता है।स्थानीय ग्रामीणों और क्षेत्रीय लोगों का आरोप है कि रात्रि लगभग 10 बजे के बाद कई स्थानों पर मिट्टी ढोने वाले डंपर और ट्रैक्टर-ट्रॉलियां पहुंच जाती हैं।

इसके बाद जेसीबी मशीनों से बड़े पैमाने पर मिट्टी की खुदाई शुरू होती है, जो देर रात से लेकर भोर तक जारी रहती है। ग्रामीणों का कहना है कि रातभर मशीनों की आवाज और वाहनों की आवाजाही से क्षेत्र का माहौल प्रभावित रहता है, लेकिन कार्रवाई के नाम पर स्थिति जस की तस बनी हुई है।कार्रवाई के बाद भी नहीं थमा कारोबारक्षेत्र में चर्चा है कि कुछ माह पूर्व प्रशासनिक कार्रवाई के दौरान मिट्टी खनन से जुड़ी कई गाड़ियों को पकड़ा गया था। उस समय प्रशासन की कार्रवाई से यह उम्मीद जगी थी कि अवैध खनन पर पूरी तरह लगाम लगेगी। कुछ दिनों तक गतिविधियां धीमी भी पड़ीं, लेकिन आरोप है कि बाद में फिर से वही नेटवर्क सक्रिय हो गया और पुराने तरीके से कारोबार शुरू हो गया।ग्रामीणों का कहना है कि यदि पूर्व में कार्रवाई हुई थी तो फिर वही वाहन और वही लोग दोबारा कैसे सक्रिय हो गए? यह सवाल अब स्थानीय स्तर पर चर्चा का विषय बना हुआ है। अवैध मिट्टी खनन केवल कानून व्यवस्था का मामला नहीं है बल्कि इससे सरकार को राजस्व की हानि भी होती है।

## संक्षेप

### आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति की बैठक शुरू

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा की अध्यक्षता वाली मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की तीन दिवसीय बैठक बुधवार को शुरू हो गई। पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण मुद्रास्फीति और आर्थिक वृद्धि को लेकर पैदा हुई चुनौतियों के बीच विशेषज्ञों का मानना है कि केंद्रीय बैंक रेपो दर को 5.25 प्रतिशत पर यथावत रख सकता है। छह सदस्यीय एमपीसी की तीन दिन की विचार-विमर्श प्रक्रिया के बाद पांच जून को मौद्रिक नीति की घोषणा की जाएगी।

### टाटा मोटर्स ने लॉन्च किया बिल्कुल नया इंट्रा वी40

मुंबई। टाटा मोटर्स ने आज अपनी नई इंट्रा वी40 लॉन्च करके वैकल्पिक ईंधन मोबिलिटी के क्षेत्र में अपनी कोशिशों को और तेज कर दिया है। इसके साथ ही, कंपनी ने तेजी से बढ़ते छोटे कमर्शियल वाहन और पिकअप सेगमेंट में अपनी लीडरशिप को और मजबूत किया है। ज्यादा लोड और ज्यादा कुशलता वाले कामों के लिए डिजाइन की गई इंट्रा वी40 में सीएनजी + पेट्रोल की दोहरी ईंधन तकनीक के साथ-साथ अपनी श्रेणी में सबसे बेहतरीन 1,525 केजी का पेलोड और 2,960एमएम लंबी लोड बॉडी दी गई है। इसकी मदद से ऑपरेटर अलग-अलग रास्तों पर बिना किसी रुकावट के काम करते हुए अपनी कमाई को ज्यादा से ज्यादा बढ़ा सकते हैं।

### नेत्राडाइन ने की एनएचईवी से साझेदारी

बेंगलुरु। नेत्राडाइन ने आज घोषणा की कि वह भारत के राष्ट्रीय राजमार्ग इलेक्ट्रिक वाहन कार्यक्रम के उभरते इलेक्ट्रॉनिक हाईवे नेटवर्क के लिए इंटेलिजेंस और सुरक्षा प्रणाली उपलब्ध कराएगी। इस पहल के तहत एनएचईवी के एकीकृत ई-हाईवे इंफ्रास्ट्रक्चर में एक उन्नत डिजिटल इंटेलिजेंस लेयर जोड़ी जाएगी, जिससे लंबी दूरी की इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को अधिक सुरक्षित, कनेक्टेड और भरोसेमंद बनाया जा सकेगा। इस कार्यक्रम के अंतर्गत नेत्राडाइन के एआई-संचालित समाधान चरणबद्ध तरीके से एनएचईवी समर्थित कॉरिडोर पर संचालित वाणिज्यिक इलेक्ट्रिक वाहनों में लगाए जाएंगे। इससे फ्लीट की रियल-टाइम निगरानी, संभावित जोखिमों की पूर्व पहचान, ड्राइवर व्यवहार का विश्लेषण और परिचालन मॉनिटरिंग जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

### पेप्सिको इंडिया ने पेश किया एड्रेनलिन रश

बंगलुरु। पेप्सिको इंडिया ने एनर्जी ड्रिंक ब्रांड एड्रेनलिन रश लॉन्च किया है। इस लॉन्चिंग के साथ कंपनी ने एनर्जी ड्रिंक्स कैटेगरी में अपनी लीडरशिप को और मजबूत किया है। इसके साथ कंपनी ने ए-रश, ए-गेम ऑन (ए-रश, ए-गेम ऑन) के कॉन्सेप्ट के साथ एक नया है। यह लॉन्चिंग पेप्सिको इंडिया के बढ़ते एनर्जी पोर्टफोलियो की दिशा में एक अहम कदम है, क्योंकि कंपनी अब जेन-जी ग्राहकों की बदलती जरूरतों को पूरा करने पर अपना ध्यान केंद्रित कर रही है। नई पीढ़ी के ये ग्राहक अपनी जिंदगी के हर काम में बेहतरीन परफॉर्मेंस और पूरे फोकस के साथ अपना ए-गेम (ए-गेम) यानी बेस्ट परफॉर्मेंस दिखाते हैं।

### आर्यन ने हासिल की सफलता

नोएडा। यह साबित करते हुए कि दृढ़ संकल्प और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक पहुँच सामाजिक-आर्थिक बाधाओं को तोड़ सकती है, आर्यन साहू ने जेईई एडवान्स 2026 पास कर ली है। आर्यन के परिवार को भारी आर्थिक चुनौतियों का सामना करना पड़ा। उनके पिता एक स्थानीय सब्जी विक्रेता के रूप में मामूली आजीविका कमाते हैं और उनकी माँ घर संभालती हैं। आर्यन के लिए यह चुनौती और भी बड़ी थी क्योंकि जेईई एडवान्स की कोचिंग और अध्ययन सामग्री हिंदी भाषा में बहुत कम उपलब्ध होती है। मैं अकादमिक सहयोग के लिए फिज़िक्सवाला को भी धन्यवाद देना चाहता हूँ।

### हीरो मोटोकॉर्प की फ्लेक्स फ्यूल मोटरसाइकिलें लॉन्च

नई दिल्ली। हीरो मोटोकॉर्प ने आज अपनी पहली फ्लेक्स फ्यूल मोटरसाइकिलें, यानी जानी-मानी स्प्लेंडर+ और एचएफ डीलक्स, पेश कीं। इस लॉन्च के साथ भारत में 100सीसी सेगमेंट की पहली फ्लेक्स फ्यूल मोटरसाइकिलें आ गई हैं। यह भारत के स्वच्छ, आत्मनिर्भर और भविष्य के लिए तैयार परिवहन की दिशा में एक ऐतिहासिक पड़ाव है। रोजमर्रा के सफर के लिए तैयार की गई ये नई मोटरसाइकिलें ई20 से लेकर ई85 तक के इथेनॉल मिश्रित ईंधन के साथ चल सकती हैं।

# सेंसेक्स में 304 अंकों की गिरावट




मुंबई। स्थानीय शेयर बाजारों में पिछले कारोबारी सत्र की तेजी के बाद बुधवार को फिर गिरावट आई और दोनों मानक सूचकांक बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी नुकसान में रहे। आईटी शेयरों में भारी बिकवाली, कच्चे तेल की कीमत में फिर से तेजी और संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी से बाजार नुकसान में रहा।

तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 303.67 अंक यानी 0.41 प्रतिशत टूटकर 74,346.17 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय इसमें 1157.24 अंक तक की गिरावट आई थी। पचास शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 77.95 अंक यानी 0.33 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,405.60 अंक पर बंद हुआ। दोनों मानक सूचकांकों में मंगलवार को चार दिन की गिरावट के बाद लगभग आधा प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गयी थी। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज में 8.43 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक और इन्फोसिस भी नुकसान में रहीं। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड तीन प्रतिशत बढ़कर 98.92 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। विदेशी संस्थागत निवेशकों ने मंगलवार को 8,362.92 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। घरेलू शेयर बाजार में आज एक और उतार-चढ़ाव देखने को मिला। ईरान-अमेरिका के बीच बढ़ते तनाव के बावजूद घरेलू बाजार शुरुआती नुकसान से तेजी से उबरे। यह उछाल मुख्य रूप से बैंकिंग शेयरों में आई तेजी के कारण आया। हालांकि, मुनाफावसूली और वैश्विक अनिश्चितताओं के चलते आईटी शेयरों में सबसे ज्यादा गिरावट दर्ज की गई। घरेलू शेयर बाजार में आज एक बार फिर अत्यधिक उतार-चढ़ाव देखने को मिला। वैश्विक तनाव को लेकर चिंता, कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और आईटी शेयरों में भारी बिकवाली के चलते बाजार दबाव में खुले। आज की सबसे महत्वपूर्ण बात आईटी क्षेत्र में आई भारी बिकवाली है। निवेशकों द्वारा वैश्विक प्रौद्योगिकी विकास की उम्मीदों का आकलन करने के कारण इस क्षेत्र में भारी मुनाफावसूली देखने को मिली। मझोली कंपनियों का सूचकांक बीएसई मिडकैप सेलेक्ट 0.73 प्रतिशत नीचे आया जबकि छोटी कंपनियों से संबंधित स्मॉलकैप सेलेक्ट 0.15 प्रतिशत टूटा। बीएसई में सूचीबद्ध शेयरों में से 2,400 शेयर नुकसान में रहे। 1812 शेयरों में तेजी आई जबकि 174 शेयर के भाव अपरिवर्तित रहे। वैश्विक स्तर पर तनाव को लेकर चिंताओं, कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और आईटी शेयरों में भारी बिकवाली के कारण बाजार में गिरावट आई। सेंसेक्स मंगलवार को 382.50 अंक चढ़कर 74,649.84 अंक और निफ्टी 100.95 अंक की मजबूती के साथ 23,483.55 अंक पर बंद हुआ था।

# कमज़ोर वैश्विक संकेतों से सोना 1850 रुपये टूटा, चांदी 1500 रुपये हुई सस्ती



नयी दिल्ली। वैश्विक बाजारों में कमजोरी और अमेरिका-ईरान संघर्ष विराम समझौते को लेकर अनिश्चितता के बीच बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमतें 1850 रुपये टूटकर 1.59 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम रह गईं।

अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1850 रुपये या 1.14 प्रतिशत टूटकर 159,600 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गई, जो मंगलवार के बंद भाव 161,450 रुपये प्रति 10 ग्राम से कम है।

चांदी की कीमतें भी 1500 रुपये या 0.55 प्रतिशत टूटकर 2,69,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) रह गई। पिछले सत्र में चांदी की कीमत 2,71,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। बुधवार को घरेलू बाजारों में सोने और चांदी की कीमतें गिर गईं, क्योंकि अमेरिका और ईरान के बीच तनाव बढ़ रहा है, जिससे लंबे समय तक ऊंची ब्याज दरें बने रहने की आशंका पैदा हो गई है, जिसका असर कीमती धातुओं पर पड़ा है। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में, हाजिर सोना 0.54 प्रतिशत टूटकर 4,463.84 डॉलर प्रति औंस रह गया और चांदी एक प्रतिशत टूटकर 74.43 डॉलर प्रति औंस रह गई। सोने की कीमतें दबाव में थीं, क्योंकि अमेरिका-ईरान समझौता अभी भी दूर की कौड़ी बना हुआ है।

# घरेलू मांग बढ़ने से भारत का ईंधन निर्यात 2022 के बाद सबसे निचले स्तर पर

नयी दिल्ली। रिफाइनरियों में रखरखाव कार्य, उत्पादन प्राथमिकताओं में बदलाव और घरेलू मांग बढ़ने के कारण भारत के परिष्कृत पेट्रोलियम उत्पादों का निर्यात मई में घटकर लगभग साढ़े नौ लाख बैरल प्रतिदिन रह गया, जो अक्टूबर, 2022 के बाद का सबसे निचला स्तर है।

मई में परिष्कृत पेट्रोलियम उत्पादों का निर्यात घटकर करीब साढ़े नौ लाख बैरल प्रतिदिन रह गया। इससे पहले अक्टूबर, 2022 में निर्यात औसतन 9.26 लाख बैरल प्रतिदिन था। निर्यात में यह तेज गिरावट रिफाइनरियों में कम प्रसंस्करण, रखरखाव गतिविधियों और घरेलू बाजार पर बढ़ते जोर के संयुक्त प्रभाव का परिणाम है। इस गिरावट का एक प्रमुख कारण भारत की सबसे बड़ी रिफाइनरी और परिष्कृत ईंधन की प्रमुख निर्यातक रिलायंस इंडस्ट्रीज के जामनगर रिफाइनिंग परिसर में नियोजित रखरखाव कार्यक्रम रहा। इसके चलते कच्चे तेल के प्रसंस्करण की दर घटी और निर्यात के लिए उपलब्ध उत्पादों की मात्रा सीमित हो गई। रिफाइनरियों ने घरेलू बाजार के लिए रसोई गैस (एलपीजी) का उत्पादन बढ़ाने के उद्देश्य से उत्पाद मिश्रण में बदलाव किया, जिससे पेट्रोल और डीजल का उत्पादन अनुमानित 80,000 बैरल प्रतिदिन कम हो गया।

# रुपया 31 पैसे कमजोर होकर 95.67 प्रति डॉलर पर



मुंबई। अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि (यूएसटीआर) द्वारा श्रम उल्लंघनों का हवाला देते हुए भारतीय आयात पर 12.5 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क लगाने के प्रस्ताव के बाद बुधवार को रुपया 31 पैसे टूटकर 95.67 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर रहा।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि डॉलर की मजबूत मांग, कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों, अमेरिका-ईरान के बीच तनाव और विदेशी कोषों की भारी निकासी ने भी निवेशकों के विश्वास को और कमजोर कर दिया है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 95.43 के भाव पर खुला और कारोबार के दौरान 95.80 के निचले स्तर पर रहा और कारोबार के अंत में 95.67 (अस्थायी) पर रहा, जो पिछले बंद भाव से 31 पैसे की गिरावट है। मंगलवार को रुपया 95.36 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि अमेरिका और ईरान के बीच तनाव बढ़ने और शांति वार्ता रुकने के बीच यूएसटीआर की कार्वाई ने निवेशकों के जोखिम लेने की धारणा पर नकारात्मक असर डाल रही है। यूएसटीआर ने बंधुआ मजदूरी से निर्मित उत्पादों के आयात पर रोक लगाने में विफल रहने के आरोप में भारत समेत 54 देशों पर 12.5 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क लगाने का प्रस्ताव रखा है। इस बीच, निवेशकों की नजर अब भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति की बैठक पर है। आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति की बैठक तीन से पांच जून तक निर्धारित है। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा की अध्यक्षता वाली छह सदस्यीय एमपीसी पांच जून को अपने निर्णयों की घोषणा करेगी। इस बीच, दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की मजबूती को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.13 प्रतिशत बढ़कर 99.34 पर रहा। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा कारोबार में 2.76 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 98.65 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया।

# देश के सेवा क्षेत्र की वृद्धि मई में छह महीने के उच्च स्तर पर

नयी दिल्ली। देश के सेवा क्षेत्र की वृद्धि मई में छह महीने के उच्च स्तर 59.8 पर पहुंच गई। इसे मजबूत मांग, नए ग्राहकों एवं कारोबार में निरंतर सुधार का समर्थन मिला। बुधवार को जारी मासिक सर्वेक्षण में यह जानकारी मिली। मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी भारत सेवा पीएमआई कारोबारी गतिविधि सूचकांक अप्रैल के 58.8 से बढ़कर मई में 59.8 हो गया जो पिछले वर्ष नवंबर के बाद विस्तार की सबसे तेज दर को दर्शाता है।

क्रय प्रबंधक सूचकांक की भाषा में 50 से ऊपर अंक का मतलब गतिविधियों में विस्तार से और 50 से कम का आशय संकुचन से होता है। यह सूचकांक एक प्रश्न पर आधारित होता है, जिसमें पूछा जाता है कि व्यापारिक गतिविधि का स्तर पिछले महीने की तुलना में कैसा है। मई में भारत का सेवा पीएमआई व्यावसायिक गतिविधियों में विस्तार का संकेत देता है, जिसे नए कारोबार में निरंतर वृद्धि का समर्थन मिला। भारत द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं की बाहरी मांग भी तेज गति से बढ़ी, जो अप्रैल की गिरावट के बाद उभरी है। कच्चे माल की लागत में कमी से मुद्रास्फीति में नरमी आई, जिससे बिक्री कीमतों पर दबाव कम हुआ। माल ढुलाई, डिजिटल समाधान, ई-कॉमर्स, मनोरंजन और आईटी जैसी सेवाओं की मजबूत मांग ने मई में नए कारोबार की वृद्धि को बढ़ावा दिया।

# सोना बेचने की खबरें गलत : आरबीआई



मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने सोने की बिक्री की खबरों को बुधवार को खारिज करते हुए कहा कि भौतिक स्वर्ण भंडार में कोई बदलाव नहीं हुआ है और यह 880.52 टन पर स्थिर बना हुआ है।

आरबीआई ने उन खबरों के बाद यह स्पष्टीकरण जारी किया है जिनमें दावा किया गया था कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के प्रभाव से विदेशी मुद्रा भंडार की रक्षा के लिए केंद्रीय बैंक ने लगभग 12 अरब डॉलर मूल्य का सोना बेच दिया है। केंद्रीय बैंक ने बयान में कहा कि आरबीआई जोर देकर कहता है कि ये खबरें सही नहीं हैं। उसने आम जनता को सलाह दी कि ऐसे मामलों में समय-समय पर आरबीआई द्वारा जारी आधिकारिक जानकारी पर ही भरोसा करें। इस बीच, पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) ने भी इन खबरों पर तथ्य आधारित जांच (फैक्ट-चेक) रिपोर्ट जारी की। आरबीआई के अनुसार, भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में सोने की हिस्सेदारी सितंबर, 2025 के अंत में 13.92 प्रतिशत से बढ़कर 31 मार्च, 2026 को 16.70 प्रतिशत और 22 मई, 2026 तक 16.85 प्रतिशत हो गई है। भारतीय रिजर्व बैंक के पास 31 मार्च, 2026 तक कुल स्वर्ण भंडार 880.52 टन था, जो 31 मार्च, 2025 के 879.58 टन की तुलना में 0.94 टन अधिक है। आरबीआई की नवीनतम वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, 880.52 टन में से 312.32 टन सोना निर्गम विभाग की परिसंपत्ति के रूप में रखा गया है जबकि 31 मार्च, 2025 को यह 311.38 टन था। शेष 568.20 टन (जो 31 मार्च 2025 के समान है) बैंकिंग विभाग की परिसंपत्ति के रूप में दर्ज है। रिपोर्ट में कहा गया, बैंकिंग विभाग की परिसंपत्ति के रूप में रखे गए सोने (स्वर्ण जमा सहित) का मूल्य 31 मार्च, 2025 के 4,31,624.80 करोड़ रुपये से बढ़कर 31 मार्च, 2026 को 7,06,162.36 करोड़ रुपये हो गया, जो 63.6 प्रतिशत की वृद्धि है। इस वृद्धि की मुख्य वजह सोने की कीमतों में बढ़ोतरी और अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये में गिरावट है। आरबीआई आमतौर पर डॉलर के मुकाबले रुपये के मूल्य में अत्यधिक उतार-चढ़ाव को नियंत्रित करने के लिए अपने विदेशी मुद्रा भंडार का उपयोग करता है। रुपया 20 मई, 2026 को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 33 पैसे टूटकर 96.86 के रिकॉर्ड निचले स्तर पर बंद हुआ था। वैश्विक दबाव के बीच रुपया इस वर्ष एशिया की सबसे कमजोर प्रदर्शन करने वाली मुद्राओं में से एक बन गया है।

# देश में नियुक्ति गतिविधियों में मई में चार प्रतिशत की गिरावट

मुंबई। देश में दफ्तर में बैठकर काम करने से जुड़े पदों के लिए नियुक्ति गतिविधियों में मई में सालाना आधार पर चार प्रतिशत की गिरावट आई है। हालांकि, विविधता आधारित यानी विभिन्न वर्गों के आधार पर नियुक्ति में वृद्धि हुई है। बुधवार को जारी एक रिपोर्ट में यह कहा गया।

कुल व्हाइट-कॉलर यानी कार्यालयों में बैठकर काम करने से जुड़े पदों के लिए नियुक्ति गतिविधियों में मासिक आधार पर छह प्रतिशत की गिरावट आई। यह बाजार की बदलती परिस्थितियों के बीच नियोक्ताओं की निरंतर सतर्कता को दर्शाता है। हालांकि, इसी अवधि में विविधतापूर्ण नियुक्ति गतिविधियों में 21 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि आयात और निर्यात, लॉजिस्टिक और परिवहन, खुदरा और बीएफएसआई (बैंक, वित्तीय सेवाएं और बीमा) जैसे कई क्षेत्रों में नियुक्ति की धीमी गति ने वार्षिक भर्ती रुख को प्रभावित किया। आयात और निर्यात क्षेत्र में 23 प्रतिशत की गिरावट आई। वहीं लॉजिस्टिक और परिवहन क्षेत्र में 18 प्रतिशत, खुदरा क्षेत्र में आठ प्रतिशत और बीएफएसआई में आठ प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। दूसरी तरफ, यात्रा और पर्यटन (26 प्रतिशत), वाहन (12 प्रतिशत), स्वास्थ्य सेवा और औषधि (11 प्रतिशत) और रियल एस्टेट (11 प्रतिशत) जैसे क्षेत्रों में मई में सालाना आधार पर नियुक्ति में मजबूत वृद्धि देखी गई। विविधतापूर्ण नियुक्ति में दहाई अंक में वृद्धि देखी गई, जो समावेशी कार्यबल रणनीतियों के प्रति नियोक्ताओं की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। हालांकि, कुल मिलाकर भर्ती गतिविधियां चयनात्मक बनी रहीं। विविधता-केंद्रित सभी भर्तियों में महिलाओं की हिस्सेदारी 56 प्रतिशत रही, जबकि दिव्यांगजनों का प्रतिनिधित्व दो वर्षों में तीन गुना बढ़कर 12 प्रतिशत हो गया। इस दौरान, विविधता और समावेश नियुक्ति सभी विविधतापूर्ण भर्तियों का लगभग एक तिहाई हो गई है। इस श्रेणी में, एलजीबीटीक्यूआईए और न्यूरोडाइवर्स प्रतिभाएं शामिल हैं। हालांकि, कुल मिलाकर नियुक्ति अधिक चयनात्मक हो गई है, संगठन उन प्रतिभा क्षेत्रों में निवेश करना जारी रखे हुए हैं।

## पेज एक का शेष

### अंतिम चरण

है। अब केवल एक प्रतिशत मुद्दा बचा है, जिसे अंतिम रूप देने का प्रयास किया जा रहा है, ताकि दोनों देशों के नेता इस पर हस्ताक्षर कर इसे औपचारिक और कानूनी रूप दे सकें। उन्होंने कहा हमें उम्मीद है कि यह काम अगले कुछ सप्ताह में पूरा हो जाएगा। इसमें वर्षों नहीं लगेंगे। हम समझौते को अंतिम रूप देने के बेहद करीब हैं। गोर ने 11 और 12 मार्च, 2026 को अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि कार्यालय (यूएसटीआर) द्वारा बंधुआ मजदूरी और अतिरिक्त औद्योगिक क्षमता से जुड़े मुद्दों पर 60 देशों के खिलाफ धारा-301 के तहत शुरू की गई जांच पर भी प्रतिक्रिया दी।

### दुस्साहस करने

कहा कि प्रदेश में बने सुरक्षा के माहौल से सरकार को 50 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए। इनमें से 15 लाख करोड़ रुपये के प्रस्ताव धरातल पर उतारे जा चुके हैं और 7.5 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव ग्राउंड ब्रेकिंग के लिए तैयार हैं। बड़े पैमाने पर हुए निवेश से लाखों लोगों को नौकरी और रोजगार मिला है। एमएसएमई को प्रोत्साहन मिलने से 3 करोड़ लोगों को उनके गांव-क्षेत्र में ही रोजगार प्राप्त हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अपराध पर जीरो टॉलरेंस की नीति के साथ ही सरकार ने भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचारियों के खिलाफ भी जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई है। इसका परिणाम है कि प्रदेश में 9 लाख से अधिक सरकारी नौकरियां दी गई हैं। प्रदेश के सभी जिलों के युवाओं को सरकारी नौकरी मिली हैं। प्रदेश में सरकारी नौकरियों में भर्ती के पर्याप्त अवसर उपलब्ध कराए गए हैं। सीएम योगी ने कहा विकास, उद्योग और रोजगार के क्षेत्र में बेहतरीन उपलब्धि तभी संभव है, जब अच्छी सरकार आती है। अच्छी सरकार तब बनती है, जब जनता अच्छे जनप्रतिनिधि चुनती है। मुख्यमंत्री ने अच्छे जनप्रतिनिधि के चुनाव का उदाहरण देते हुए कहा कि जनता ने रविकिशन को सांसद, विपिन सिंह और प्रदीप शुक्ल जैसे नेताओं को विधायक चुना तो विकास प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ी। मुख्यमंत्री ने गीडा में हो रहे औद्योगिक विकास पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि बीते 9 वर्षों में गीडा बदल गया है। यहां के उद्योगों में स्टील, पाइप, अच्छे कपड़े बन रहे हैं। पेप्सिको की फ्रेंचाइजी वरुण बेवरेज व बिसलेरी की भी यूनिट लगी है। नए-नए उद्योग आ रहे हैं। अच्छी डिस्टिलरी लग रही है। गीता प्रेस का संस्थान भी यहां बन रहा है। उद्योग केवल उत्पादन के केंद्र नहीं हैं, बल्कि वे रोजगार भी ला रहे हैं। गीडा के नाइलिट सेंटर से मिल रही ट्रेनिंग युवाओं को यहीं रोजगार उपलब्ध होने की गारंटी भी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि गीडा का विस्तार अब धुरियापार क्षेत्र तक हो रहा है। धुरियापार क्षेत्र में 7 हजार एकड़ में इंडस्ट्रियल टाउनशिप बन रही है। वहां सीमेंट, पेंट की फैक्ट्री आ रही है। गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस से उद्योग जगत को भी बड़ा फायदा हो रहा है। इससे गोरखपुर से लखनऊ जाने में लगने वाला समय 7-8 घंटे से कम होकर तीन-साढ़े तीन घंटे रह गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने फ्लैटेड फैक्ट्री को एमएसएमई यूनिट्स के लिए रेडी टू यूज यानी प्लग एंड प्ले का बेहतरीन मॉडल बताया। समारोह में सांसद रविकिशन ने कहा कि सीएम योगी के नेतृत्व में गीडा बड़ा इंडस्ट्रियल हब बन रहा है। लोकार्पण करने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने फ्लैटेड फैक्ट्री कॉम्प्लेक्स का निरीक्षण किया। उन्होंने अपेक्षा जताई कि भविष्य में आवश्यकता पड़ने पर इस बिल्डिंग को और विस्तार दिया जाए। उन्होंने बच्चों का अन्नप्राशन कराया और स्नेहाशीष बरसाकर उन्हें खिलौने दिए। सीएम योगी ने गीडा की विभिन्न यूनिट्स में काम करने वाले कामगारों के लिए बनाए गए एलआईजी व ईडब्ल्यूएस आवासीय परिसर का भी फीता काटकर उद्घाटन किया। उन्होंने परिसर में बने आवासों का जायजा लेने के बाद यहां भी परिसर में पौधरोपण किया।

### दिल्ली के

रहा था। तहखाने में भी कमरे बनाए गए थे। एक व्यक्ति ने कहा उन्होंने इमारत में एक कमरा लिया था। हमें मेरे दामाद के शव के बारे में खबर मिली है, लेकिन बाकी लोगों के बारे में अब तक कोई जानकारी नहीं है। मैक्स अस्पताल ने बताया कि लाए गए 39 लोगों में से 18 को मृत घोषित कर दिया गया जबकि 15 को आईसीयू में भर्ती कराया गया, जिनमें से आठ वेंटिलेटर पर हैं और उनकी हालत गंभीर है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि होटल में प्रवेश और निकास के लिए केवल एक ही द्वार था। अग्निशमन संबंधी अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) की जांच चल रही है। आग लगने का कारण अब तक पता नहीं चल पाया है। मृतकों में विदेशी नागरिक भी शामिल हैं, जिनमें से कई मध्य एशियाई और अफ्रीकी देशों के हैं। उनके परिजनों का इलाज कुछ ही मिनटों की दूरी पर स्थित मैक्स अस्पताल में चल रहा था, जिस वजह से वे होटल में ठहरे हुए थे। इलाके से मिले दृश्यों में संकरी गलियां, लटकते तार और तंग इमारतें बेतरतीब ढंग से एक-दूसरे से सटी हुई दिखाई दे रही हैं। इनमें हवा में उठती आग की ऊंची लपटें भी दिख रही हैं। इमारत के चारों ओर कांच बिखरा पड़ा था।

### गोद में बच्चा

महिला भी शामिल थी, जिसने अपनी गोद में एक छोटे बच्चे को ले रखा था। उनके मुताबिक, चौथी मंजिल पर फंसे एक विदेशी दंपति ने खिड़की का शीशा और एल्युमिनियम की ग्रिल तोड़ दी तथा पाइप के सहारे नीचे उतरने की कोशिश की, लेकिन दोनों गिर गए। ऊपर से गुजर रहे तारों में फंसते हुए महिला सिर के बल जमीन पर गिरी। बचाव कार्य में शामिल एक स्थानीय निवासी ने बताया, "हर तरफ अफरा-तफरी मची हुई थी। लोग खिड़कियों में फंसे हुए थे और मदद के लिए चिल्ला रहे थे। कुछ लोगों ने शीशे तोड़कर बाहर निकलने की कोशिश की। हमने कई लोगों को अलग-अलग मंजिलों से कूदते देखा।

### गैर इरादतन

टीम होटल मालिक के घर गई। होटल मालिक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और उसे गिरफ्तार करने की कोशिश की जा रही है। कई टीमें उसकी तलाश में लगी हैं।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, सुबह भूतल पर स्थित रेस्तरां में खानसामा पहुंचा और काम शुरू करने से पहले उसने उपकरण चालू किए। कुछ ही देर बाद धमाके जैसी आवाज सुनाई दी और देखते ही देखते पूरी इमारत आग की लपटों में घिर गई, जिससे ऊपरी मंजिलों पर मौजूद कई मेहमान फंस गए।

### कैबिनेट निर्णय

के निर्माण को मंजूरी मिली है। कैबिनेट बैठक में कुल 24 प्रस्तावों को स्वीकृति दी गई।

कैबिनेट बैठक में लिए गए निर्णयों की विस्तृत जानकारी देते हुए वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि अपर महाधिवक्ता की रीटेनरशिप को 30 हजार रुपये प्रतिमाह से बढ़ाकर 50 हजार रुपये प्रतिमाह कर दिया गया है। वहीं, बहस फीस 20 हजार रुपये प्रति कार्यदिवस की जगह 40 हजार प्रति कार्यदिवस कर दी गई है। उच्चतम न्यायालय के लिए अपर महाधिवक्ता भी रीटेनरशिप 30 हजार रुपये प्रतिमाह से बढ़ाकर 50 हजार प्रतिमाह कर दी गई है, जबकि अब हर दिन की बहस के लिए इन्हें 30 हजार रुपये के बजाय 50 हजार रुपये दिए जाएंगे।

### पांच नये

बंदी क्षमता की नई जेल 225.06 करोड़ रुपये तथा भदोही में 574 बंदी क्षमता की नई जेल 209.18 करोड़ रुपये की लागत से बनाई जाएगी। नए कारागारों के निर्माण से बंदियों के आवास, सुरक्षा, स्वास्थ्य और सुधारात्मक गतिविधियों के लिए बेहतर वातावरण उपलब्ध होगा।

### आधुनिक और

की 117वीं कार्यकारी समिति की बैठक को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि बदलते समय के साथ नगरों की भूमिका भी व्यापक हुई है। आज शहर निवेश आकर्षित करने, नए उद्योगों को बढ़ावा देने, रोजगार उपलब्ध कराने और नवाचार को प्रोत्साहित करने वाले केंद्र बन गए हैं। ऐसे में स्थानीय निकायों की जिम्मेदारियां भी बढ़ी हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि महापौर अपने-अपने शहरों के विकास के प्रमुख सूत्रधार होते हैं। वे जनता की अपेक्षाओं और प्रशासनिक व्यवस्थाओं के बीच सेतु का कार्य करते हैं। उन्होंने नगर निकाय प्रतिनिधियों से स्वच्छता, हरित विकास, पर्यावरण संरक्षण और जनहितकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान देने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न शहरी योजनाओं ने देश के नगरों में व्यापक बदलाव लाने का कार्य किया है। स्वच्छ भारत अभियान से सफाई के प्रति जनजागरूकता बढ़ी है, जबकि स्मार्ट सिटी परियोजनाओं ने तकनीक आधारित शहरी प्रबंधन को नई दिशा दी है। आवास और स्वरोजगार से जुड़ी योजनाओं ने भी समाज के कमजोर वर्गों को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

### ममता की

हासिल की। उनके अनुसार, दो अन्य विधायकों के भी उनके खेमे में शामिल होने की संभावना है, जो फिलहाल राज्य से बाहर हैं। उन्होंने कहा कि अध्यक्ष ने विधानमंडल दल की नई संरचना को स्वीकार कर लिया है और विपक्ष के नेता का पद उनके लिए आरक्षित कर दिया गया है। बागी गुट ने विधायक दल के लिए एक नयी नेतृत्व संरचना भी पेश की। रिताब्रता बनर्जी ने कहा कि अखरुज्ज़मान को मुख्य सचेतक नियुक्त किया गया है, जबकि वरिष्ठ विधायक जावेद अहमद खान, संदीपन साहा, सबीना यास्मीन और शिउली साहा उप-नेता होंगे।

### शिवकुमार ने

खंड्रे, यतींद्र सिद्धरमैया, बिरथी सुरेश और शरण प्रकाश पाटिल शामिल हैं। खादर और यतींद्र को छोड़कर अन्य सभी नेता पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धरमैया के नेतृत्व वाली मंत्रिपरिषद में मंत्री रह चुके हैं। खादर अब तक कर्नाटक विधानसभा के अध्यक्ष थे, जबकि यतींद्र, सिद्धरमैया के पुत्र हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धरमैया, तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी, केरल के मुख्यमंत्री वी.डी.सतीशन, हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू और कई अन्य नेता शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए।

### विमान ईंधन

जिलों में सड़कों की समस्याओं, तीखे मोड़ों और शहरी क्षेत्रों में भीड़भाड़ आदि का समाधान होगा।

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने ओडिशा में रामेश्वर से पारादीप तक नए तटीय राजमार्ग के निर्माण को बुधवार को मंजूरी दे दी। इसकी कुल परियोजना लागत 8,300.79 करोड़ रुपये है। आधिकारिक बयान के अनुसार, रामेश्वर से पारादीप तक यह नया तटीय राजमार्ग हाइब्रिड एन्यूटी मॉडल पर दो पैकेज में बनाया जाएगा, जिसकी कुल लंबाई 160.18 किलोमीटर होगी।

### गाजीपुर : विनीत

के करंडा क्षेत्र की ओर जाने की सूचना मिली। सूचना के आधार पर पुलिस ने घेराबंदी शुरू कर दी। शहर कोतवाली क्षेत्र के पवहारी बाबा आश्रम, कुर्था के पास पुलिस और बदमाश के बीच मुठभेड़ हो गई। दोनों ओर से कई राउंड फायरिंग हुई। मुठभेड़ में कमलेश चौधरी गोली लगने से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। स्वाट प्रभारी को भी लगी गोलीमुठभेड़ के दौरान बदमाश की ओर से चलाई गई गोली स्वाट प्रभारी रोहित मिश्रा को भी लगी। हाथ में गोली लगने से वह घायल हो गए।




# विश्व कप में अंतिम एकादश को लेकर काफी हद तक स्पष्ट : हरमनप्रीत

टॉटन। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कहा कि उनकी टीम महिला टी20 विश्व कप में अपनी अंतिम एकादश को लेकर काफी हद तक स्पष्ट है तथा वह इससे पहले दो अभ्यास मैच का उपयोग कुछ और संयोजन आजमाने तथा राधा यादव और भारती फुलमाली जैसी खिलाड़ियों को अवसर देने के लिए करेगा।



भारत महिला टी20 विश्व कप का पहला खिताब जीतने के लंबे इंतजार को खत्म करने की उम्मीद से इंग्लैंड पहुंचा है लेकिन वह मेजबान इंग्लैंड से तीन मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला 2-1 से हार गया जिससे आईसीसी के इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट से पहले उसकी तैयारियों को झटका लगा। हरमनप्रीत ने कहा, मेरा मानना है कि हम अपनी अंतिम एकादश को लेकर काफी हद तक स्पष्ट हैं। मुझे लगता है कि हम पूरी तरह से तैयार हैं। विश्व कप से पहले हमें दो अभ्यास मैच खेलने हैं जिनमें हम अन्य संयोजनों को आजमाने के बारे में सोच सकते हैं। उन्होंने कहा, राधा तो टीम में हैं ही। उसने डब्ल्यूपीएल में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया और वह भी पूरी तरह से तैयार है। उसके अलावा भारती फुलमाली ने भी मध्य क्रम में अच्छा प्रदर्शन किया है। उम्मीद है कि हम अभ्यास मैचों में उन्हें पर्याप्त मौका देंगे। भारत विश्व कप में अपना पहला मैच 14 जून को बर्मिंघम में अपने चिर प्रतिद्वंदी पाकिस्तान के खिलाफ खेलेगा। वहीं दूसरी ओर तेज गेंदबाज इशांत शर्मा के कोच श्रवण कुमार का मानना है कि तेज गेंदबाज औकिब नबी को बैक अप भूमिका तक ही सीमित नहीं रखा जाना चाहिए बल्कि अगानिस्तान के खिलाफ होने वाले एकमात्र टेस्ट के लिए भारतीय टीम की अंतिम एकादश का हिस्सा होना चाहिए। नबी ने इस रणजी ट्रॉफी सत्र में 60 विकेट लिए और उनके इस प्रदर्शन ने जम्मू-कश्मीर को पहली बार इस घरेलू टूर्नामेंट का खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई। श्रवण कुमार ने बुधवार को यहां कहा, मैं औकिब की बात कर रहा हूं। अपनी टीम को रणजी चैंपियन बनाने और 60 विकेट लेने के बाद भी औकिब नबी को अफगानिस्तान के खिलाफ एकमात्र टेस्ट मैच के लिए क्यों नहीं चुना जा रहा है? यह बैक-अप गेंदबाज वाली बात क्या है? उन्होंने कहा, आप उन्हें बैक-अप गेंदबाज के नाम पर नेट गेंदबाज बना रहे हैं। नबी को बैक-अप खिलाड़ी के नाम पर नेट गेंदबाज नहीं माना जाना चाहिए। यह देखना वाकई हैरान करने वाला है।

# प्रज्ञानानंदा ने फिर से कार्लसन को हराया, गुकेश की खिताब की उम्मीदें खत्म

ओस्लो। भारत के युवा ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञाननंदा ने नॉर्वे के दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन के खिलाफ अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में क्लासिकल बाजी में उन्हें दूसरी बार हराया और इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में पहले भारतीय चैंपियन बनने की अपनी दावेदारी को मजबूत किया। विश्व चैंपियन डी गुकेश की खिताब जीतने की उम्मीदें आठवें दौर में फ्रांसीसी ग्रैंडमास्टर अलीरेज़ा फ़िरोजा से एक और करारी हार के बाद खत्म हो गईं। वह आठ अंकों के साथ तालिका में सबसे निचले पायदान पर आ गए हैं।

इस तरह से गुकेश का 2024 में विश्व चैंपियन बनने के बाद खराब प्रदर्शन जारी है। प्रज्ञाननंदा इस वर्ष क्लासिकल बाजी में कार्लसन को दो बार हराने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं। इस एलीट डबल राउंड-रॉबिन प्रतियोगिता में उन्होंने पहले भी कार्लसन को क्लासिकल बाजी में हराया था। इस जीत से 20 वर्षीय



प्रज्ञाननंदा के 12 अंक हो गए और वह तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। दूसरी तरफ इस हार से कार्लसन की आठवीं बार नॉर्वे शतरंज खिताब जीतने की उम्मीदों को करारा झटका लगा है। अब केवल दो राउंड का खेल बचा हुआ है और ऐसे में मौजूदा चैंपियन कार्लसन के लिए खिताब बचाना आसान नहीं होगा। कार्लसन का यह अभियान अप्रत्याशित रूप से उथल-पुथल भरा रहा है, जिसमें उन्हें चार बार क्लासिकल बाजी में हार का सामना करना पड़ा। इनमें से दो बार उन्हें प्रज्ञाननंदा ने हराया।

इस तरह से वह विश्व के नंबर एक खिलाड़ी के वर्चस्व को चुनौती देने वाले प्रमुख खिलाड़ी बन गए हैं। काले मोहरों से खेल रहे प्रज्ञाननंदा ने मैच के बाद कहा, मैग्नस के खिलाफ जीत के बारे में सोचने से ज्यादा महत्वपूर्ण यह है कि मुझे यह जीत हासिल करनी है। निश्चित तौर पर मैग्नस के खिलाफ जीत हासिल करना शानदार है, लेकिन मुझे लगता है कि टूर्नामेंट के इस चरण में कोई भी मैच जीतना अच्छा है। प्रज्ञाननंदा नौवें दौर में काले मोहरों से हमवतन गुकेश के खिलाफ खेलेंगे। इस बीच अंक तालिका में शीर्ष पर चल रहे अमेरिकी ग्रैंडमास्टर वेस्ली सो ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए आर्मागेडन टाई-ब्रेक में जर्मनी के विंसेंट कीमर को हराकर अपने अंकों की संख्या 14 पर पहुंचा दी है।

# भारत-अफगानिस्तान टेस्ट मैच 6 से

## भारत के खिलाफ होगी अफगानिस्तान के कप्तान शाहिदी की सबसे बड़ी परीक्षा

एजेंसी

मुल्लांपुर। अफगानिस्तान के कप्तान हशमतुल्लाह शाहिदी की भारत के खिलाफ शनिवार से यहां शुरू होने वाले एकमात्र टेस्ट मैच में कड़ी परीक्षा होगी। अफगानिस्तान की बल्लेबाजी भी इस 31 वर्षीय खिलाड़ी के इर्द गिर्द घूमेगी। अफगानिस्तान के क्रिकेट प्रेमियों की उनसे काफी उम्मीद लगी होगी और यह देखना दिलचस्प होगा कि शाहिदी अपेक्षाओं के इस बोझ से कैसे निपटते हैं। अनुभवी खिलाड़ी राशिद खान और मोहम्मद नबी की अनुपस्थिति में शांत स्वभाव वाले शाहिदी पर यह साबित करने की जिम्मेदारी होगी कि अफगानिस्तान लाल गेंद की क्रिकेट में कुछ सुपरस्टार नामों पर निर्भर नहीं हैं। यह एक ऐसी भूमिका है जिस पर उनके पिता को गर्व होगा। शाहिदी के पिता भौतिकी के शिक्षक और कई पाठ्यपुस्तकों के लेखक हैं और वह शिक्षा को सर्वोपरि मानते हैं। कई अन्य अफगान परिवारों की तरह शाहिदी का परिवार भी अफगानिस्तान में वर्षों के संघर्ष और राजनीतिक उथल-पुथल से प्रभावित रहा है।

उन्होंने स्वदेश लौटने से पहले पाकिस्तान में कुछ समय बिताया। अनिश्चितता के ऐसे माहौल में पले-बढ़े एक युवा लड़के के लिए क्रिकेट शायद ही सबसे सुरक्षित करियर विकल्प था। इसके बावजूद उन्होंने कड़ी मेहनत करके अफगानिस्तान के क्रिकेट दिग्गजों में से एक के रूप में अपनी पहचान बनाई। अगर राशिद टीम के सुपरस्टार हैं तो शाहिदी वह खिलाड़ी हैं जिन्हें टीम को नई दिशा देने का जिम्मा सौंपा गया है। इसलिए उनके लिए भारत के खिलाफ इस टेस्ट मैच का महत्व परिणाम से कहीं अधिक है। अफगानिस्तान ने भारत के खिलाफ 2018 में बेंगलुरु में अपना पहला टेस्ट मैच खेला था। इस मैच में उसने केवल दो सत्र में 20 विकेट गंवा दिए थे। इसी मैच में शाहिदी ने अपना पदार्पण किया था। इसके आठ साल बाद वह टीम के कप्तान है और उन्हें भारत की मजबूत टीम की चुनौती से पार पाना है जो किसी भी लिहाज से आसान नहीं होगा। लेकिन शाहिदी धैर्य से काम लेते



हैं और अनुशासन में रहना पसंद करते हैं। वह बल्लेबाजी में अपना लोहा मनवा चुके हैं। उन्होंने 2021 में अबू धाबी में जिम्बाब्वे के खिलाफ नाबाद 200 रन बनाए थे।

इस तरह से वह टेस्ट क्रिकेट में दोहरा शतक लगाने वाले अफगानिस्तान के पहले बल्लेबाज बने थे। उन्होंने तब 246 रन बनाए थे जो अफगानिस्तान की तरफ से सर्वोच्च स्कोर का रिकॉर्ड है। सबसे बड़ा सवाल लिया है कि क्या अफगानिस्तान इस मैच को पांच दिन तक खींच पाएगा। कम से कम भारत ऐसा कतई नहीं चाहेगा और वह मैच को जल्द से जल्द समाप्त करने में किसी तरह की कसर नहीं छोड़ेगा जिससे शाहिदी के लिए चुनौती और मुश्किल बन गई है। वहीं दूसरी ओर भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा ने अफगानिस्तान के खिलाफ छह जून से शुरू होने वाले एकमात्र टेस्ट मैच से पहले बुधवार को यहां भीषण गर्मी के बावजूद लगभग 25 मिनट तक जमकर अभ्यास किया। इस एकमात्र टेस्ट मैच के बाद भारत और अफगानिस्तान के बीच तीन मैच की वनडे श्रृंखला खेली जाएगी। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में दो महीने तक व्यस्त रहने के बाद गेंदबाजों के कार्यभार को लेकर कुछ सवाल उठ रहे थे।

## न्यूजीलैंड में इस साल के आखिर में दो टेस्ट सहित 12 मैच खेलेगा भारत

ऑकलैंड। भारत इस वर्ष 22 अक्टूबर से एक दिसंबर तक न्यूजीलैंड का दौरा करेगा, जहां वह दो टेस्ट, पांच एकदिवसीय और इतने ही टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलेगा। इस तरह से यह न्यूजीलैंड में भारत की अब तक की सबसे बड़ी पुरुष द्विपक्षीय क्रिकेट श्रृंखला होगी। यह पहला अवसर होगा जबकि कोई टीम न्यूजीलैंड में तीनों प्रारूप में कुल मिलाकर 12 मैच खेलेगी। यह श्रृंखला दोनों देशों के बीच खेल संबंधों के 100 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में खेली जाएगी। इस 40 दिवसीय दौरे की शुरुआत 22 अक्टूबर को क्राइस्टचर्च में टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच से होगी। टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के बाद एकदिवसीय श्रृंखला होगी जिसका पहला मैच चार नवंबर को ऑकलैंड के ईडन पार्क में खेला जाएगा। टेस्ट श्रृंखला की शुरुआत 19 नवंबर से वेलिंगटन के सेलो बेसिन रिजर्व में होगी। दूसरा और अंतिम टेस्ट मैच क्राइस्टचर्च के हैगली ओवल में 27 नवंबर से एक दिसंबर तक खेला जाएगा। न्यूजीलैंड क्रिकेट के मुख्य विपणन और वाणिज्यिक अधिकारी ग्लेन क्रिचली ने कहा, जब क्रिकेट की बात आती है तो भारत का कोई सानी नहीं है। भारतीय टीम का न्यूजीलैंड का यह दौरा क्रिकेट से कहीं अधिक मायने रखता है। यह भारत के साथ न्यूजीलैंड के साझा इतिहास और संस्कृति का उत्सव होगा। यह क्रिकेट के जरिए हमारी बढ़ती प्रतिद्वंद्विता और दोस्ती का भी जश्न होगा। भारत 2019-20 के बाद पहली बार न्यूजीलैंड में टेस्ट श्रृंखला खेलेगा। तब से न्यूजीलैंड ने भारत का दो बार दौरा किया है, जिसमें उनका 2024-25 का ऐतिहासिक दौरा भी शामिल है, जब उसने टेस्ट श्रृंखला में 3-0 से क्लीन स्वीप किया था। न्यूजीलैंड के स्पिनर ईश सोढ़ी ने कहा, भारत के खिलाफ खेलना हमेशा खास होता है। उनकी टीम बेहतरीन है जिसमें कई प्रतिभावान और स्टार खिलाड़ी शामिल हैं।

# फीफा विश्व कप में खेलेंगे भारतीय मूल के चार खिलाड़ी

**नयी दिल्ली**। भारत के लिए फीफा विश्व कप में खेलना अब भी दूर की कौड़ी बनी हुई है लेकिन अमेरिका में 11 जून से शुरू होने वाले फुटबॉल के सबसे बड़े टूर्नामेंट में भारतीय मूल के चार खिलाड़ी अपना जलवा दिखाने के लिए तैयार हैं। यह चार खिलाड़ी सरप्रीत सिंह, सैमुअल मौतौसामी, निशान वेलुपिल्ले और तहसीन मोहम्मद हैं जो फ्रांस के मिडफील्डर विकास धोरासू के नक्शेकदम पर चल रहे हैं। धोरासू जर्मनी में 2006 के विश्व कप में खेले थे। धोरासू के पूर्वज आंध्र प्रदेश के विजयनगरम की रहने वाले थे। इस सूची में शामिल होने वाले चार अन्य खिलाड़ियों पर एक नज़र डालते हैं।

ऑकलैंड में पंजाबी माता-पिता के घर जन्मे सरप्रीत 2018 में मुंबई में अंतरमहाद्वीपीय कप के दौरान भारत में भी खेले थे। उन्होंने उसी वर्ष न्यूजीलैंड के लिए पदार्पण किया था। भारत ने तब खिताब जीता जबकि न्यूजीलैंड चार देशों के इस टूर्नामेंट में तीसरे स्थान पर रहा। इसके एक साल बाद सरप्रीत जर्मन की पहली डिवीजन लीग में खेलने वाले भारतीय मूल के पहले खिलाड़ी बने। उन्होंने 2019 में बायर्न म्यूनिख की तरफ से पदार्पण किया। वह ऑस्ट्रेलियाई ए-लीग टीम वेलिंगटन फीनिक्स से बायर्न म्यूनिख में शामिल हुए थे। सरप्रीत ने 20 जून, 2020 को एससी फ्रीबर्ग के खिलाफ बायर्न म्यूनिख के लिए अपना पहला सीनियर मैच खेला। वह उस टीम का हिस्सा थे जिसने 2019-2020 सत्र में



बुंडेसलीगा का खिताब जीता था। मिडफील्डर सरप्रीत पुर्तगाल के यूनियाओ डी लीरिया और सर्बिया की सुपरलीगा टीम एफके टीएससी की तरफ से भी खेले।

इसके बाद वह फीनिक्स के लिए ए-लीग में खेले। उन्हें इस साल फरवरी में चोट लग गई थी, जिसके कारण वह आठ सप्ताह तक मैदान से बाहर रहे, लेकिन अप्रैल में उन्होंने वापसी की और न्यूजीलैंड की विश्व कप की 26 सदस्यीय टीम में जगह बनाई। उन्होंने न्यूजीलैंड के लिए 24 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं और तीन गोल किए हैं। सरप्रीत ने 2017 और 2019 फीफा अंडर-20 विश्व कप में भी न्यूजीलैंड के लिए खेले थे। मौतौसामी का जन्म फ्रांस में हुआ था। उनकी माता कांगो मूल और पिता तमिल मूल के हैं। फीफा के नियमों के अनुसार, कोई खिलाड़ी किसी राष्ट्रीय टीम के लिए तभी खेल सकता है।

## संक्षेप

### हॉकी : चीनी को हराकर भारत सेमीफाइनल में

काकामिगाहारा (जापान)। भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने बुधवार को यहां अपने आखिरी पूल ए मैच में चीनी ताइपे को 13-1 से हराकर शानदार प्रदर्शन किया और अंडर-18 एशिया कप 2026 के सेमीफाइनल में जगह बनाई। भारत ने कजाखस्तान, कोरिया और चीनी ताइपे के खिलाफ जीत के साथ अपने पूल मैच खत्म किए जबकि मेजबान जापान से उसे हार का सामना करना पड़ा। इससे टीम को चार मैच में नौ अंक मिले। चीनी ताइपे के खिलाफ टीम ने आक्रामक रूख अपनाया जिसमें आशीष तानी पूर्ति ने हैट्रिक (27वें, 35वें, 42वें मिनट) करके सबसे अच्छा प्रदर्शन किया जबकि गाजी खान (40वें, 44वें), सिद्धार्थ बेन (30वें, 52वें) और राहुल यादव (20वें, 54वें) ने दो-दो गोल किए। करण गौतम (सातवें), प्रेमचंद सोय (11वें), कप्तान केतन कुशवाहा (13वें) और वरिंदर सिंह (50वें) ने भी गोल किए।

### बालाजी और डेमोलिनर की जोड़ी फ्रेंच ओपन से बाहर

पेरिस। भारतीय टेनिस खिलाड़ी एन श्रीराम बालाजी और ब्राजील के उनके जोड़ीदार मार्सेलो डेमोलिनर का फ्रेंच ओपन पुरुष युगल में शानदार प्रदर्शन क्वार्टर फाइनल में हैरी हेलियोवारा और हेनरी पैटन की दूसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी से सीधे सेटों में हार के साथ खत्म हो गया। बालाजी और डेमोलिनर की जोड़ी एक घंटे 17 मिनट तक चले मुकाबले में 3-6, 4-6 से हार गई। हार के बावजूद बालाजी और डेमोलिनर की जोड़ी के लिए टूर्नामेंट में प्रदर्शन यादगार रहेगा क्योंकि वे तीसरे दौर में जर्मनी के केविन क्राविएट्ज और टिम पुट्ज की छठी वरीयता प्राप्त जोड़ी को 7-5, 6-4 से हराकर क्वार्टर फाइनल में पहुंचे थे। बालाजी के लिए क्वार्टर फाइनल में पहुंचना उनके करियर के सबसे अच्छे ग्रैंड स्लैम प्रदर्शनों में से एक है।

# ऑस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान को हराया

लाहौर। तेज गेंदबाज नाथन एलिस ने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 33 रन देकर चार विकेट लिए जिससे आस्ट्रेलिया ने दूसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में पाकिस्तान को 41 रन से हराकर श्रृंखला 1-1 से बराबर कर दी। ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद नौ विकेट पर 231 रन बनाए। इसके जवाब में पाकिस्तान की टीम 44



ओवर में 190 रन पर आउट हो गई। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से कप्तान जोश इंग्लिस (51) और कैमरन ग्रीन (53) ने अर्धशतक बनाए। उनके अलावा मैथ्यू रेनशॉ ने 43 रन का योगदान दिया जबकि 19 वर्षीय ओलिवर पीक ने 32 गेंदों में 31 रन की उपयोगी पारी खेली। पाकिस्तान की तरफ से कप्तान शाहीन शाह अफरीदी ने 36 रन देकर तीन विकेट लिए। पाकिस्तान की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसका स्कोर एक समय छह विकेट पर 78 रन था।

### विश्व कप में नहीं करेंगे ऐसी गलती : मंधाना

टॉटन। भारतीय महिला टीम की उप-कप्तान स्मृति मंधाना ने कहा कि इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में उनके गेंदबाज पर्याप्त डॉट गेंद नहीं कर पाए जिससे उन्हें छह विकेट से हार का सामना करना पड़ा। इस सलामी बल्लेबाज ने उम्मीद जताई कि महिला टी20 विश्व कप में यह गलती नहीं दोहराई जाएगी। इंग्लैंड ने श्रृंखला 2-। से जीत कर भारत की विश्व कप की तैयारी को झटका दिया। मंधाना ने मैच के बाद पत्रकारों से कहा, हमने गेंदबाजी में अच्छी शुरुआत की थी और उनके तीन विकेट जल्दी हासिल कर लिए थे। इसके बाद उन्होंने शानदार साझेदारी निभाई। मुझे लगता है कि उन्होंने बहुत अच्छे शॉट खेले। उन्होंने कहा, हम कुछ डॉट गेंद करके उन पर दबाव बना सकते थे लेकिन हम ऐसा करने में नाकाम रहे।

# विश्व योगासन चैंपियनशिप में हिस्सा लेंगे 400 एथलीट

अहमदाबाद। पहली विश्व योगासन चैंपियनशिप 2026 में 60 से ज्यादा देशों के 400 से अधिक एथलीट हिस्सा लेंगे जो बृहस्पतिवार से यहां शुरू हो रही है।

विश्व योगासन चैंपियनशिप 2026 के पहले चरण में अमेरिका, घाना, कीनिया, मलेशिया, श्रीलंका और उज्बेकिस्तान समेत दुनिया भर के एथलीट हिस्सा लेंगे। यह ऐतिहासिक चैंपियनशिप योगासन के विकास में एक अहम मोड़ है जो भारत के योग को दुनिया भर में प्रतिस्पर्धी खेल के तौर पर बदल रहा है और साथ ही ओलंपिक मूवमेंट में पहचान दिलाने का रास्ता भी मजबूत कर रहा है।

## एरिना सबालेंका फ्रेंच ओपन से बाहर

पेरिस। दुनिया की नंबर एक महिला टेनिस खिलाड़ी एरिना सबालेंका बुधवार को यहां फ्रेंच ओपन क्वार्टरफाइनल में डायना श्नाइडर के खिलाफ पहला सेट जीतने के बावजूद तीन सेट में हार के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गईं। चार बार की ग्रैंडस्लैम विजेता सबालेंका को क्वार्टर फाइनल में श्नाइडर के खिलाफ 3-6, 7-5, 6-0 से शिकस्त झेलनी पड़ी। सबालेंका दूसरे सेट में 4-1 से आगे थीं और जब वह 5-4 के स्कोर पर मैच जीतने के लिए सर्विस कर रहीं थी तब जीत से सिर्फ दो अंक दूर थीं। पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम के क्वार्टर फाइनल खेल रहीं श्नाइडर ने हालांकि इसके बाद जोरदार वापसी की और सबालेंका को कोई मौका नहीं दिया। निर्णायक सेट के छठे गेम में सबालेंका ने 0-40 से पिछड़ने के बाद दो मैच प्वाइंट बचाए लेकिन इसके बाद उन्होंने शॉट को नेट पर मारकर मैच श्नाइडर की झोली में डाल दिया।

# आयुष इंडोनेशिया ओपन के प्री क्वार्टर फाइनल में

जकार्ता। युवा भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी आयुष शेट्टी ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए बुधवार को यहां इंडोनेशिया ओपन के प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई जबकि सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार पुरुष युगल जोड़ी मैच के बीच से हट गई। मिश्रित युगल में

**❍ सात्विक-चिराग मैच से हटे**



रोहन कपूर और रुतविका गड्डे की दुनिया की 41वें नंबर की भारतीय जोड़ी ने पो सुआन येंग और लिंग फेंग हू की चीनी ताइपे की दुनिया की 20वें नंबर की जोड़ी के खिलाफ 21-14, 21-14 से उलटफेर भरी जीत दर्ज करके दूसरे दौर में जगह बनाई। रोहन और रुतविका अगले दौर में थॉम गिक्केल और डेलफाइन डेलरुए की फ्रांस की गत चैंपियन जोड़ी से भिड़ेंगे।

# भारत ने सिंगापुर को 25-0 से हराया, पूल ए में शीर्ष पर

काकामिगाहारा (जापान)। पहले ही सेमीफाइनल में जगह पक्की कर चुके भारत ने महिला अंडर-18 एशिया कप हॉकी प्रतियोगिता के पूल ए के अपने अंतिम मैच में सिंगापुर को 25-0 से करारी शिकस्त दी। इस जीत से भारत ने पूल ए में शीर्ष स्थान हासिल किया। भारत ने सिंगापुर के खिलाफ शुरू से ही आक्रामक रवैया अपनाया। उसकी कम से कम 10 खिलाड़ियों ने गोल किए जिनमें नौशीन नाज़ सबसे आगे रहीं। उन्होंने सात गोल (आठवें मिनट, 13वें, 17वें, 18वें, 40वें, 52वें, 58वें) दागे। मैच की



सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रही गीताश्री नाम्मी ने पांच गोल (13वें, 28वें, 47वें, 48वें, 60वें) किए, जबकि कप्तान स्वीटी कुजुर ने चार गोल (दूसरे, 24वें, 38वें, 45वें) का योगदान दिया। प्रियंका मिंज ने भी हैट्रिक (22वें, 37वें, 53वें) बनाई। उनके अलावा दीया (27वें), नैन्सी सरोहा (36वें), श्रुति कुमारी (40वें), पुष्पा मांझी (47वें), रशमीन कौर (47वें) और संदीपा कुमारी (51वें) ने भी स्कोरशीट में अपना नाम लिखवाया। भारत ने शुरुआत से ही अपना दबदबा बना दिया था। कप्तान स्वीटी ने दूसरे ही मिनट में पहला गोल दाग दिया। नौशीन ने आठवें मिनट में बढ़त को दोगुना कर दिया।

# कोहली, रोहित के साथ खेलने को हर्ष उत्साहित

एजेंसी

नयी दिल्ली। युवा भारतीय ऑलराउंडर हर्ष दुबे का मानना है कि विराट कोहली और रोहित शर्मा के साथ वनडे ड्रेसिंग रूम साझा करना उनके लिए बड़ी उपलब्धि होगी और वह इसके साथ ही अफगानिस्तान के खिलाफ आगामी घरेलू श्रृंखला में टेस्ट कप्तान शुभमन गिल की नेतृत्व शैली को समझने के लिए भी उत्सुक हैं। बाएं हाथ के स्पिनर 23 वर्षीय दुबे को टेस्ट और वनडे दोनों टीम में चुना गया है। उन्होंने कहा कि जब उन्हें पहली बार राष्ट्रीय टीम में चुने जाने की जानकारी मिली तब से सब कुछ एक सपने जैसा लग रहा है। दुबे ने जिओस्टार से कहा, मैं तब हवाई अड्डे पर था जब मुझे किसी व्यक्ति का फोन आया कि वनडे श्रृंखला के लिए भारतीय टीम में चुने जाने पर मुझे कैसा लग रहा है।

उन्होंने कहा, लाउंज में शोर और नेटवर्क की समस्या के कारण मुझे लगा कि वह श्रीलंका में भारत ए टीम की वनडे त्रिकोणीय श्रृंखला की बात कर रहे हैं। इसलिए मैंने कहा कि ऐसा लग रहा है जैसे मैं अपना सपना सच करने के करीब पहुंच गया हूं। दुबे ने कहा, लेकिन मैंने जैसे ही फोन बंद किया संदेश आने लग गए कि मुझे टेस्ट और वनडे दोनों टीम में चुना गया है। मैंने ऑनलाइन खबर देखी तो सच कहूं मुझे ऐसा लगा जैसे कि मैं सपना देख रहा हूं। आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद की तरफ से खेलने वाले इस खिलाड़ी ने रणजी ट्रॉफी के पिछले सत्र में विदर्भ की तरफ से खेलते हुए 69 विकेट लेने के अलावा 469 रन भी बनाए थे। उन्होंने कहा, मैं अभी 2027 में होने वाले वनडे विश्व कप में खेलने के बारे में नहीं सोच रहा हूं। अभी मैं जो भी मौका मिलता है उसमें अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर ध्यान केंद्रित कर रहा हूं। टेस्ट मैच के बाद होने वाले तीन वनडे मैचों के दौरान कोहली और रोहित के साथ ड्रेसिंग रूम साझा करने को लेकर दुबे ने कहा, मैं उन्हें देखते हुए बड़ा हुआ हूं।

जब से मैंने क्रिकेट को समझना शुरू किया है, तब से उन्हें खेलते हुए देख रहा हूं। अगर मुझे उनके साथ एक भी मैच खेलने का मौका मिल जाए, तो यह मेरे लिए सपना सच होने जैसा होगा। टेस्ट और वनडे कप्तान गिल के साथ खेलने के बारे में दुबे ने कहा, मैं वास्तव में शुभमन गिल को एक व्यक्ति के रूप में करीब से देखना चाहता हूं क्योंकि एक प्रतिद्वंद्वी के रूप में आप कभी भी पूरी तरह से यह नहीं समझ सकते कि कोई व्यक्ति कैसा है या एक कप्तान के रूप में वह कैसा है। वहीं दूसरी ओर सुपरस्टार विराट कोहली के कोच राजकुमार शर्मा ने वैभव सूर्यवंशी की टी20 प्रारूप में दुर्लभ प्रतिभा के रूप में सराहना करते हुए उनसे अपने खेल में कोई बदलाव नहीं करने का आग्रह किया। पंद्रह वर्षीय खिलाड़ी सूर्यवंशी के लिए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का दूसरा सत्र शानदार रहा और राजस्थान रॉयल्स के लिए खेलते हुए 776 रन के साथ वह टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे। इस प्रदर्शन से उन्हें भारतीय टीम में शामिल करने की बातें तेज हो गई हैं। शर्मा ने कहा, वह निस्संदेह एक असाधारण प्रतिभा है। वह जिस तरह से इस आईपीएल में खेला, वह उल्लेखनीय है। जिस तरह से उसने सभी प्रथम श्रेणी, अंतरराष्ट्रीय और विश्व स्तरीय गेंदबाजों की धुनाई की है, वह सराहनीय है और मुझे कहना होगा कि वह एक विशेष प्रतिभा है। वैभव बहुत अच्छा खेलता है।

उन्होंने कहा, वह जिस तरह का निर्भीक क्रिकेट खेलता है, उसने जिस तरह से विश्व स्तरीय गेंदबाजों की धुनाई की है, वह सराहनीय है। जिस तरह से उसने छक्के मारे हैं, वह अविश्वसनीय है, टी20 क्रिकेट के लिए वह शानदार है। जब शर्मा से पूछा गया कि एक कोच के रूप में वह उन्हें क्या सलाह देना चाहेंगे, तो उन्होंने कहा, वह टी20 खेल रहा है इसलिए मैं कहूंगा कि कुछ भी मत बदलो। बस जाओ और



ऐसे ही खेलो, जैसे तुम खेल रहे हो। उन्होंने कहा, जबरदस्त क्रिकेट खेल रहे हो, गेंद को मारते रहो और लोगों का मनोरंजन करते रहो। जहां तक टेस्ट क्रिकेट खेलने की बात है तो मैंने उसे इतना नहीं देखा है कि यह बता सकूं कि वह कितना परिपक्व है, वह अपना खेल कैसे बदल सकता है, वह गेंद को ऑफ स्टंप के बाहर कैसे छोड़ सकता है या वह स्विंग गेंदबाजी कैसे खेल सकता है।

# कुवैत हवाई अड्डे पर ईरान का हमला

## एक भारतीय नागरिक की मौत, कई अन्य घायल






दुबई। कुवैत अंतराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर मंगलवार को हमले में एक भारतीय नागरिक की मौत हो गई जबकि कई अन्य घायल हो गये। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी।

कुवैत स्थित भारतीय दूतावास ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि वह जान गंवाने वाले व्यक्ति के शोकसंतप्त परिवार के साथ ही घटना में घायल हुए लोगों को हरसंभव सहायता और समर्थन प्रदान करने के लिए कुवैती प्रशासन के साथ तालमेल कर रहा है। इसने कहा कि कुवैत हवाई अड्डे पर आज हुए हमले में एक भारतीय नागरिक की दुखद मृत्यु पर कुवैत स्थित भारतीय दूतावास गहरस शोक व्यक्त करता है। इस मौत के साथ ही 28 फरवरी को ईरान और अमेरिका के बीच शुरू हुई लड़ाई के बाद से मरने वाले भारतीयों की कुल संख्या कम से कम 10 हो गई है। आज का हमला अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के बीच हुआ है। इससे पहले, 30 मार्च को कुवैत में एक बिजली और जल विलवणीकरण संयंत्र पर ईरानी हमले में एक भारतीय नागरिक की मौत हो गई थी। कुवैती गृह मंत्रालय के प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल नासिर बौस्लीब ने आज कहा कि हवाई अड्डे पर यात्री टर्मिनल (टी1) पर कई ड्रोन द्वारा हमला किया गया। उन्होंने कहा कि इस हमले में एक यात्री की मौत हो गई और कई मजदूर एवं यात्री घायल हो गए। बौस्लीब ने कहा कि हवाई अड्डे की सुविधाओं और परिचालन बुनियादी ढांचे को गंभीर क्षति पहुंची है। कुवैत ने बुधवार को तब हवाई यातायात निलंबित कर दिया, जब ईरान के हमलों में टर्मिनल वन को निशाना बनाया गया। इस हमले से जानमाल का नुकसान हुआ और हवाई अड्डे को भी नुकसान पहुंचा। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय के प्रवक्ता अब्दुल्ला अल-राजही ने सरकारी समाचार एजेंसी केयूएनए को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हवाई यातायात निलंबित कर दिया गया है और उड़ानों को अगले आदेश तक आसपास के हवाई अड्डों की ओर मोड़ दिया गया है। स्वास्थ्य मंत्रालय के प्रवक्ता डॉ. अब्दुल्ला अल-सुंद ने बताया कि हवाई अड्डे पर हुए हमले के बाद अब तक सात अस्पतालों में 63 घायलों को ले जाया गया है। उन्होंने बताया कि सात मामलों में आपातकालीन बड़ी सर्जरी की गई है, और कई छोटी सर्जरी भी की गई हैं। अब्दुल्ला ने बताया कि घायलों में आम नागरिक, हवाई अड्डे के कर्मचारी और यात्री शामिल हैं।

# एनईसी के पूर्ण सत्र की अध्यक्षता करेंगे केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह



नयी दिल्ली। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह चार जून को शिलांग में पूर्वोत्तर परिषद (एनईसी) के 73वें पूर्ण सत्र की अध्यक्षता करेंगे, जिसमें पर्यटन, कृषि, बागवानी और निवेश प्रोत्साहन सहित कई मुद्दों पर चर्चा होगी।

पूर्ण सत्र से पूर्व बुधवार को आयोजित बैठक में बांस, अगरवुड, अष्टलक्ष्मी दर्शन और अन्य प्रमुख पहलों एवं अन्य मुद्दों पर चर्चा हुई। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, बृहस्पतिवार को होने वाले पूर्ण सत्र में क्षेत्रीय विकास के महत्वपूर्ण क्षेत्रों के लिए गठित मुख्यमंत्री उच्च-स्तरीय कार्य बलों द्वारा की गई प्रगति पर विचार-विमर्श किया जाएगा। बयान में कहा गया है कि पर्यटन, कृषि एवं बागवानी, निवेश प्रोत्साहन, दूध, अंडे, मछली और मांस में आत्मनिर्भरता, खेल प्रोत्साहन, आर्थिक गलियारा विकास, अवसंरचना एवं संपर्क और हथकरघा एवं हस्तशिल्प पर प्रस्तुतियां दी जाएंगी। उम्मीद है कि इन विचार-विमर्शों से राज्यों और हितधारकों के बीच साझा विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए समन्वित कार्वाई को बढ़ावा मिलेगा। बैठक में पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय (डोनर) की महत्वपूर्ण पहलों की भी समीक्षा की जाएगी। इनमें प्रमुख योजनाओं और कार्यक्रमों की प्रगति, पूर्वोत्तर निवेश शिखर सम्मेलन एवं बैंकर सम्मेलन के परिणाम, युवाओं पर केंद्रित पहलें और क्षेत्र में पर्यटन, लॉजिस्टिक्स एवं विशिष्ट पहचान (यूएसपी) परियोजनाओं से जुड़े प्रयास शामिल हैं। पूर्ण सत्र में पूर्वोत्तर दृष्टि योजना 2047 पर आगे विचार-विमर्श किया जाएगा, जिसका उद्देश्य भारत की स्वतंत्रता शताब्दी वर्ष तक पूर्वोत्तर क्षेत्र को आर्थिक विकास, संपर्क, नवाचार, स्थिरता और सांस्कृतिक समृद्धि के जीवंत केंद्र में परिवर्तित करने के लिए एक दीर्घकालिक रूपरेखा प्रदान करना है। एनईसी के सदस्य क्षेत्रीय विकास प्राथमिकताओं और अंतर-राज्यीय सहयोग बढ़ाने के अवसरों पर भी अपने विचार साझा करेंगे।

**संक्षेप**

## यूक्रेनी ड्रोन हमले में लगी आग

कीव। यूक्रेन के लंबी दूरी के ड्रोन हमलों में रूस के सेंट पीटर्सबर्ग स्थित एक तेल टर्मिनल में आग लग गई। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने बुधवार को सोशल मीडिया पर यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि ड्रोन 1,000 किलोमीटर से अधिक दूरी तय करके लक्ष्य तक पहुंचे। हमले के बाद शहर के बंदरगाह क्षेत्र में काले धुएं के गुबार उठते देखे गए। रूसी अधिकारियों ने कहा कि यूक्रेनी ड्रोन हमले में शहर के बुनियादी ढांचे को निशाना बनाया गया। उन्होंने विस्तृत जानकारी नहीं दी। हमले के बाद सेंट पीटर्सबर्ग के हवाई अड्डे ने कुछ समय के लिए उड़ानें रोक दीं और मोबाइल इंटरनेट सेवाएं भी बाधित रहीं। यह हमला ऐसे समय हुआ है जब रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन इस सप्ताह सेंट पीटर्सबर्ग में होने वाले वार्षिक अंतरराष्ट्रीय आर्थिक मंच की बैठक में भाग लेने वाले हैं। यह आयोजन क्रेमलिन के लिए प्रतिष्ठा का प्रतीक माना जाता है, हालांकि रूस-यूक्रेन युद्ध के चलते कई पश्चिमी निवेशक और अधिकारी इससे दूर रहे हैं। यूक्रेन का कहना है कि उसके हमले रूस के तेल उत्पादन को प्रभावित करने और हथियार निर्माण ढांचे को बाधित करने के उद्देश्य से किए जा रहे हैं। इससे पहले भी सेंट पीटर्सबर्ग और आसपास के बंदरगाह क्षेत्रों में तेल सुविधाओं को निशाना बनाया गया है।

# भारत-बांग्लादेश सीमा पर बाड़ लगाने के लिए बीएसएफ को 31 एकड़ जमीन सौंपी

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के पंचायत मंत्री दिलीप घोष ने बुधवार को कहा कि राज्य सरकार ने भारत-बांग्लादेश सीमा पर बाड़ लगाने के लिए सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) को लगभग 32 एकड़ जमीन सौंप दी है। यह प्रक्रिया कई वर्षों से लंबित थी।

राज्य मंत्रिमंडल की बैठक के बाद पत्रकारों से घोष ने कहा कि सरकार ने कई सीमावर्ती जिलों में स्थायी सीमा चौकियों की स्थापना और बाड़ लगाने के काम के लिए बीएसएफ को भूमि हस्तांतरित करने के प्रस्तावों को भी मंजूरी दे दी है। हमारी पहली कैबिनेट बैठक में बीएसएफ को बाड़ लगाने के लिए जमीन सौंपने के फैसले के अनुरूप सरकार ने बांग्लादेश के साथ सीमा से लगे राज्य में नौ स्थानों पर 31.905 एकड़ जमीन दी है। उन्होंने कहा कि भूमि और भूमि सुधार विभाग ने मालदा, मुर्शिदाबाद और कूच बिहार जिलों में 1.53 एकड़ भूमि के हस्तांतरण का प्रस्ताव मंत्रिमंडल के समक्ष रखा है ताकि अंतरराष्ट्रीय सीमा के साथ तीन स्थानों पर स्थायी सीमा चौकियां स्थापित की जा सकें।

# राष्ट्रपति मुर्मू से मिले हिमंत बिस्व सरमा



नयी दिल्ली। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने बुधवार को द्रौपदी मुर्मू से राष्ट्रपति भवन में मुलाकात की।

राष्ट्रपति कार्यालय ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर बैठक की एक तस्वीर साझा करते हुए कहा, असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से राष्ट्रपति भवन में मुलाकात की। शर्मा ने कहा कि दूसरी बार मुख्यमंत्री पद संभालने के बाद उन्होंने राष्ट्रपति को असम के विकास की वर्तमान दिशा और राज्य को आगे बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं से अवगत कराया। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि मैंने राष्ट्रपति महोदया को देश के सबसे तेजी से विकसित हो रहे राज्यों में से एक के रूप में असम की प्रगति और इस विकास गति को आगे बढ़ाने के लिए हमारी सरकार की योजनाओं की जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने राष्ट्रपति की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनका व्यक्तित्व साहस, धैर्य और नेतृत्व का प्रतीक है तथा उनसे मुलाकात हमेशा प्रेरणादायक रहती है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति महोदया के शब्द हमें जनसेवा के मार्ग पर आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। शर्मा ने बताया कि उन्होंने राज्य में जनकल्याण और विकास की यात्रा को आगे बढ़ाने के लिए राष्ट्रपति से आशीर्वाद और मार्गदर्शन भी प्राप्त किया। गौरतलब है कि हिमंत विश्व शर्मा ने 12 मई को लगातार दूसरी बार असम के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी।

# पटना में खान सर के कोचिंग में तोड़फोड़, पथराव में तीन गिरफ्तार





पटना। बिहार की राजधानी पटना में खान सर के नाम से मशहूर शिक्षक फैसल खान के कोचिंग संस्थान में कथित तोड़फोड़ और पथराव के सिलसिले में पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में एक प्रतिद्वंद्वी कोचिंग संस्थान का निदेशक भी शामिल है। पटना के कदमकुआं थाना क्षेत्र स्थित खान ग्लोबल कोचिंग इंस्टीट्यूट में मंगलवार रात कुछ असामाजिक तत्वों ने कथित तौर पर तोड़फोड़ और पथराव किया था। खान ने शुरुआत में दावा किया था कि संस्थान पर गोलीबारी भी हुई थी, लेकिन पुलिस ने इसकी पुष्टि नहीं की। बाद में खान ने कहा कि जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा कि वास्तव में क्या हुआ था। पुलिस अधीक्षक (शहर) कार्यालय की ओर से जारी बयान में कहा गया, मंगलवार रात लगभग 10:10 बजे कदमकुआं थाना क्षेत्र में खान ग्लोबल कोचिंग इंस्टीट्यूट में पथराव और संपत्ति को नुकसान पहुंचाए जाने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। बयान के मुताबिक, शुरुआती जांच और सीसीटीवी फुटेज की पड़ताल में सामने आया है कि पटना स्थित एक अन्य कोचिंग संस्थान से जुड़े 15-20 लोग कथित तौर पर पथराव और तोड़फोड़ की घटना में शामिल थे। घटना के बाद मौके पर पहुंच खान ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा था, पास के एक कोचिंग संस्थान से जुड़े कुछ असामाजिक तत्वों ने बड़े पैमाने पर नुकसान पहुंचाया।

# प. बंगाल में अन्नपूर्णा योजना शुरू, महिलाओं को हर माह मिलेंगे तीन हजार रुपये



कोलकाता। पश्चिम बंगाल सरकार ने बुधवार को महिलाओं के लिए अन्नपूर्णा योजना की शुरुआत की और घोषणा की कि पहले चरण में 28.25 लाख लाभार्थियों को हर महीने 3,000 रुपये की सहायता मिलेगी।

यह योजना इस साल के विधानसभा चुनाव में भाजपा के प्रमुख चुनावी वादों में से एक थी। इस योजना ने पूर्ववर्ती तृणमूल सरकार की लक्ष्मी भंडार योजना की जगह ली है, जिसके तहत करीब 2.42 करोड़ महिलाओं को अधिकतम 1,500 रुपये प्रति माह मिलते थे। योजना की शुरुआत करते हुए मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि पिछले तीन दिनों में 28.25 लाख महिलाओं के आवेदन का सत्यापन करके उन्हें संबंधित पोर्टल पर पंजीकृत किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि आवदेन प्रक्रिया अगले तीन महीने तक ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से जारी रहेगी और खंड विकास कार्यालयों, नगर निकाय कार्यालयों और नामित सरकारी केंद्रों पर आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। शुभेंदु ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी और डबल इंजन सरकार की प्रतिबद्धता से ही 3,000 रुपये की सहायता राशि देने का वादा पूरा किया गया है। उन्होंने कहा कि नए आवेदन स्वीकार किए जाते रहेंगे और सभी पात्र लाभार्थियों को योजना में शामिल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे फॉर्म मिलते जाएंगे, उनका सत्यापन किया जाएगा तथा 3,000 रुपये लाभार्थियों के खातों में अंतरित किए जाएंगे। हमारा लक्ष्य है कि हर पात्र महिला को यह लाभ मिले। नये सिरे से पंजीकरण प्रक्रिया का बचाव करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने यह कदम इसलिए उठाया क्योंकि पता चला था कि विशेष गहन पुनरीक्षण के बाद मतदाता सूची से स्थायी रूप से नाम हटाए जाने के बावजूद कई लोग लक्ष्मी भंडार जैसी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेते रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि लोगों का धन केवल पात्र भारतीय नागरिकों तक पहुंचे और किसी गैर-भारतीय को सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिलने दिया जाएगा। हालांकि मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि जिनके मामले न्यायाधिकरणों में अपील के अधीन हैं और जिन हिंदू शरणार्थियों ने नागरिकता संशोधन अधिनियम के तहत नागरिकता के लिए आवेदन किया है, वे भी इस योजना के लिए आवेदन कर सकते हैं। शुभेंदु ने आरोप लगाया कि पूर्ववर्ती सरकार के कार्यकाल में भ्रष्टाचार और अपर्याप्त सत्यापन तंत्र का फायदा उठाकर अपात्र लाभार्थियों ने महिला कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाया। नयी आवेदन और सत्यापन प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने और अनियमितताओं को रोकने के लिए शुरू की गई है।

**इंटरटेनमेंट...**

# 'काला हिरण' सलमान की बायोपिक नहीं है : अमित




**मुंबई**। फिल्म 'काला हिरण' को लेकर जारी विवाद के बीच फिल्म के प्रोड्यूसर अमित जानी ने सलमान खान की लीगल टीम के नोटिस पर रिएक्शन दिया। ऑफिशियल फेसबुक अकाउंट में पोस्ट किए वीडियो में अमित जानी ने कहा कि हमारी पूरी फिल्म सलमान खान की बायोपिक नहीं है। हमारी पूरी फिल्म सलमान खान के नजरिए से नहीं है।

अमित जानी ने वीडियो में कहा, ह्यसलमान खान की लीगल टीम की ओर से नोटिस भेजकर हम पर दबाव बनाया जा रहा है कि हम फिल्म की रिलीज रोक दें और 20 जून को टीजर जारी न करें। 'काला हिरण' बिश्नोई समाज के संघर्ष, उनकी विरासत और वन्यजीवों के प्रति उनके समर्पण को दिखाती है। सलमान खान फिल्म का सिर्फ एक पार्ट हैं। 'काला हिरण' को लेकर सलमान की ओर से लीगल नोटिस भेजा गया था। सलमान की ओर से लॉ फर्म डीएसके लीगल ने कास्टिंग डायरेक्टर अक्षय पांडे को एक लीगल नोटिस भेजा है। इस नोटिस में 'काला हिरण' नाम की प्रस्तावित फिल्म के प्रोडक्शन और प्रमोशन को तुरंत रोकने की मांग की गई है। नोटिस में कहा गया था कि यह फिल्म कथित तौर पर सलमान खान के काला हिरण शिकार मामले से प्रेरित है। सलमान की लीगल टीम का दावा है कि इस फिल्म से उनकी इमेज को नुकसान पहुंच सकता है, चल रही लीगल प्रक्रिया प्रभावित हो सकती है और उनके पर्सनल राइट्स का उल्लंघन हो सकता है। सलमान की लीगल टीम का कहना है कि एक्टर ने अपने नाम, पहचान या उनसे जुड़े किसी भी कथित घटनाक्रम के इस्तेमाल की कोई अनुमति नहीं दी है। सलमान से जुड़े काला हिरण शिकार मामले पर आधारित फिल्म 'काला हिरण' का पोस्टर पिछले शुक्रवार को जारी किया गया था। वहीं कहा गया था कि फिल्म का फर्स्ट लुक और टीजर 20 जून को जारी किया जाएगा। फिल्म में सलमान और गैंगस्टर लॉरेंस के बीच के विवाद को दिखाया जाएगा।

# जैकलीन 200 करोड़ के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में कोर्ट पहुंचीं



**मुंबई**। बॉलीवुड एक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडिस 200 करोड़ रुपए के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में बुधवार को दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट में पेश हुईं। कोर्ट में सुनवाई के दौरान एक्ट्रेस ने अपने ऊपर लगे सभी आरोपों को पूरी तरह से गलत बताया और उन्हें खारिज कर दिया। कोर्ट की कार्यवाही खत्म होते ही जैकलीन सीधे परिसर से बाहर निकलकर रवाना हो गईं। प्रवर्तन निदेशालय इस मामले में मुख्य आरोपी सुकेश चंद्रशेखर के साथ जैकलीन की भूमिका और पैसों के लेन-देन की जांच कर रहा है। कोर्ट में आरोपों को किया खारिज जैकलीन फर्नांडिस

❍ **खुद को बेकसूर बताया, सुकेश के ठगी के पैसों से महंगे गिफ्ट लेने के आरोप**

बुधवार को दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट पहुंची थीं। कोर्ट में उनके खिलाफ तय किए जा रहे आरोपों को लेकर बहस हुई। जैकलीन ने जज के सामने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि उन पर लगाए गए मनी लॉन्ड्रिंग के सारे आरोप बेबुनियाद हैं।

## रणवीर पर नॉन-कोऑपरेशन का फैसला एफडब्ल्यूआईसीई ने वापस लिया

**मुंबई**। फेडरेशन ऑफ वेस्टर्न इंडिया सिने एम्प्लॉइज ने रणवीर सिंह के खिलाफ जारी नॉन-कोऑपरेशन डायरेक्टिव को तत्काल प्रभाव से वापस लेने का ऐलान किया है एफडब्ल्यूआईसीई ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के बाद आधिकारिक बयान में कहा कि इंडियन मोशन पिक्चर प्रोड्यूसर्स एसोसिएशन के हस्तक्षेप और अपील के बाद यह फैसला लिया गया है। संगठन ने कहा कि फिल्म इंडस्ट्री में एकता, सहयोग और सौहार्द बनाए रखना सबसे जरूरी है। इसी उद्देश्य से मामले को बातचीत और आपसी समझ के जरिए सुलझाने का निर्णय लिया गया।

# 'वेलकम टू द जंगल' ट्रेलर 11 जून को होगा लॉन्च




**मुंबई**। फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' से अक्षय कुमार और दिशा पाटनी के साथ 'ऊंचा लंबा कद फॉरएवर' गाना रिलीज हो गया है। मल्टीस्टारर फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' से अक्षय कुमार और दिशा पाटनी के साथ 'ऊंचा लंबा कद फॉरएवर' गाना रिलीज हो गया है। इस फिल्म में विंदु दारा सिंह भी अहम रोल में नजर आएंगे। उन्होंने एक खास

❍ **मजनू, उदय नहीं लेकिन फिल्म में कई नए सरप्राइज**

बातचीत में इस फिल्म को लेकर रोचक जानकारियां साझा करते हुए बताया कि 'यह सिर्फ एक फिल्म नहीं, बल्कि भारतीय सिनेमा का महाकुंभ है। पिछले कई दशकों में शायद ही कोई ऐसी फिल्म बनी हो, जिसमें इतने बड़े कलाकार एक साथ नजर आए हों। सेट पर कई बार उन्हें खुद यकीन नहीं होता था कि इतने सारे नामी कलाकार एक ही प्रोजेक्ट का हिस्सा हैं। मेरा मानना है कि फिल्म का स्केल, कलाकारों की संख्या और इसकी प्रस्तुति दर्शकों को चौंकाने वाली है। विंदु ने फिल्म की तुलना पुराने दौर की मल्टीस्टारर फिल्मों से करते हुए कहा कि ह्यमुझे राजकुमार कोहली की 'जानी दुश्मन' याद आती है, जिसमें उस समय के कई बड़े सितारे एक साथ नजर आए थे। हालांकि आज के दौर में एक फिल्म के लिए इतने बड़े कलाकारों को एक साथ लाना अपने आप में बड़ी उपलब्धि है। इतनी बड़ी स्टारकास्ट को एक साथ मैनेज करना आसान नहीं था। विंदु बताते हैं कि 'शूटिंग शुरू होने से पहले कलाकारों के बीच भी यह चर्चा होती थी कि निर्देशक अहमद खान इतने बड़े सेटअप को कैसे संभालेंगे।

शुरूआत में सभी के मन में थोड़ी आशंका थी, लेकिन जैसे-जैसे शूटिंग आगे बढ़ी, पूरी टीम को अहमद खान की कार्यशैली पर भरोसा हो गया। फिल्म की कहानी को लेकर विंदु ने साफ किया कि ह्यदर्शकों को 'वेलकम' और 'वेलकम बैक' की कहानी दिमाग से निकालकर थिएटर जाना होगा। यह फ्रेंचाइज का तीसरा भाग जरूर है, लेकिन इसकी कहानी पूरी तरह नई है। उन्होंने कहा कि फिल्म का डीएनए वही पुराना 'वेलकम' वाला रहेगा, लेकिन प्रस्तुति और पैमाना पहले से कहीं ज्यादा बड़ा है। अक्षय पूरी तरह फ्रंट फुट पर नजर आएंगे। इस बार एक्शन और कॉमेडी दोनों है।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com